आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 115, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 18

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 17


# गोंडा में रेल हादसा, 3 की मौत, 34 घायल

## चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** घायलों में 11 की हालत गंभीर



मनकापुर-गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।

### डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में तीन यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

"हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है। - **पंकज कुमार सिंह,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



- **सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर**

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।



### एक नजर

#### घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादी किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है।

#### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

#### बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम सिंह के एक सदस्य को अमृतसर से गिरफ्तार किया है।

## युवती की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का था मामला**

**अमृत विचार :** देहात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में प्रेमी ने प्रेमिका के घर पहुंच कर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी ने अपने घर पर पहुंचकर खुद को भी गोली मारकर उड़ा लिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। अमरोहा और कांठ पुलिस ने युवती व छात्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव शाहिदपुर उर्फ सादपुर में किसान रूप सिंह का परिवार रहता है। उनकी पुत्री प्रीति (20) ने बीए करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह चार भाई बहनों में मझली थी। उधर, कांठ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी तेजपाल सिंह का पुत्र आयुष उर्फ चाहत मुरादाबाद के एक कॉलेज से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, प्रीति और आयुष उर्फ चाहत एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, जबकि प्रीति के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह कर तय दिया था। गुरुवार शाम छह बजे आयुष उर्फ चाहत ने प्रीति को गांव से बाहर बुला लिया। यहां गांव से खेत पर जाने वाले रास्ते के किनारे उसने तमंचे से सिर में गोली मारकर प्रीति की हत्या कर दी। इसके बाद आयुष अपने घेर में पहुंचा और गोली मारकर खुद को भी उड़ा लिया। प्रीति और आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद सीओ अभिषेक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

## विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है और इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले दूसरे लोगों को बेवजह की दिक्कत होती है। इसमें एक बड़ी बात यह है कि ऐसे लोगों को विधिवत ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

# नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

## अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### पेपर लीक मामले में चार मेडिकल छात्र गिरफ्तार, सीबीआई रिमांड पर भेजा

**पटना, एजेंसी।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने एनटीए से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गुरुवार को चार मेडिकल छात्रों समेत पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने इस मामले मे गिरफ्तार किए गए एक बिचौलिए सुरेंद्र कुमार और चार मेडिकल छात्रों चंदन सिंह, सानू, राहुल आनंद और करम जैन को आज विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इन अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। विशेष अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए इन सभी पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

## ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता, गंजडुण्डवारा (कासगंज)

- **पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम, किया हंगामा**

**अमृत विचार:** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे धरना-प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा। अधिकारियों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब लोग शांत हुए। गुरुवार सुबह ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की। गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। माहौल बिगड़ा देख कई थानों की पुलिस बुला ली गई। करीब नौ बजे एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती पहुंचे। उन्होंने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

## हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

**अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)।** मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया।

हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। अन्य झुलसे लोगों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें।



### अगली सुनवाई 27 सितंबर को

उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है।

## अखिलेश बोले-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **अखिलेश यादव ने अंदरूनी कलह के चलते भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर**

**अमृत विचार:** प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है।

इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

### प्रदेश में 2027 में हम अपनी सरकार बनाएंगे

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

# कांवड़ रूट :पुलिस की एडवाइजरी पर सियासी बवाल

## मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान- ठेले -ढाबे वाले अपना नाम जरूर लिखें, विपक्षी दल बिफरे, कहा-सरकार इसे वापस ले

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान पर विपक्षी दलों ने प्रहार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के बहाने ढूंढ़ती रहती है। दरअसल, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले रूट पर पड़ने वाले ठेले ढाबे वालों को अपना नाम लिखने का सुझाव दिया है।

पुलिस की एडवाइजरी में बताया गया कि यात्रा के रूट पर पड़ने वाली दुकानों, ढाबों और ठेलों पर विक्रेता का नाम लिखना जरूरी होगा। इस मामले में एतराज जताने के बाद में पुलिस ने एक और निर्देश जारी कर बताया कि होटल, ढाबों के मालिक अपनी इच्छा से अपना नाम और रेट कार्ड दुकान के बाहर लगा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार रेट और धर्म को लेकर कांवड़ियों में लड़ाई हुई है, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया था। इस एडवायजरी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जद यू नेता केसी त्यागी ने कहा कि दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने के मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।



**क्या है मामला :** मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर हर प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के नाम इस प्रकार से रखे गए, जिससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होकर क़ानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे और खानपान की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिक और काम करने वालों का नाम प्रदर्शित करें। पुलिस का कहना है कि इस आदेश का आशय किसी प्रकार का धार्मिक विभेद ना होकर सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा, आरोप प्रत्यारोप और कानून व्यवस्था की स्थिति को बचाना है।

## एक नजर

### पीट-पीटकर हत्या करने में तीन दोषियों को सजा

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नौरंगपुर निवासी दिनेश कुमार के अनुसार 16 मार्च को उसके भाई चुन्नी लाल टहलने गए थे। घर के पास बुद्धसैन, शीशपाल और रामवीर ने उन्हें पीट दिया था। इलाज को ले जाते समय उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित सक्सेना ने बताया कि बुद्धसैन को सात वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। शीशपाल और रामवीर को एक-एक वर्ष की सजा सुनाई है।

### मंदिर के आसपास सुरक्षा के लिहाज से किए जाए इंतजाम

**रामपुर, अमृत विचार :** ओम नागेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक छेदालाल सक्सेना ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि 22 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। इसलिए मंदिर के आसपास और रास्ते पर सुरक्षा के इंतजाम कराए जाएं।

# जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामले में सुनवाई 23 को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े मामले में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 में आचार सहिता के उल्लंघन का मुकदमा स्वार में दर्ज किया गया था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही थी। पिछली तारीख पर पूर्व सांसद के अधिवक्ता ने धारा करेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर अभियोजन पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि आपत्ति नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब 23 जुलाई को सुनवाई होगी।

### अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में गुरुवार को गवाह ऋषिपाल बरेली से कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम खां के अधिवक्ता ने उनसे जिरह की जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में 24 जुलाई की तारीख लगाई गई है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को गवाह ऋषिपाल कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम के वकील ने उनसे जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो अब 24 जुलाई को सुनवाई होनी है।

## पत्नी, मां व बहन ने छोटे लाल को लगाया गले, परिजन बोले-24 साल के बाद लौटने की नहीं थी उम्मीद

# 24 साल बाद घर लौटा ग्रामीण तो परिवार में छाईं खुशियां

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** घर से निकालने के बाद लापता हुआ ग्रामीण 24 साल बाद घर वापस लौटा तो परिजनों की आंखों में आंसू छलक आए। वापस आने की आस खो चुके ग्रामीण को देखकर हर कोई अचंभित था। वापस आने की खुशी में परिजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मां बोली बेटे के आने की उम्मीद नहीं थी । पत्नी की आंखें भी नम हो गईं थीं।

बहजोई के गांव परतापुर निवासी छोटेलाल 24 वर्ष पहले अपने घर से काम करने के लिए निकला था। काम करने वह ऐसा गया कि वह फिर लौट कर घर नहीं आया। परिजनों ने रिश्तेदारी तथा अन्य



मां व अन्य परिजनों के साथ छोटेलाल। ● अमृत विचार

स्थानों पर बहुत तलाश की लेकिन छोटेलाल का कहीं पता नहीं चला। सालों साल जब छोटेलाल वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके आने की आस तक छोड़ दी थी। अचानक राजस्थान के उदयपुर के अपना घर अनाथ आश्रम से बेटे राजेंद्र पर एक फोन आया कि छोटेलाल अपना घर वृद्ध आश्रम में है। यह फोन सुनकर परिजनों को अचंभा लगा । वह इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे थे। तब अपना घर संचालक ने छोटेलाल का फोटो मोबाइल पर भेजा। फोटो देखकर परिवार के लोगों ने छोटेलाल को पहचान लिया। उदयपुर के अपना घर पहुंचे जहां से छोटेलाल को वापस ले आए।

### मां-बहन की आंखों में छलके आंसू, पत्नी खुशी से झूमी

**बहजोई, अमृत विचार :** राजस्थान उदयपुर के अपना घर से बेटा राजेंद्र जैसे ही घर पर छोटेलाल को लेकर पहुंचा तो मां किशोरी व बहन भगवती की आंखें मारे खुशी के छलक आईं। मां बोली कि उसे तो उम्मीद ही नहीं थी कि उसका बेटा वापस भी आएगा। बहन भगवती बोली कि भाई के लौटने की उसे बहुत खुशी है। रोते-रोते बोली कि इस बार अपने भाई के हाथों में राखी बांध पाएगी। पत्नी ने जैसे ही पति पहुंचा तो उसे गले लगा लिया।

### होटल मालिक ने 24 वर्ष तक बंधुआ मजदूर बनाकर रखा

**बहजोई, अमृत विचार :** काम करने निकले छोटेलाल एक ट्रेन में बैठकर राजस्थान के लिए चले गए थे। जहां पर वह एक होटल मालिक के चंगुल में फंस गए। 24 वर्ष तक केवल रोटी खिलाकर होटल मालिक ने बंधुआ मजदूर बनाकर बिना मजदूरी दिये उससे काम कराया। छोटेलाल पर एक एनजीओ की नजर पड़ गई। उन्होंने छोटेलाल को होटल संचालक के चंगुल से निकाला और वह अपना घर वृद्ध आश्रम पर ले गए। जहां पर 2 महीने बाद पूछताछ करने पर छोटेलाल ने अपना गांव नाम बताया तब कहीं जाकर उन्होंने परिजनों को बुलाया।

# आज से बदले मार्गों पर चलेंगे बड़े वाहन

## राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर 19 अगस्त तक जारी रहेगा रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सावन में कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर शुक्रवार से राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर भारी वाहनों को बदले हुए मार्गों पर चलाने के निर्देश दिए हैं। आज से बड़े वाहनों को बदले मार्गों से गुजारा जाएगा।

22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। शुक्रवार से शिवभक्त जल लेने के लिए बृजघाट और हरिद्वार रवाना होंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बड़े वाहनों का प्रवेश जिले में वर्जित कर दिया जाएगा। जबकि रविवार रात से छोटे वाहनों पर भी पाबंदी लगाई जाएगी। ड्रोन कैमरे से कांवड़ियों की निगरानी की जाएगी। यह व्यवस्था 19 अगस्त तक जारी रहेगी। रूट डायवर्ज इस प्रकार होगा, शाहजहांपुर से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन को कटरा जलालपुर, बदायूं बबराला से नरोला, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। बरेली से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को शाहबाद-बिलारी, चंदौसी, नारोला, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली चलाया जाएगा। रामपुर से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को शाहाबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला होकर भेजा जाएगा। मुरादाबाद से मेरठ जाने वाले भारी वाहनों को टीएमयू के पास अगवानपुर बाईपास, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर, मीरापुर-मवाना होते हुए मेरठ भेजा जाएगा। चांदपुर से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को बिजनौर, जलीलपुर, हस्तिनापुर, मवाना, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। अमरोहा से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शिवाला कलां, नूरपुर बिजनौर, मेरठ, मवाना, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा, जबकि मंडी धनौरा से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को चांदपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। दिल्ली गाजियाबाद से बरेली लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों को लाल कुआं से दादरी, बुलंदशहर, डिबाई, नरोला, गुन्नौर, बदायूं होकर चलाया जाएगा। हापुड़ व मेरठ से गढ़ के बीच से रामपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गढ़, चौपला से रूट डायवर्ट कर बुलंदशहर, डिबाई, नरोला, बबराला, बहजोई, चंदौसी, बिलारी, शाहबाद होते हुए रामपुर भेजा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हल्के वाहनों को भी रूट बदल कर चलाया जाएगा।

### यह व्यवस्था रहेगी प्रभावी

- 22 जुलाई से पहले सोमवार को 21 जुलाई की दोपहर 12 से रात्रि आठ बजे तक यातायात बंद रहेगा। एक लेन पर सिर्फ कांवड़िये ही चलेंगे।
- 29 जुलाई को दूसरा सोमवार होने पर 28 जुलाई की दोपहर 12 से 29 जुलाई की रात आठ बजे तक यातायात बंद रखा जाएगा।
- दो अगस्त महाशिवरात्रि पर एक अगस्त की दोपहर 12 से आठ तक यातायात बंद रहेगा।
- पांच अगस्त को तीसरा सोमवार है, इसलिए चार अगस्त को 12 से रात आठ बजे तक यातायात बंद रहेगा।
- 12 अगस्त कोचौथे सोमवार है। इसलिए 11 अगस्त को 12 बजे से रात्रि आठ बजे तक
- 19 अगस्त को पांचवां सोमवार होने पर 18 अगस्त की दोपहर 12 से 19 अगस्त की रात 8 बजे तक

> कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारी कर ली गई है। जिले को आठ जोन व 12 सेक्टर में बांटा गया है। मार्गों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।
>
> -कुंवर अनुपम सिंह, एसपी

### बाइकों की भिडंत में दो सिपाही व मां-बेटा घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर मझावली चौराहा के पहले दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें दो सिपाही व मां-बेटा घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। यहां से चारों को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर बनियाठेर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। देर शाम तक घटना की तहरीर नहीं दी गई है।

गुरुवार की दोपहर बदायूं के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी रनवीर अपनी मां शकुंतला देवी के साथ बहजोई थाना क्षेत्र के गांव टिकटा की मढ़ैया स्थित ननिहाल जा रहा था। आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर मझावली चौराहा के पास स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इसमें मां-बेटा तथा दूसरी बाइक पर सवार राजीव व करनवर घायल हो गए। दोनों युवक बहजोई पुलिस लाइन में कांस्टेबिल हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर बनियाठेर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। देर शाम तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई है।

# मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी भी की। जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह रावत ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा खुलेआम हिन्दुओं के गरीब व कमजोर तबके के लोगों बहला-फुसलाया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिखाकर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने का ऐलान कर देता है। जो जघन्य अपराध है।

विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा के आह्वान पर आंबेडकर पार्क चौराहे पर मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंका। विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा पर कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश में पुतला दहन एवं मशाल जुलूस निकालकर आंदोलन किए जाएंगे।

इस अवसर पर देवकी नंदन यदुवंशी, मास्टर रोशन लाल, सत्य प्रकाश, जसविन्दर सिंह, धर्मपाल, दिनेश कुमार, उदल सिंह, आदित्य प्रकाश, नीरज गर्ग, अजय अग्रवाल, संतोष कुमार, पप्पू सिंह, महेंद्र सिंह, सल्वेन्द्र विराट, अनिल सैनी, राकेश शर्मा, अंकुश रावत, पूनम खेड़ा, पुष्पा सिंह रावत, हरीश कुमार, जमुना प्रसाद, चम्पा देवी, ठाकुरदास, पप्पू, प्रताप सिंह, बबलू, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



मौलाना तौकीर रजा का पुतला फूंकते विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी।

- मौलाना तौकीर रजा पर कड़ी कार्रवाई करने की उठाई मांग

### जहरीले कीड़े के काटने से गई मधुकर गांव निवासी नन्हें की जान

**शाहबाद, अमृत विचार :** जहरीले कीड़े के काटने को नजर अंदाज करना युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। सुबह उसकी हालत बिगड़ गई। नाजुक हालत में परिजन उसे मुरादाबाद ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। चर्चा सर्पदंश से मौत की हो रही है। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी नन्हें (30) कमरे में सो रहा था। उसे कान के नीचे किसी कीड़े के काटने जैसा महसूस हुआ। उसने पत्नी को कीड़े के काटने की बात बताई, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया और दोनों सो गए। हालत बिगड़ने पर दोपहर में पत्नी उसे सीएचसी ले गई। चिकित्सकों ने उसे रामपुर रेफर कर दिया। पत्नी नन्हें को पहले रामपुर और फिर मुरादाबाद ले गई, जहां उसकी मौत हो गई।



एसडीएम कोर्ट में पेश होने जातीं पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा।

# पूर्व सांसद ने दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हस सफर रिसॉर्ट से जुड़े मामले में पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 30 जुलाई को सुनवाई होगी।

समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने बेनजीर के पास हम सफर रिसॉर्ट का निर्माण कराया था। यह पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के नाम है। सपा सरकार जाने के बाद आई भाजपा सरकार में आजम खां और उनके परिवार के खिलाफ कई मामले दर्ज कराए थे। हम सफर रिसॉर्ट बनाने के दौरान सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप भी लगा था। नौ जुलाई को प्रशासन ने इसे कब्जा मुक्त करा लिया था। सरकारी जमीन का कुछ हिस्सा अभी भी रिसॉर्ट में शामिल है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय तिवारी ने बताया कि इसी के चलते गुरुवार को पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा ने एसडीएम कोर्ट में पेश होकर बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 30 जुलाई को सुनवाई होगी।

### तालाब में उतरे करंट से पांच पशुओं की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** जंगल में बने तालाब में अचानक हाईटेंशन लाइन से करंट उतर आया। इसकी चपेट में आकर तालाब में पानी पी रहे पांच पशुओं की मौत हो गई।

गांव भोजपुर के कल्याण सिंह की बेटी रोशनी गुरुवार को दोपहर पांच भैंसों को चराने के लिए जंगल में गई थी। पशुओं को चराते हुए वह थाना क्षेत्र के गांव नाधौस के जंगल में जा पहुंची। जहां पर एक तालाब था। वहां पर पशु पानी पीने लगे। इसी दौरान तालाब में हाईटेंशन लाइन का करंट दौड़ने लगा तो पशु करंट की चपेट में आ गए। किशोरी पशुओं को तड़पता देख किनारे से दूर भाग गई। पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

मौके पर प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार यादव भी पहुंचे। जिन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की और घटना की सूचना मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दी।

# कांवड़ लाने की तैयारियों में जुटे शाहबाद के शिवभक्त

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** 22 जुलाई से सावन शुरू हो रहे हैं। शिव मंदिरों में इसकी तैयारी होने लगी हैं। शिवभक्तों ने भी कांवड़ लाने की तैयारियां शुरू कर दी है। डाक कांवड़ वालों ने जत्थे में जाने वाले श्रद्धालुओं से संपर्क करना शुरू कर दिया है।

बैकुंठी कांवड़ लाने वाले भी सोमवार से कांवड़ लाने के लिए रवाना होने लगेंगे। कांवड़ को लेकर लक्खी बाग शिव मंदिर में तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार हैं। प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

लक्खी बाग मंदिर के महंत ने बताया कि सावन में मंदिर को विशेष तरीके से सजाया जाएगा। मंदिरों के चारों ओर झालर आदि लगाई जाएंगी। इस दौरान मंदिर व असपास के रास्तों की सफाई भी व्यापक स्तर से की जा रही है। मंदिर परिसर में भगवन शिव की विशेष स्तुति और कीर्तन होंगे। सावन में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व रहता है।



हाईवे किनारे सजे भगवा ध्वज। ● अमृत विचार

### हाईवे के किनारे सजने लगीं दुकानें

सावन के पहले सोमवार को लेकर सभी सक्रिय हो गए हैं। कुछ लोग कांवड़ लाने की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों ने हाईवे किनारे भगवा रंग के कपड़े बेचने की दुकानें लगानी शुरू कर दी हैं। मंदिरों में साफ-सफाई का काम चल रहा है। अधिकारी भी मंदिरों का निरीक्षण कर रहे हैं।



> हर साल कांवड़ लेने जाते हैं। सुंदर कांवड़ से मन प्रफुल्लित रहता है। गंगाजल लेकर भगवान भोलेनाथ का हर साल जलाभिषेक करें, यही कामना है। कांवड़ की तैयारी शुरू कर दी हैं। - रोहित कुमार (राम)



> हर साल डाक कांवड़ लेकर आते हैं। इस सावन के दूसरे सोमवार से पहले जत्था रवाना होगा। इसके लिए सबसे संपर्क शुरू कर दिया गया है। सोमवार को भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। - अमित चंद्रवंशी



> सावन के स्वागत को उत्साहित हैं। कांवड़ बननी शुरू हो गई है। शिवालयों में भी तैयारियां चल रही हैं। शुभ मुहूर्त में कांवड़ लेने रवाना होंगे। - सुशील बाबू

### इन तिथियों में पड़ेंगे सावन के पांच सोमवार

| | |
|---|---|
| पहला सोमवार व्रत | 22 जुलाई |
| दूसरा सोमवार व्रत | 29 जुलाई |
| तीसरा सोमवार व्रत | 05 अगस्त |
| चौथा सोमवार व्रत | 12 अगस्त |
| पांचवा सोमवार व्रत | 19 अगस्त |

बातचीत — कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा-साधु संतों को राजनैतिक विषयों से बचना चाहिए, हमारा विषय धर्म है

# सनातन के रक्षकों का सनातन पर कटाक्ष चिंताजनक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि आज जो सनातन के रक्षक हैं वास्तव में वही सनातन विरोधी हैं। वही लोग सनातन के प्रति कटाक्ष कर रहे हैं।

कल्कि धाम ऐंचोड़ा कंबोह पहुंचे कैलाशानंद गिरी महाराज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसे लोगों से हम बात करें कि आप ऐसी कोई बात न करें जिससे सनातन के जो अनुयाई हैं उनके दिलों में ठेस पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि साधु संतों को राजनैतिक विषयों से बचना चाहिए। हमारा विषय धर्म है राजनीति नहीं है। कांवड़ यात्रा मार्ग के होटल ढाबों पर मालिक व कर्मचारियों के नाम लिखने का प्रदेश सरकार के फैसले को लेकर कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य। इसमें भला बुराई ही क्या है। अभी विदेश में खाने में जहरीला पदार्थ देने से कई पर्यटकों की मृत्यु हो गई। हमारे कई साधु संतों की हत्या जहर देकर की गई। ऐसे में दुकानदार का परिचय ग्राहक को पता हो तो इसमें कोई बुराई नहीं।



कल्कि धाम परिसर का भ्रमण करते आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज। ● अमृत विचार

### जल्द होगा भव्य कल्कि धाम का निर्माण

**संभल, अमृत विचार :** आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज गुरुवार शाम को ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम पहुंचे तो आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य कल्कि भक्तों ने उनका स्वागत किया। वह कल्कि धाम के गर्भ गृह पर पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजित शिलाएं रखी हैं। वहां पूजन व परिक्रमा के बाद कल्कि धाम निर्माण को लेकर हुई बैठक में शामिल हुए। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने धाम निर्माण की योजना के बारे में उन्हें बताया। तय समय सीमा में भव्य कल्कि धाम निर्माण का संकल्प भी लिया। इस दौरान संजय सांख्यधर, भाजपा नेता ओमवीर सिंह खड़गवंशी आदि मौजूद रहे।

# मलेशिया में खेलेगा हसनपुर का युवा क्रिकेटर, परिजन खुश

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** नगर के एक क्रिकेटर का नाम मलेशिया में चमकेगा। टी-20 मैच ग्लोबल स्टार के खिलाफ खेला जाएगा। फेसबुक पर मैच लाइव चलेगा।

नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी 26 वर्षीय मोसिफ खान काफी समय से विदेश में रह रहे हैं। मोसिफ को क्रिकेट खेलने का जुनून है। इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे थे। अब उनकी मेहनत और रंग लाई है। मलेशिया में आठ टीमों के बीच टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मोसिफ खान मलेशिया क्रिकेट की टीम की ओर से खेलेंगे। शुक्रवार को फेसबुक पर मैच का लाइव देखा जा सकता है। टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आठ टीमें प्रतिभा करेंगी। इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, हॉलैंड, मलेशिया आदि टीमें शामिल होंगी। मोसिफ खान का मलेशिया की टीम में चयन होने से जहां उनके रिश्तेदारों समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है वहीं लोग प्रार्थना कर रहे हैं कि वह मैच में अच्छा प्रदर्शन करें।

मोसिफ खान ने फोन पर बताया कि वह मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए लगातार तैयारी कर रहे हैं।



क्रिकेटर मोसिफ खान।

### अवैध भूखंडीय विकास कार्यों पर तत्काल रोक लगाएं : जोगिन्दर

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण विकास क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर विकास प्राधिकरण से अनुज्ञा प्राप्त किए बिना भूखंडीय विकास का कोई भी कार्य न किया जाए। कहा कि अवैध भूखंडीय विकास कार्यों पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृति के बाद ही आंतरिक विकास के कार्य एवं भूमि का क्रय-विक्रय किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि नियमानुसार सड़क चौड़ाई एवं पार्क प्रस्तावित करते हुए प्रस्ताव स्वीकृति के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाना तय करें। प्राधिकरण कार्यालय के बाहर एवं जनपद के अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय यथा-तहसील, कलेक्ट्रेट, विकास भवन में महायोजना मानचित्र जनसामान्य के लिए लगाएं। बाग को कृषि भू-उपयोग के सापेक्ष रखा गया है। बाग की भूमि भूखंडीय विकास के लिए क्रय न की जाए। इन स्थलों पर प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार भूखण्डीय विकास की स्वीकृति प्रदान किया जाना संभव नहीं है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर विनियमित क्षेत्र, प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत तलपट मानचित्रों की सूची अपलोड की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, विशेष कार्याधिकारी विकास वर्मा, सहायक अभियन्ता रामकिशन सारस्वत, अवर अभियंता जगदीश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
• 12A Registration
• 80G Registration
• Website for Ngo
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• LLP Company Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 33.0° | 28.0° |
| सूर्योदय 05:28 | सूर्यास्त 07:14 |

## एक नजर

### बुद्धि विहार, नया मुरादाबाद में चार घंटे बिजली बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुद्धि विहार फेज वन और टू में बारिश शुरू होते ही फाल्ट के चलते बिजली गुल हो गई। वहीं, शाम को बुद्धि विहार फेज वन के सेक्टर तीन में पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया। जिससे बिजली आपूर्ति ठप रही। दूसरी ओर नया मुरादाबाद में मेन लाइन में फाल्ट होने से चार से पांच घंटे बिजली ठप होने से लोगों को परेशानी हुई। स्थानीय निवासी अशोक कुमार ने बताया कि गुरुवार को बुद्धि विहार फेस टू में बारिश शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। चार घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने इनर्वटर भी डाउन हो गए। शाम को कुछ समय के लिए बिजली आई लेकिन इसके बाद बिजली आती जाती रही।

# तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आने से किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम

## दोपहर में दोस्तों के साथ घर से नहाने के लिए निकला था आदित्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में बारिश में नहाने गया किशोर सोनकपुर ब्रिज के निकट तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गया। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी केके वर्मा के मुताबिक, हरथला कांशीराम निवासी आदित्य उर्फ वैभव (16) पुत्र कुंवरपाल सिंह गुरुवार दोपहर बारिश में अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए निकला था। बारिश रुकने पर वह वापस अपने घर लौट रहा था तभी सोनकपुर ब्रिज के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गया। आनन-फानन में आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां रेखा और छोटी बहन वैष्णवी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। परिवार में अब मां-बाप और छोटी बहन बची है। कुंवरपाल ने बताया है कि वह एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करते हैं। मां रेखा पाकबड़ा थाना क्षेत्र में निजी स्कूल में टीचर हैं। वह स्कूल गई हुई थी, छोटी बेटी वैष्णवी स्कूल ये वापस घर लौटी थी। जहां बेटी को आदित्य घर पर नहीं मिला। वैष्णवी ने इधर-उधर पूछताछ की, पड़ोस के लोगों ने बताया कि दोस्तों के साथ बारिश में नहाने के लिए गया है। कुछ देर बाद घर आकर दोस्तों ने बताया है आदित्य को डीसीएम ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही परिजन घर से निकल गए। थाना प्रभारी के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जिला अस्पताल में रोते बिलखते आदित्य के परिजन। • अमृत विचार

### भइया...किसकी कलाई पर बांधूंगी राखी

पिता कुंवरपाल सिंह ने बताया है कि आदित्य ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। उसने चार दिन पहले ही आईटीआई में फॉर्म डाला था। नम आंखों से पिता बोले डीसीएम ने मेरे घर का इकलौता चिराग बुझा दिया। वहीं बहन वैष्णवी भी बिलखती हुई बोली भइया...अब मैं किसकी कलाई पर राखी बांधूगी?

## पीडब्ल्यूडी के पेड़ों की नीलामी के दौरान हंगामा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग सभागार में पेड़ों की नीलामी को लेकर दो पक्षों में बोली लगाने के दौरान विवाद हो गया। जिससे सभागार के बाहर लगभग कई घंटे तक हंगामा होता रहा। जबकि विभागीय अधिकारी अपने कक्ष में ही बैठ रहे। ऐसे में पेड़ों की नीलामी को हंगामे की स्थिति बनी रही।

गुरुवार को पीतल नगरी में मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के 67 पेड़ों की नीलामी विभागीय सभागार में हुई। पेड़ों की नीलामी के लिए सरकारी बोली 80 हजार रुपये लगाई गई। जिसमें जिले के कई लकड़ी व्यापारी भी शामिल हुए। पेड़ों के नीलामी में कार्रवाई विभागीय अधिकारियों की निगरानी में चल रही थी। सभी लकड़ी व्यापारी पेड़ों की बोली लगा रहे थे। तभी दो पक्षों में बोली लगाने को लेकर आपस में बहस हो गई। बात बढ़ते बढ़ते गाली गलौज पर आ गई। दोनों पक्ष सभागार के बाहर आ गए और कई घंटे तक विवाद चलता रहा। ऐसे में विभाग के आला अधिकारी अपने कक्ष में बैठे रहे। घंटों चले विवाद के बाद नीलामी की कार्रवाई पूरी हो पाई।

## पीलीभीत में हुई मैनाठेर के ट्रक चालक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार:** पीलीभीत में हुए सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मृतक साजिद। (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर हमीर निवासी साजिद उम्र 35 वर्ष पुत्र जब्बार बुधवार को ट्रक लेकर गाजियाबाद से बिहार जा रहा था। पता चला है कि जिला पीलीभीत में थाना गजरौला क्षेत्र पर माला मोड़ के समीप नींद की झपकी आने के कारण उसकी ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक पलट गया और वह घायल हो गया। जब तक उसे ट्रक से निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई थी। सड़क हादसे में साजिद की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पीलीभीत के थाना गजरौला पुलिस ने मृतक के तहेरे भाई दाऊद पुत्र भूरे निवासी रसूलपुर हमीर की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताया जाता है कि मृतक परिवार में दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई हाफिज जाशिद, मां नूर ए शमा, पत्नी रहमत जहां और दो बेटों शोएब रजा और उबेद रजा सहित समस्त परिवार का बुरा हाल है। गुरुवार शाम को साजिद का शव गांव में उसके घर पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। देर शाम शव को गांव के ही कब्रिस्तान में दफनाया गया।



हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्राली।

# चंडीगढ़ एक्स. हादसा : सप्तक्रांति एवं अवध असम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के रूट बदले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में गोंडा जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। इससे कई गाड़ियों के संचालन पर व्यवधान उत्पन्न हो गया है। सप्तक्रांति व अवध असम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशन के मध्य डाउन लाइन पर गाड़ी (15904) चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसे का शिकार हुई है। जिसके फलस्वरूप दुर्घटना स्थल पर राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। रेल यात्रियों की मदद एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे ने हेल्प लाइन नंबर जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद मंडल से होकर जाने वाली गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर चलाया जा रहा है।

### इन ट्रेनों के बदले गए रूट

☞ 12557 (मुजफ्फरपुर–आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस) परिवर्तित मार्ग मनकापुर–अयोध्या कैंट – बाराबंकी मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 15273 (रक्सौल –आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस) परिवर्तित मार्ग बढ़नी– गोंडा मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 13019 (हावड़ा –काठगोदाम एक्सप्रेस) परिवर्तित मार्ग बढ़नी– गोंडा मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 14673 (जयनगर –अमृतसर एक्सप्रेस) परिवर्तित मार्ग मनकापुर– अयोध्या कैंट–बाराबंकी मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 15653 (गुवाहटी–श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस) का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर–अयोध्या–बाराबंकी मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 15057 (गुवाहटी– आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस) का मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर–अयोध्या–बाराबंकी मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

☞ 15652 (जम्मूतवी– गुवाहटी एक्सप्रेस) का मार्ग परिवर्तन कर बाराबंकी– अयोध्या कैंट– मनकापुर मार्ग द्वारा संचालित किया जायेगा।

### रेलवे ने जारी किए हेल्प लाइन नंबर

| | |
|---|---|
| मुरादाबाद कंट्रोल रूम | 7817009002 |
| गोंडा | 8957400965 |
| लखनऊ | 8957409292 |
| सीवान | 9026624251 |
| छपरा | 8303979217 |
| उत्तर रेलवे | 9794838236 |



# दिल्ली रोड पर रूट डायवर्ट, कांवड़ पथ पर बंद रहेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा को लेकर शुक्रवार से सोमवार शाम तक मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर भारी वाहन और रोडवेज की बसें पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगी। सिर्फ छोटे वाहनों की आवाजाही होगी। शुक्रवार सुबह 10 बजे से रूट डायवर्जन लागू होगा। इस दौरान रोडवेज बसें भी बंद रहेंगी। जबकि दिल्ली से मुरादाबाद वाले लेन में केवल कांवड़िये और उनके वाहन ही आ जा सकेंगे। मार्गों में बदलाव का सिलसिला अस्थायी रूप से 19 अगस्त शाम तक चलेगा।

एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। इस अवधि में श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर यह कदम उठाया गया है।

श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कांवड़ियों के लिए सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए हैं। उन्होंने बताया है कि शुक्रवार सुबह 10 बजे से 22 जुलाई की शाम चार बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। वहीं दूसरे सोमवार के लिए 26 से 29 जुलाई तक तथा तीसरे सोमवार के लिए 30 से पांच अगस्त तक रूट डायवर्ट रहेगा। इसी तरह से चौथे सोमवार को जलाभिषेक के लिए 9 से 12 अगस्त तक तथा इसके बाद पांचवे और अंतिम सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए 16 से 19 अगस्त तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। कांवड़ पथ पर सभी तरह के भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।



दिल्ली रोड पर कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था देखते यातायात पुलिसकर्मी।

### बिजनौर-हरिद्वार जाने वाले वाहनों का मार्ग बदला

मुरादाबाद से बिजनौर और हरिद्वार जाने वाली रोडवेज की बसें अस्थायी बस स्टैंड से चलेंगी। इसके लिए प्रेम वंडरलैंड फ्लाईओवर के नीचे अस्थायी बस स्टैंड बनाया गया है। यहीं से ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, अफजलगढ़, शेरकोट धामपुर होते हुए वाहन बिजनौर, हरिद्वार की और जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे

- **कांठ रोड पर भी चार दिन तक नहीं जा सकेंगे भारी वाहन**
- **बृजघाट व हरिद्वार से गंगा जल लेने रवाना होंगे कांवड़ियों के जत्थे**

### विभिन्न मार्गों पर ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

☞ शहर से बिजनौर, हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें अस्थायी बस स्टैण्ड (प्रेम वण्डर लैण्ड फ्लाईओवर के नीचे) थाना कटघर से जांएगी।

☞ शहर से बिजनौर जाने वाले हल्के वाहन टीएमयू बाईपास से होकर गुजरेंगे।

☞ शहर से बिजनौर / हरिद्वार/ मुजफ्फरनगर को जाने व आने वाले भारी वाहन मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, धामपुर, बिजनौर से जाएंगे।

☞ बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन (रोडवेज बसें / बसें / ट्रक आदि) वाया मिलक होते हुए दिल्ली जाएंगे।

☞ रामपुर से शहर की ओर आने वाले भारी वाहन वाया–शाहबाद, बिलारी होकर अस्थायी बस स्टैण्ड आजाद नगर कटघर पर रुकेंगे।

☞ शहर से दिल्ली एवं मेरठ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें अस्थायी बस स्टैण्ड आजाद नगर कटघर से बिलारी, शिकारपुर, बुलन्दशहर से होकर दिल्ली–मेरठ के लिए रवाना होंगी।

☞ अमरोहा से रामपुर/बरेली की ओर जाने वाले भारी वाहन कैलसा, बागड़पुर, डींगरपुर तिराहा पाकबड़ा से डींगरपुर, कुन्दरकी, बिलारी, शाहबाद होकर रामपुर जाएंगे।

☞ बिजनौर रोड से बरेली/ रामपुर जाने वाले हल्के वाहन कोठीवाल डेन्टल कॉलेज कट से ठाकुरद्वारा बाईपास होकर भोजपुर तिराहा होते हुए रामपुर / बरेली जाएंगे। कांवड़ियों की संख्या एवं मार्ग की व्यस्तता के दृष्टिगत बिजनौर की तरफ से आने वाला हल्का वाहन अगवानपुर बाईपास से टीएमयू की तरफ से हाईवे से होकर रामपुर–बरेली की तरफ पास कराया जा सकता है।

☞ छजलैट से कांठ–स्योहारा मार्ग पर भारी एवं हल्के वाहनों का संचालन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

> 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर शुक्रवार सुबह से मार्गों में बदलाव किया गया है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर यातायात सुरक्षा–व्यवस्था कड़ी की गई है। अस्थायी रूप से यह सिलसिला 19 अगस्त की शाम तक चलेगा। आवश्यकता पर मार्गों में बदलाव किया जा सकता है। **–सुभाष चंद्र गंगवार,** एसपी यातायात

**सराहनीय** घर, फैक्ट्री, खेत व सार्वजनिक स्थलों से सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ते हैं मोहम्मद अजीम

# पांच हजार से अधिक सांपों को दिया नया जीवन

खुशवंत चौधरी, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बरसात के मौसम में अक्सर सांप अपने बिल से निकलकर घरों, खेतों व फैक्ट्रियों में घुस जाते हैं। ऐसे में अधिकांश लोग इन सांपों से डरकर इन्हें भगाने के बजाय मार देते हैं। जिससे एक सांप बिना कोई गलती किए अपनी जान गवां देता है, तो कुछ सांप इंसानों को काट लेते हैं। जिससे कुछ लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। लेकिन, महानगर में एक इंसान ऐसा भी है। जो अब तक ऐसे पांच हजार से अधिक सांपों को नया जीवन दे चुका है। वह अपने साहस से ऐसे सांपों को बीते 10 सालों से पकड़कर जंगल में छोड़कर उन्हें नया जीवन दे रहा है।

मझोला थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद अजीम फैक्ट्री में वाटर ट्रीटमेंट का काम करते हैं। परिवार में पत्नी निशा और तीन बेटियां हैं। अजीम के चाचा बहुत पहले सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ा करते थे। फिर यहीं काम उनके भाई मोहम्मद शमी करने लगे। आज से करीब 10 साल पहले अजीम को भी सांपों को नया जीवन देना बहुत पसंद आया। उन्होंने अपने भाई से सांपों को पकड़ना सीखा। इसके बाद भाई शमी का कारोबार बढ़ गया और वह दूसरे कार्यों में व्यस्त हो गए। इसके बाद अजीम ने सांपों को बचाना अपने जीवन का ध्येय बना लिया। लेकिन, पत्नी और बेटियों की जिम्मेदारी और घर चलाने में मुश्किल होने लगी। तभी उन्होंने फैक्ट्री में काम करना शुरू कर दिया। लेकिन, सांपों को पकड़ना नहीं छोड़ा। जब भी उनके पास किसी का फोन आता है तो वह तुरंत वहां पहुंचकर सांप को नया जीवन देते हैं। मोहम्मद अजीम ने बताया कि अक्सर लोगों के घरों में सांप निकल जाते हैं, तो वह उन्हें मार देते हैं। लेकिन, मैं निशुल्क उन्हें घरों से निकाल कर जंगल में छोड़ आता हूं। अब तक अजीम 10 सालों में पांच हजार से अधिक सांपों को नया जीवन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही वह लोगों को जागरूक करते हैं। कि अगर कभी भी कोई सांप काटे तो सीधे अस्पताल पहुंचे। कभी भी किसी के बहकावे में न आएं। झाड़ फूंक से इलाज की बजाए सरकारी अस्पताल में जाकर एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगवाएं। क्योंकि अस्पताल जाने पर चिकित्सक आपका बेहतर उपचार करेंगे। लेकिन, अगर आप किसी झाड़-फूंक वाले के चक्कर में पड़ते हैं तो अपनी जान गवां देंगे। अजीम बीते 10 वर्षों से यह काम निशुल्क कर रहे हैं।



सांप को काबू करने का प्रयास करते अजीम।

## प्रेमी के साथ युवती फरार एक के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। युवती की मां ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। अपहरण में मामला दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र की निवासी युवती की मां ने तहरीर में बताया कि अमरोहा के जोया निवासी जितेंद्र चौधरी 2 जुलाई को उनकी बेटी को भगाकर ले गया है। दोनों को एक साथ जाते हुए पड़ोस के लोगों ने देखा था। पीड़िता ने जिसकी शिकायत कटघर थाने में की थी। उस समय पुलिस ने कार्रवाई से इन्कार कर दिया था। उन्होंने बताया कि जितेंद्र का उनके घर आना जाना था। आरोप है कि जितेंद्र उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# कारोबारी का हत्यारोपी तांत्रिक गिरफ्तार

**अनिल हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पीतल कारोबारी की हत्या का मास्टरमाइंड व कारोबारी की पत्नी के प्रेमी तांत्रिक कन्हैया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने मिलकर अनिल को रास्ते से हटाने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। घटना में एक आरोपी की भी मौत हुई थी। वहीं पुलिस ने बुधवार को मोहित व तन्नू चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपियों ने अनिल पर सोते समय चाकुओं से 15 वार किए थे।

कटघर थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी पीतल कारोबारी अनिल चौधरी की 13 जुलाई की रात एक बजे पत्नी तन्नू चौधरी, मास्टरमाइंड कन्हैया, मोहित और आमोद ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना में आमोद घायल हुआ था, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को घटना में शामिल मोहित और कारोबारी की पत्नी तन्नू चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गुरुवार को घटना के मास्टरमाइंड तांत्रिक कन्हैया को भी पुलिस ने गुलाबाड़ी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी मोहित ने बताया था कि वह और कन्हैया दोनों मिलकर आमोद के मकान में किराये पर रहते थे। कन्हैया हर शनिवार को बालाजी का दरबार लगाता था। आरोपी ने बताया था कि कन्हैया के दरबार में उसकी मुलाकात तन्नू चौधरी से हुई थी। तन्नू की दो बेटियां हैं, वह बेटे की चाहत में कन्हैया के दरबार में जाया करती थी। छह माह पूर्व दोनों संपर्क में आए थे। इसके बाद दोनों की जनदीकियां प्रेम संबंधों में बदल गईं। 13 जुलाई को दरबार संपन्न होने के बाद कन्हैया ने अनिल को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाई थी। तन्नू को कन्हैया ने अनिल के खाने में मिलाने के लिए नशे का कैप्सूल दिया था। खाना खाकर अनिल सो गए तो तन्नू ने हत्यारोपियों को बुला लिया। घर का दरवाजा भी खुला छोड़ दिया था। बाइक पर सवार होकर तीनों अनिल के घर पहुंचे। कन्हैया निगरानी के लिए बाहर खड़ा रहा। आमोद और मोहित ने 15 वार चाकुओं से वार किया था। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई थी।



पुलिस गिरफ्त में तांत्रिक कन्हैया।

## शहर में आज



☞अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में मंगल पांडे की जयंती पर कार्मक्रम शाम 5 :00 बजे।

☞ब्यूटीफुल लेडीज क्लब की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर पुलिस मार्डन स्कूल में सुबह 9 :30 बजे।

## एक नजर

### 15 अगस्त को मुरादाबाद आएंगे डॉ. तोगड़िया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया 15 अगस्त को मुरादाबाद आएंगे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि वह राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा दिलाएंगे। कार्यकर्ता डॉ. तोगड़िया के नेतृत्व में अखंड भारत यात्रा भी निकालेंगे। इसमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ा जाएगा।

### ब्लैक स्पॉट्स पर कराएं सुरक्षा के कार्य, डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# अनधिकृत रूप से लगे होर्डिंग्स के स्ट्रक्चर हटवाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि महानगर क्षेत्र में मकान की छतों के ऊपर अनधिकृत रूप से लगे होर्डिंग्स के स्ट्रक्चरों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। सुनिश्चित करें कि नियम विरुद्ध तरीके से कहीं भी होर्डिंग, पोल और स्ट्रक्चर नहीं लगे होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर से भी अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स और खंभे हटाए जाएं। पिछले महीने घटित सड़क दुर्घटनाओं और उनके कारणों की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य चिह्नित स्थलों पर सुरक्षा और सावधानी के लिए साइनेज लगवाने के साथ ही अन्य जरूरी कार्य कराएं। जिससे दुर्घटना में कमी आए। लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन सामान्य की सुरक्षा के लिए सड़कों पर जो भी कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं उसमें तत्परता करें, कतई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिले में चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा संबंधी कार्य कराएं। नेशनल हाईवे से स्थानीय मार्गों के जुड़ाव बिंदु पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए ऐसे स्थलों को भी चिह्नित करके सुरक्षा संबंधी कार्य कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

साथ ही विभागों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की फोटो के साथ रिपोर्ट देने के लिए कहा। एनएचएआई स्तर से नेशनल हाईवे पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा। जिससे दुर्घटना के दौरान दोषियों को चिह्नित करने में मदद मिल सके। इस दौरान एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह आदि। ● अमृत विचार

### डिवाइडर खुलवाने को सचिव को लिखा पत्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधबाजार में डिवाइडर का कट खुलवाने को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार कत्याल ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि कट न खुलने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

ब्लाक अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 1 जुलाई को नगर आयुक्त को बुध बाजार स्थित अजंता होटल के सामने वाले डिवाइडर के कट को खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया गया। जिसके बाद नगर आयुक्त ने एसपी ट्रैफिक से संस्तुति आख्या मांगी थी और आश्वासन दिया था कि आख्या आने पर कट खोल दिया जाएगा। परंतु एसपी ट्रैफिक की संस्तुति आख्या प्राप्त होने के बाद भी अभी तक डिवाइडर का कट नहीं खोला गया। स्थानीय लोगों के द्वारा डिवाइडर का कट कब खुलेगा पूछने पर हर बार टरका दिया जाता है। उन्होंने डिवाइडर के कट को जल्द खुलवाने की मांग रखी।

# सावन का पहला सोमवार 22 को, बिजली विभाग की तैयारी अधूरी

## कांवड मार्ग के बिजली के खंभों को पॉलीथिन से नहीं किया कवर्ड, विद्युत तारों को सुरक्षित करने के काम नहीं हुए पूर्ण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन में भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए कांवड़िये हरिद्वार के लिए कांठ रोड़ से आते और जाते हैं। जिला प्रशासन ने बिजली विभाग को यहां सावन से पहले व्यवस्था बेहतर करने के आदेश दिए थे। लेकिन, अभी तक हालातों में कोई सुधार नहीं है। कांवड मार्ग पर बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर की फेंसिंग और तारों को सुरक्षित करने का काम पूरा नहीं हो सका हैं। कांवड यात्रा शुरू होने में अब कुछ दिन बचे हैं। ऐसे में कांवड़ यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। इसी दिन से सावन माह की शुरुआत होगी। महानगर समेत बरेली, रामपुर, संभल समेत अन्य शहरों के कांवड़िये हरिद्वार जल लेने कांठ रोड़ से होकर गुजरते हैं। इस रोड़ की हालत बहुत ज्यादा जर्जर है। पहले तो यहां कांवड़ियों के पैर में कंकड़ चुभेंगे। वहीं किला और विशाल मेगा मार्ट के पास निर्माणाधीन पुलिया भी परेशान करेगी। ऊपर से बिजली विभाग भी परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए यहां बिजली विभाग को बेहतर सुविधा देने के आदेश दिए थे। लेकिन, अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। गुरुवार को कांवड़ लेने कम ही श्रद्धालु गए। लेकिन, शुक्रवार को इस संख्या में बढ़ोतरी होगी। अब देखने यह है कि यहां बिजली का काम पूरा हो पाता है यह नहीं।



बाइक शोरूम के पास गिरने की स्थिति में खड़े बिजली के खंभे। ● अमृत विचार



हरथला में एसबीआई बैंक के सामने बिजली के पोल पर अभी तक नहीं लगी पॉलीथिन।



कांठ रोड पर सड़क किनारे जर्जर बिजली के खंभे को अभी तक नहीं हटाया गया।

> मेरी नियुक्ति यहां पर नई है। इसलिए स्मार्ट सिटी के तहत किए कार्य मेरे कार्यकाल से पहले हुए हैं। कांवड़ को देखते हुए कार्य किया जा रहा है। अधिकांश पोल पर पन्नी लगाई जा चुकी है। गुरुवार को भी कार्य किया गया है। अगर कहीं कुछ कमी है। तो उसके शुक्रवार को पूरा किया जाएगा।
>
> –**नरेंद्र सिंह**, अधिशासी अभियंता द्वितीय

**केस- 1** बिजली विभाग की ओर से कांठ रोड़ पर लगे सभी बिजली के खंभों पर नीचे पन्नी लगानी थी। जिससे बारिश में कोई दिक्कत न हो। लेकिन, गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर खंभे बिना पन्नी लगे देखने को मिले। हरथला एसबीआई बैंक के सामने, हरथला में और पीएसी से आगे भी कई खंभों पर अभी तक पन्नी नहीं लग सकी है। हालांकि अधिकांश पोल पर पन्नी लग चुकी है। लेकिन, कुछ पोल पर यह कार्य नहीं हो पाया है।

**केस- 2** कांठ रोड स्थित हीरो कंपनी के शोरूम के सामने बिजली पोल खड़े हैं। यहां दिनभर आवाजाही रहती है। यहां एक बिजली का पोल बिल्कुल गिरने की हालत में है। यह पोल कभी भी बारिश या तेज हवा में गिर सकता है। जिससे हादसे की आशंका है। लेकिन, बिजली विभाग ने इस समस्या को देख कर भी अनदेखा कर रखा है।

**केस- 3** स्मार्ट सिटी के तहत कांठ रोड़ पर बिजली विभाग की ओर से कार्य किया गया था। इसमें सड़क किनारे खड़े पोल को हटाकर नए पोल थोड़ा पीछे लगाए गए थे। हरथला क्षेत्र में अधिकांश नए खंभों से बिजली आपूर्ति भी शुरू दी गई है। लेकिन, सड़क किनारे खड़े पुराने बिजली के खंभों से परेशानी हो रही है। जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। लेकिन, इस ओर कोई देखने को तैयार नहीं है।

**केस- 4** कांठ रोड़ पर सड़क किनारे पेड़ों की भरमार है। इन पेड़ों से विभिन्न स्थानों पर बिजली के तार होकर गुजर रहे हैं। कई स्थानों पर यह तार पेड़ से टकरा रहे हैं। लेकिन, अभी तक इन पेड़ों की छटाई नहीं हो पाई है। इससे भी कोई हादसा हो सकता है।



दो दिन की उमस के बाद गुरुवार की शाम काले बादल छा गए तो लोगों ने राहत की सांस ली। काली घटा छा जाने से मौसम खुश गवार हो गया। जिगर कॉलोनी स्थित रामगंगा नदी के घाट पर नाव से पार जाते हुए लोग ऐसे नजर आ रहे थे कि बादल और नदी का पानी एक सा नजर आ रहा था। ● अमृत विचार

# जीआईएस सर्वे को लेकर 149 आपत्तियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से गुरुवार को जीआईएस सर्वे से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई के लिए जोन वार शिविर लगाए गए। जिसमें 149 आपत्तियां आईं। जिसमें से 89 का मौके पर निस्तारण कर लोगों से 8,44,169 रुपये की कर वसूली की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह की मौजूदगी में जोन संख्या एक में मानसरोवर पानी की टंकी व जोन संख्या 4 में गुलाबबाड़ी सफाई गोदाम और गांधीनगर के राजाराम धर्मशाला में जोनल कार्यालय में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार ने भी पहुंचकर लोगों की शिकायतों व आपत्तियों को सुनकर निस्तारित कराया। सभी शिविरों को मिलाकर सर्वे से संबंधित 149 आपत्तियां आईं जिसमें से 89 को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शिविर में राजस्व निरीक्षक मोहित चौहान, पुष्पेंद्र कुमार मौर्य और जोनल कार्यालयों के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



शिविर में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को आपत्तियां देते लोग। ● अमृत विचार

● **शिविर में 8 लाख 44 हजार 169 रुपये की कर वसूली की गई**

वहीं इसी क्रम में नगर निगम के जलकल अनुभाग की ओर से जन शिकायत पर वार्ड 7, 13, 16, 27, 43, 63, 66 और 68 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड नंबर 13, 19, 44, 45, 46, 64 में सीवर की सफाई कराई गई। वार्ड 60 में गंदा पानी आने की शिकायत भी नगर निगम की टीम ने दूर कराई।

**ई-हॉस्पिटल परियोजना** ऑनलाइन के बजाय रेफर रोगियों को हाथ में थमाए जा रहे हैं मेडिकल संबंधी प्रपत्र, पर्चा काउंटर पर जुटती है भीड़

# स्वास्थ्य सेवाओं में खास सुधार नहीं, 11 लाख और मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमत विचार :** जिला अस्पताल में ई-हॉस्पिटल परियोजना लागू है, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं दिखता। वैसे यह व्यवस्था अस्पताल में 2017 से प्रभावी है। यह नई व्यवस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हुई थी। लेकिन, पर्चे आज भी ऑफलाइन ही बन रहे हैं। हां, इतना बदलाव जरूर है कि पहले रोगी का नाम, उम्र पेन से लिखकर पर्चा काटते थे और अब निर्धारित फॉर्मेट पर पर्चा प्रिंट कर दे रहे हैं। न तो रोगी के दवा आदि का विवरण ऑनलाइन हो रहा है और न ही उसके रेफर होने पर इलाज वाले प्रपत्र संबंधित अस्पताल में ट्रांसफर हो रहे हैं। इलाज के प्रपत्र आज भी रोगी-तीमारदार हाथ में लेकर रेफर वाले अस्पताल पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने को पहले की तरह आज भी काउंटर पर रोगियों या उनके तीमारदारों की भीड़ जुटती है। महिला हो या पुरुष, लंबी कतार में लगकर पर्चा बनवा रहे हैं। वैसे, ई-हॉस्पिटल परियोजना में जिला अस्पताल को फिर 10 जुलाई को 11 लाख रुपये फिर मिल गए हैं। इसमें ब्राडबैंड इंटरनेट के लिए 60,000 रुपये, लीजलाइन इंटरनेट कनेक्शन के संचालन के लिए 5 लाख रुपये और प्रशासनिक व्यय के लिए 5.40 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। यह धनराशि जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को दिए गए हैं। इस मामले में मिशन निदेशक ने खर्चे के नियमों संबंधी निर्देश भी जारी कर दिए हैं। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि ई-हॉस्पिटल परियोजना में ही रोगियों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। उनकी मेडिकल रिपोर्टिंग भी की जा रही है। पोस्टमार्टम व मेडिकोलीगल रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही है। इमरजेंसी चिकित्सा कक्ष के पर्चे भी ई-हॉस्पिटल परियोजना में कट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल से जो रोगी मेरठ में लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रेफर हो रहे हैं, उन्हें इलाज वाले दस्तावेज मैनुअल दिए जा रहे हैं। कहा, हम रेफर वाले रोगी के इलाज के दस्तावेज या दूसरे अस्पताल के डॉक्टर को चिकित्सीय सुझाव तभी दे पाएंगे, जब वह अस्पताल भी ई-हॉस्पिटल परियोजना से जुड़ा हो।



जिला अस्पताल की ओपीडी में कतार में लगे मरीज और तीमारदार। ● अमृत विचार

### शुरुआत में मिले थे 31.69 लाख रुपये

आपको बता दें, ई-हॉस्पिटल परियोजना स्थापित करने को शुरुआत में जिला अस्पताल को जुलाई 2017 में 31,69,300 रुपये मिले थे। इस परियोजना से अस्पताल के 187 बेड जुड़े हैं। इन बेडों पर भर्ती होने वाले रोगियों और उनके इलाज की ऑनलाइन रिपोर्टिंग के लिए कुल 15 कंप्यूटर सिस्टम भी दिए गए थे। इसके बाद हर साल ब्राडबैंड इंटरनेट, लीजलाइन इंटरनेट कनेक्शन के संचालन और प्रशासनिक व्यय के लिए लाखों रुपये मिल रहे हैं।

### झोलाछाप की लापरवाही से हुई महिला की मौत

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गागन चौराहे पर झोलाछाप की लापरवाही से प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के परिवार वालों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की है। सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई।

परिवार वालों ने झोलाछाप पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में पथराव कर तोडफोड़ की। हंगामा होता देख अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। वहीं परिवार वाले काफी समय तक अस्पताल में तोड़फोड़ और हंगामा करते रहे। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं एक सप्ताह पहले नगर में एक निजी अस्पताल में नवजात की मौत हो चुकी है। नोएल अधिकारी सीएमओ नरेंद्र चौधरी ने बताया कि सूचना मिली है कि एक डिलिवरी के दौरान महिला मौत हो गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### यूकेलिप्टस के पेड़ों को लेकर दो पक्षों में विवाद

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप निवासी बालमुकुंद पुत्र गंगाराम ने नगर के शानू पुत्र जाने आलम, आरिफ पुत्र कलुआ, इरफान पुत्र सबदार व आरिफ पर खेत से 500 यूकेलिप्टस के पेड़ तोड़ने का आरोप लगाया है। उसने सिविल लाइंस थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बालमुकुंद पुत्र गंगाराम का कहना हैं मैंने अपने खेत में 500 यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। जिन्हें आरोपियों ने मेरे खेत से उखाड़ कर फेंक दिया। इतना ही नहीं बल्कि आरोपियों से पेड़ उखाड़ने के बारे में पूछा तो वह गालियां देने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। इसे लेकर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### फल विक्रेता ने लगाया 3000 रुपये छीनने का आरोप

मैनाठेर, अमृत विचार : फल विक्रेता ने गांव के तीन लोगों पर मारपीट करने और फल बिक्री के 3000 रुपये छीनने के आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। फल विक्रेता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुंदरकी थाना क्षेत्र के ऊंचा कहानी निवासी जयपाल सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि बुधवार रात 10 बजे पीड़ित गागन तिराहे के नजदीक ठेला लगाकर फल बेच रहा था। इस दौरान उसके गांव का एक व्यक्ति अन्य दो व्यक्तियों को लेकर उसके ठेले पर पहुंच गया और रंजिश उससे मारपीट करने लगा और फल की बिक्री के 3000 रुपये छीन लिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### दंपति को पीटकर घर से निकालने की शिकायत

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की महिला ने ससुराल के लोगों पर मारपीट कर उसे और पति को घर से निकालने के आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। मैनाठेर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि उसको और उसके पति को उसके ससुराल के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि महिला के ससुराल के लोग उसके हिस्से के जमीन और मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी के चलते उसको और उसके पति को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


मजलिस को खिताब करते मौलाना मुजफ्फर हुसैन। ● अमृत विचार

## 11वें मोहर्रम को बरामद किया अलम

अगवानपुर, अमृत विचार : मोहल्ला सादात निवासी मोहम्मद अली के मकान पर मजलिस हुई। मौलाना मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि 11वें मोहर्रम को यजीद के जालिम सिपाहियों ने खानदाने रसूल को कैदी बना लिया। मर्दों में सिर्फ इमाम हुसैन के बेटे इमाम जैनुल आबेदीन बचे थे, जिनके गले में खारदार तोक कमर में लंगर, हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ी पहनाकर कर्बला के मैदान से गुजारा गया। अपने बाप के लाश को देखकर इमाम जैनुल आबेदीन के चेहरे का रंग उड़ गया। मजलिस में मर्सिए ख्वानी आदिल नकवी ने की। मजलिस के बाद अलम बरामद किया। अलम का जुलूस इमामबाड़ा तेहजीबुल हसन से स्टेशन रोड होता हुआ इमामबाड़ा पंजेतनी पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान फैज़ी नकवी, गुलरेज रजा, अली नकवी, दानिश रजा, इरशाद हुसैन, शाने अब्बास, मोहम्मद रजा, जॉन नकवी, राहिल नकवी, कमर नकवी, तसव्वर हुसैन आदि रहे।

## उपचुनाव में जीत के लिए कांग्रेस नेता करेंगे मंथन

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में जीत के लिए दलों में मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में 21 जुलाई को होने वाली बैठक में रिक्त सीटों पर पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इसमें जिलों के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति में होने वाली बैठक के लिए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशासन (प्रभारी) दिनेश प्रताप सिंह ने गाजियाबाद, अलीगढ़, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, मिर्जापुर, मुरादाबाद आदि जिलों के जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष को पार्टी में समय से पहुंचने के लिए कहा गया है। बैठक में प्रदेश प्रभारी, उपाध्यक्ष, महासचिव आदि की मौजूदगी में उप चुनाव पर चर्चा होगी। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक में कुंदरकी विस सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतारने की मांग पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से करेंगे।

## कार्यों का भुगतान एक ही फर्म को करने का मामला आया सामने

# प्रमाणपत्र जमा नहीं कर रहे पंचायत सचिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> यदि ऐसा कोई मामला है तो उसकी जांच कराई जाएगी। कार्य के उपभोग प्रमाणपत्र जमा नहीं करने वाले पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –सुमित यादव, सीडीओ

अमृत विचार: ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों के उपभोग प्रमाणपत्र जमा करने में पंचायत सचिव मनमानी कर रहे हैं। अब तक करीब 50 ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाणपत्र जमा नहीं किए गए हैं। ऐसे पंचायत सचिवों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। विकासखंड ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत सबलपुर में हुए विकास कार्यों का भुगतान एक ही फर्म को किए जाने का मामला सामने आया है।

ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों का भुगतान नियमों को ताक पर रख कर किया जा रहा है। ऐसे में कुछ पंचायत सचिव अपने उपभोग प्रमाणपत्र भी जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे पंचायत सचिवों को विभाग चिह्नित कर रहा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कुछ ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान एक ही फर्म को किया जा रहा है।विभागीय अधिकारियों को मानना है कि एक ही फर्म भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतें ही उपभोग प्रमाण पत्र जमा करने में ढिलाई बरती जा रही हैं। पंचायती राज विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक कुछ ग्राम पंचायतों में अधिकांश भुगतान एक ही फर्म को कर दिया गया है। ऐसा एक मामला ठाकुरद्वारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सबलपुर का भी है। अब कार्रवाई के डर की वजह से संबंधित पंचायत सचिव उपभोग प्रमाणपत्र जमा करने में रुचि नहीं ले रहे। ठाकुरद्वारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सबलपुर में तैनात ऋषिका चौहान ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के कई बार कहने के बाद भी उपभोग प्रमाणपत्र जमा नहीं किए। इसके लिए कई बार एडीओ पंचायत ठाकुरद्वारा व अन्य ब्लॉक के एडीओ को नोटिस दिए गए हैं। इसके बाद भी पंचायत सचिव उपभोग प्रमाणपत्र जमा करने में रुचि नहीं ले रहे। सबलपुर ग्राम पंचायत में हो रहे अधिकांश विकास कार्य का भुगतान एक ही फर्म के नाम भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। उपभोग प्रमाणपत्र जमा न करने की वजह की जांच करने के लिए पंचायत राज विभाग के एक अधिकारी गांव पहुंचे मामले की जांच तो हुई लेकिन, जांच के बाद मामला को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हालांकि जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा मामले को लेकर किसी प्रकार जानकारी होने से इंकार कर रहे है। उनका कहना है कि ऐसे पंचायत सचिवों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## पांच विद्यार्थियों ने जीपैट में हासिल की सफलता

मुरादाबाद, अमृत विचार: आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के पांच विद्यार्थियों ने जीपैट में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थी बीफार्मा अंतिम वर्ष के हैं।

जीपैट में नितेश धनेश्री, प्रशांत शर्मा, समरीन, संकेत कुमार और वैभव तिवारी को सफलता मिली है। उनकी सफलता पर आईएफटीएम के प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट और डीन ऑफ फार्मेसी डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि जीपैट में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण की आवश्यकता होती है। हमारे छात्रों ने दिन-रात मेहनत करके यह मुकाम हासिल किया है और उनकी यह सफलता विवि के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस मौके पर कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि परीक्षा में सफलता पाने वाले इन छात्रों ने विवि का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही अपने परिवार और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया है।

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, मांग पत्र सौंपा

### माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी बोले- पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पहले दिन संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व जिला मंत्री शमशाद हुसैन ने कहा कि प्रदेश में सभी स्तर के शिक्षकों, कर्मियों और अधिकारियों को पूर्व प्रचलित भविष्य निधि पेंशन योजना लागू की जाय और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली समाप्त होनी चाहिए।

शिक्षक नेताओं ने बताया कि उनका यह प्रदर्शन कार्यक्रम अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने मांग की है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों की सेवाएं स्थायी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त गैर सहायिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों की सेवा दशा तय हो और उनको समान कार्य के लिए समान वेतन देने की व्यवस्था की जाए। जिला संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह व कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में राष्ट्रीय नीति-2020 के मुताबिक, छात्र शक्ति की प्रत्येक कक्षा के लिए वर्ग निर्धारण के आधार पर शिक्षक जनशक्ति का आंकलन करते हुए समायोजन प्रकिया लागू की जानी चाहिए। इस तरह शिक्षकों ने कुल 16 सूत्रीय मांग पत्र पर साथियों से चर्चा की और अपनी आवाज बुलंद की है। इन लोगों ने प्रदर्शन के पहले दिन जिला विद्यालय निरीक्षक को मांग पत्र भी सौंपा है।

## एसके नेथन क्रीड़ा समिति के कोषाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत गुरुवार को क्रीड़ा समिति की एक बैठक डीआईओएस कार्यालय पर हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ. अरुण कुमार दुबे ने की। जबकि संचालन क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने किया। इसमें खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक में इस वर्ष के खेल कार्यक्रमों के निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जनपदीय क्रीड़ा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जनपद में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को जनपद के विभिन्न विद्यालयों को आवंटित किया गया। खेलों के निष्पक्ष आयोजन और श्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन के लिए चयनकर्ताओं की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मेजर एसके नेथन प्रधानाचार्य पारकर इंटर कॉलेज को कोषाध्यक्ष और वंश बहादुर प्रवक्ता जीजी हिंदू इंटर कॉलेज को जनपदीय क्रीड़ा सचिव चुनाव गया। डीआईओएस डॉ.अरुण कुमार दूबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। जनपदीय क्रीड़ा समिति के उपाध्यक्ष बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने खेलों को बढ़ावा देने तथा उसके व्यापक प्रचार -प्रसार पर जोर दिया।


जनपदीय क्रीड़ा समिति के साथ बैठक करते डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर जीआईसी प्रधानाचार्य श्यामा कुमार ,डॉ. मुक्ता अग्रवाल, मेजर एसके नेथन, डॉ. हिमांशु यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रतिनिधि सीएल वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक गंगा शरन, जिला व्यायाम शिक्षिका वर्षा भटनागर, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, सुदेश कुमारी, शारीरिक शिक्षक के रूप में वीर सिंह, नीतिपाल, कल्पना सैनी, पदम सिंह, मनोज कुमार, नेहा सैनी, क्लेरिस सिंह, अभिलाषा सिंह आदि मौजूद रहे।

### ऐसे करें आवेदन

जनपदीय क्रीडा सचिव वंश बहादुर ने बताया कि खेलों में प्रतिभाग के लिए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को sspup.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। खेल में पात्रता के लिए कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पिछली कक्षा की मार्कशीट तथा छात्र का पेन नंबर लगाना अनिवार्य होगा।

# सपा विधायक समेत 23 पर रिपोर्ट के लिए कोर्ट में आवेदन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्लॉट पर जबरन कब्जा कराने का है आरोप, विधायक बोले- जान बूझकर मेरा नाम घसीट रहे विरोधी

अमृत विचार: प्लॉट पर जबरन कब्जा जमाने के आरोप में सपा विधायक नासिर कुरैशी समेत 23 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट में आवेदन दाखिल किया गया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ने शुक्रवार को आदेश होने की संभावना जताई है।

अधिवक्ता फसीह उल्ला खान ने बताया है कि गलशहीद थाना क्षेत्र के गुलशन नगर में वादी का एक प्लॉट है। भूमि स्वामी जिसको वक्फ की जगह बता रहा है। 27 मई 2024 को सपा विधायक नासिर कुरैशी के बेटे व अन्य साथियों ने खाली प्लॉट पर कब्जा जमाने के लिए उस पर टीन शेड डाल दिया। भूमि स्वामी ने इसका विरोध किया तो विधायक के बेटे आमिर कुरैशी व समधी भौंदा पहलवान समेत अन्य लोग एकजुट होकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कर दिया। अधिवक्ता ने बताया कि विधायक व उनके बेटे आमिर कुरैशी व समधी भौंदा पहलवान समेत अन्य 23 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है। जिसका आदेश शुक्रवार को पारित होने की संभावना है। वहीं सपा विधायक नासिर कुरैशी ने बताया है कि उन्हें व बेटे आमिर को गलत तरीके से मामले में फंसाया जा रहा है। मामला रिश्तेदारों से जुड़ा है। विरोधी जानबूझकर उनका नाम घसीट रहे हैं।

# झमाझम बारिश से मिली उमस भरी गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बीते कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। लोग घर से निकलने में कतरा रहे थे। लेकिन, गुरुवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। महानगर में दोपहर को करीब 1 घंटे जमकर बारिश हुई। जिसके बाद मौसम में बदलाव हो गया। लोगों के चेहरे पर खुशी आ गई।

दो-तीन दिन से हो रही भयंकर उमस के बीच गुरुवार दोपहर तेज बारिश हुई। महानगर के कुछ इलाकों में जमकर हुई बारिश से लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की। हालांकि कई इलाके ऐसे भी रहे, जहां बरसात ही नहीं हुई। सुबह तेज धूप व उमस से लोग परेशान दिखे। एक बजे के बाद आसमान में बादल छाने लगे। दोपहर दो बजे के करीब महानगर के कुछ इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हुई। करीब 1 घंटे की तेज बरसात से लोगों को गर्मी और उमस से फौरी तौर पर राहत मिल गई। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं गुरुवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


बारिश में भीगते हुए जाते साइकिल सवार छात्र। ● अमृत विचार

- करीब एक घंटा जमकर हुई बारिश, लोगों के चेहरे खिले, तापमान में भी आई कमी

### दोपहर हुई बारिश में बिजली ने दिया धोखा

मुरादाबाद, अमृत विचार : गुरुवार हुई बारिश के कारण लाइनपार में ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ गया। जिस वजह से क्षेत्र में करीब एक घंटा बिजली गुल रही। जिससे क्षेत्रीय लोगों को काफी परेशानी हुई। उमस भरी गर्मी से गुरुवार दोपहर लोगों को राहत मिली। दोपहर में झमाझम बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। जिससे लोगों को राहत मिली। लेकिन, लाइनपार में केजीके कॉलेज के पास ट्रांसफार्मर का फ्यूज फुंक गया। जिससे यहां करीब एक घंटा बिजली गुल रही। स्थानीय निवासी राजेंद्र पाल ने बताया कि बारिश के बाद बिजली कर्मी आए। जिसके बाद बिजली सुचारु रूप से चालू हो सकी। वहीं जई प्रमोद कुमार ने बताया कि बारिश में किसी वजह से फ्यूज फुंक गया। जिसे सही कर दिया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद 1.74 लाख रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टैक्सी चालक ने जाति बदलकर युवती को फंसाया था प्रेम जाल में

अमृत विचार: अदालत ने दुष्कर्म में आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और एक लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोपी स्कूल की टैक्सी चलाता था। चालक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने 26 फरवरी 2019 को दी तहरीर में बताया था कि गांव फौलादपुर निवासी अरविंद कुमार स्कूल की टैक्सी से छात्र-छात्राओं ले जाता था। तहरीर में बताया था कि चालक ने अपनी जाति का बताकर युवती से प्रेम प्रसंग में शादी का प्रस्ताव रखा था। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि अरविंद शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। इसके बाद युवती ने उससे मिलना-जुलना बंद कर दिया। 14 जनवरी 2019 को अरविंद ने युवती को बात करने के बहाने से बुलाया और दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने अरविंद के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पांच साल बाद गुरुवार को एसी/ एसटी कोर्ट संदीप गुप्ता की अदालत ने पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अरविंद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पांच गवाहों ने कोर्ट में गवाही दी।

बैठक

### कर्मचारी गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में एक दिन का व डीएम देंगे दो दिन वेतन

# दूध निकाल गोवंश को छोड़ने वालों पर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की विभागीय योजनाओं के साथ-साथ निराश्रित गोवंश संरक्षण के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभाग के चिन्हित कार्यक्रम जैसे पशु चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान की समीक्षा की गई। जिसमें जनपद में निर्धारित मानक से कम वाले पशु चिकित्सा अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

गुरुवार को पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने गो आश्रय स्थलों में गोवंशों की जांच के प्रत्येक आश्रय स्थल में अड़गड़ा लगाने को कहा। चिकित्सकों को आश्रय स्थल पर पिरामिड या पशु मित्रों को सुपरवाइजर के रूप में रखे जाने के निर्देश दिए। गोशाला में गर्भ धारण योग्य गोवंशों का गर्भाधान कराया जा सके। किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालक घटक योजना के तहत दुग्ध समितियां के समस्त सदस्यों की सूची बनाई जाने एवं उन सभी को योजना से लाभान्वित किए जाने की बात पर जोर दिया। प्रत्येक गो आश्रय स्थल में बीमार पशुओं को उपचार एवं रखे जाने के लिए एक स्थान जिसका फर्श पक्का हो, जिसमें पशुओं का इलाज एवं छोटे ऑपरेशन किया जा सकता हो, ऐसा स्थान बनाया जाए। जिनको आश्रय स्थलों की चारदीवारी का निर्माण किया जाना हो उनका प्रांकलन तैयार कर प्रस्तुत करने एवं गो संरक्षण व संवर्धन कोष में उपलब्ध धनराशि में से इनका निर्माण कराने की बात कही। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के स्तर से गो आश्रय स्थलों के संपर्क मार्ग बनाए जाने का दायित्व दिया था उनको पूर्ण कराने के लिए पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्र में ऐसे पशुपालकों को चिह्नित किया जाए जो अपने गायों का दूध निकाल देने के बाद छोड़ देते हैं उनकी सूची प्राप्त कर नगर निगम के माध्यम से उन पर कार्रवाई कराई जाएगी। गो संरक्षण एवं संवर्धन योजना में संचालित गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में धनराशि इकट्ठा किए जाने के लिए आगामी माह में समस्त कर्मचारियों के वेतन से एक दिन का एवं जिलाधिकारी स्वयं के दो दिन का वेतन उक्त कोष में जमा कराने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए।


समीक्षा बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी अनुज सिंह व विभागों के अधिकारी।

## बिजली कटौती से रोष घेराव की चेतावनी दी

अगवानपुर, अमृत विचार : बिजली कटौती से नाराज नागरिकों ने गुरुवार रात नौ बजे उपकेंद्र पर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि 10 मिनट को आपूर्ति होती है और आधा घंटा कटौती हो रही है। इससे इनवर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे। इससे नाराज भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग बुधवार रात नौ बजे बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विद्युत आपूर्ति के बारे में जानना चाहा। परंतु उस समय वहां कोई भी अधिकारी नहीं था। आरोप है कि उपकेंद्र पर लाइनमैन थे जो नशे में थे। इसके बाद सभी लोग वहां से लौट आए। अभिनव गुप्ता का कहना है कि इस घटना को लेकर लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि विद्युत आपूर्ति को नियमित नहीं किया गया तो नागरिक उपकेंद्र का घेराव भी करेंगे और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

# मार्ग नहीं बनाने पर भाकियू करेगी आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिल्ली रोड पर पड़ने वाले 13 गांवों को जाने वाले मार्ग की खस्ता हालत को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मार्ग के बरसात में जलमग्न हो जाने वाले जर्जर मार्ग को बनाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने एक सप्ताह में मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के महानगर अध्यक्ष मोहित तोमर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर 13 गांव के किसान पहुचे। जहां उन्होंने काफी दिनों से जर्जर हालत में पड़े खुशहालपुर से ज्ञानपुर गांव तक जाने वाले गांव के जाने वाले बनाने को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह से ज्ञापन के माध्यम से मांग की। महानगर अध्यक्ष ने सप्ताह भर में मार्ग की हालत में सुधार न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि खुशहालपुर से ज्ञानपुर गांव के बीच 13 गांव शाहपुर, रसूलपुर, डिडोरा, डिडौली, खदाना, मलगद्दा, शाहआलमपुर, चौधरपुर, उत्तमपुर, बहलोलपुर ,सिकंदरपुर, लोदीपुर गांव का मार्ग पिछले कई महीनों से खस्ता हालत में है। इस मार्ग पर हुए बड़े बड़े गड्ढों में बरसात में पानी भरने से मार्ग जलमग्न हो जाता है। बताया कि इन सभी गांव से होकर यह रास्ता अगवानपुर बाईपास को भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कई बार पीडब्ल्यूडी को भी इस मार्ग की हालत के बारे में अवगत कराया जा चुका है। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन देने वालों में राहुल चौहान, रोहित कुमार, अनुज सिंह, सूरत सिंह, ललित कुमार, बबलू ठाकुर शामिल रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे भाकियू (भानु) के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गुरुद्वारा में शबद, कीर्तन और लंगर का आयोजन

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित गुरुद्वारा में सावन माह की संक्रांति पर कीर्तन एवं भंडारा किया गया। गुरुवार को गुरुद्वारा के ज्ञानी यशपाल सिंह ने बताया कि गुरु जी सावन की संक्रांति को बहुत महत्व देते थे। कांठ से आए रागी जत्थे द्वारा शबद, कीर्तन कर गुरु के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान मनजीत सिंह खुराना, तिलक राज चांदना, रजनीश गर्ग, छविराज चावला, भारत भूषण चावला, गीता कौर, निर्मल सिंह, सुरजीत सिंह गुल्लू, किशोरी लाल ग्रोवर, जसवीर कौर, सतप्रीत कौर, बिंदु, गुरजीत कौर, तेजिंदर कौर, रोहतास, गौरव, बलविंदर कौर, कुलवंत सिंह, अमरजीत सिंह, अनमोल आदि ने संकीर्तन में भाग लेकर धर्म लाभ कमाया।

### गो सेवा गतिविधि की टीम ने गोशाला में दिया हरा चारा

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि की टीम द्वारा सादकपुर खिचड़ी की गोशाला को 29 क्विंटल हरा चारा उपलब्ध कराया। संगठन के जिला संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में गो सेवा गतिविधि की टीम गोशालाओं को हरा चारा उपलब्ध कराना, निराश्रित गोवंशों एवं बीमार गोवंशो को गोशालाओं में ले जाकर सुरक्षित एवं संरक्षित कराने का कार्य कर रही है। इसी के तहत सादकपुर खिचड़ी की गोशाला को 29 क्विंटल हरा चारा उपलब्ध कराया गया और बीमार गोवंशों का उपचार कराया। सादकपुर खिचड़ी गोशाला में वर्तमान में क्षमता से ज्यादा गोवंश सुरक्षित एवं संरक्षित हैं। इस मौके पर टीम के विशाल भैया, बिट्टू, विपिन दिवाकर, प्रकाश यादव आदि गोसेवकों ने गोसेवा की।

### दो युवक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना छजलैट पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मनप्रीत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पैगा थाना महुआ खेड़ा उधमसिंह नगर को तमंचे एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरी ओर तनुज ढिल्लो पुत्र सुरेंद्र सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम कुमरिया थाना अमरोहा देहात को तमंचे एवं एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना छजलैट पुलिस ने दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

# डंपर ने दो बाइक सवारों को रौंदा, पशु चिकित्सक घायल, होमगार्ड की मौत

## काशीपुर में ड्यूटी के लिए जा रहा था इंदर पाल, डंपर चालक फरार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में एक होमगार्ड की मौत हो गई, जबकि पशु चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल पशु चिकित्सक को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा करते हुए मार्ग जाम कर दिया।



थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर अलीगंज निवासी होमगार्ड इंदर पाल (55) पुत्र सूखा सिंह गुरुवार दोपहर दो बजे बाइक से काशीपुर स्थित एचजी नगर कंपनी में ड्यूटी को जा रहा था। जैसे ही वह अलीगंज-काशीपुर मार्ग पर पैगा चौकी क्षेत्र के मानपुर मोड़ पर पहुंचा, तभी डंपर ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में होमगार्ड इंदर पाल की मौके पर ही मौत हो गई। उसी समय बाइक सवार पशु चिकित्सक डॉ. भुवनेश पुत्र लाखन सिंह निवासी सरकड़ा करीम थाना डिलारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय एवं सोमवीर सिंह ने होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया एवं घायल पशु चिकित्सक को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए और हंगामा कर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने पर एक घंटे बाद जाम खत्म किया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि डंपर चालक फरार हो गया।

### फैक्ट्री में पटे की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-काशीपुर रोड स्थित फैक्ट्री में पटे की चपेट में आकर एक श्रमिक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों व ग्रामीणों ने फैक्ट्री में फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों व ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज निवासी 55 वर्षीय मनोरी सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह ठाकुरद्वारा काशीपुर रोड स्थित पेपर मिल में काम करता था। बुधवार को वह अपनी ड्यूटी पर गया था। दोपहर में किसी समय फैक्ट्री में काम करते समय पटे की चपेट में आकर वह बुरी तरह घायल हो गया था। घायल को जब तक पटे से बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना पर परिजन व ग्रामीण फैक्ट्री पहुंच गए जमकर हंगामा किया। किसी तरह पुलिस ने परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों में देर रात तक समझौता होने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### कुत्ते के टकराने से गिरी बाइक, युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुत्ते के टकराने से तेज रफ्तार बाइक सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बिजनौर के कस्बा स्योहारा के मोहल्ला मिल्कियान निवासी मुकुल कुमार पुत्र सुरेश सिंह किसी काम से ठाकुरद्वारा आ रहा था। रतनपुरा मोड पर अचानक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के दुकानदारों ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर मुकुल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### नहर में एक सप्ताह बाद होगी पानी की आपूर्ति

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बारिश कम होने से नहर के आसपास के किसान धान रोपाई का इंतजार कर रहे हैं। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने बताया कि पहाड़ों पर अधिक वर्षा होने के कारण गंदा जल आ रहा है जिस कारण से नहर में पानी नहीं छोड़ा जा सकता। एक सप्ताह में नहर में पानी छोड़े जाने की संभावना है।

ग्राम हिरनपुरा, मुख्तियारपुर नवादा, कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर, सदरपुर मतलबपुर के किसानों ने नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। ग्राम सदरपुर निवासी राजवर्धन सिंह ने बताया कि नहर में पानी न आने के कारण धान की रोपाई समय से नहीं हो पा रही है। यदि नहर में पानी आता तो अब तक धान की रोपाई हो सकती थी। ग्राम खलीलपुर निवासी श्रीओम सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कारण किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं। जब आवश्यकता नहीं होती है तब नहर में पानी छोड़ा जाता है। सिंचाई विभाग के एसडीओ योगेश कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर बारिश होने के कारण गंदा पानी आ रहा है। जिसके कारण एक सप्ताह से पूर्व पानी नहीं छोड़ा जा सकता है। क्षेत्र के किसानों में शीघ्र ही नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

## धान की रोपाई से रोका तो जमीन के मालिक को पीटा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चकबंदी विभाग द्वारा चक नापकर देने के बाद भी कुछ लोगों ने खेत में धान लगाकर कब्जा करने का प्रयास किया। जब चक के मालिक ने धान लगाने को मना किया तो आरोपियों ने गालियां दीं और दुकान पर लाठी-डंडों और हथियार से हमला कर घायल कर दिया। जिसमें एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा और पांच लोगों पर मामला दर्ज किया है।

थाना के ग्राम चकफेरी निवासी निर्देश कुमार शर्मा पुत्र रक्षपाल शर्मा की जमीन हसन गढ़ी के मौजे में है। जिसमें चकबंदी विभाग द्वारा नाप कर उसका चक दिया गया था। 11 जुलाई को गांव के ही ओमकार, राजपाल, बबलू, विजयपाल ने निर्देश शर्मा के खेत में धान की रोपाई शुरू कर दी। जब चक के मालिक निर्देश ने धान लगाने को मना किया तो आरोपियों ने उसे गालियां दी। इसके बाद वह अपनी दुकान पर पहुंचा, तो आरोप है कि सभी आरोपियों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से उसके परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें मोनिका शर्मा पुत्री हेमंत शर्मा, धर्मेश शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, परंतु मामला दर्ज नहीं किया। तब पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरी घटना बताई थी। इसके बाद एसएसपी ने सभी आरोपियों पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे। थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी चारों आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान को दिया ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली राजनीतिक के तहत किसान तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया।

गुरुवार को तहसील पहुंचे किसानों ने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिल द्वारा नहीं किया जा रहा है। शुगर केन कंट्रोल एक्ट के आधार पर चीनी मिल द्वारा 14 दिनों में किसानों को गन्ने का मूल्य भी नहीं दिया जाता। किसानों ने मांग उठाई कि किसानों का बकाया भुगतान ब्याज सहित कराया जाए। इसके अलावा 14 दिन के भीतर किसानों को गन्ने का भुगतान भी कराया जाना चाहिए। इस दौरान ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में होशियार सिंह, सुरेश सिंह, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, प्रेम कुमार, बिजेंद्र सिंह, शिव सिंह रहे।

## जलवायु परिवर्तन से हो रहा है मौसम में बदलाव

- नागरिक एकता परिषद के तहत हुई जलवायु परिवर्तन पर गोष्ठी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम भूड़ मरैशी में नागरिक एकता परिषद की ओर से जलवायु परिवर्तन विषय पर बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मनीष शर्मा ने जलवायु परिवर्तन विषय के बारे में विस्तार से बताया।

गुरुवार को बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मनीष शर्मा ने बताया कि जल अनमोल है। इसे व्यर्थ न बहाएं, जल है तो कल है। इस्तेमाल के उपरांत जल को व्यर्थ में फेंके नहीं, गमले पौधे या घास पर डालें, एक जगह पानी इकट्ठा न होने दें, उसमें मच्छर पैदा होता है। घर से थैला लेकर जाएं, पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें। शादी समारोह में कुल्हड़ का इस्तेमाल करें। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित होगा और रोजगार मिलेगा। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम में बहुत बदलाव हुआ है। इसमें अचानक तापमान बढ़ता, या घटना, बारिश बाढ़ का आना, यह चिंताजनक है। दुनिया में तमाम समस्याओं के साथ जलवायु परिवर्तन एवं मुद्दा है। इस पर कार्य होना बहुत जरूरी है। गोष्ठी में सिहारी लद्दा से भूड़ मरैशी होते हुए श्यामपुर भूड़ी ग्राम जा रही सड़क पर नाले के मुद्दे को उठाया। बैठक में मुलायम सिंह, रामवीर सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह डीलर, तेजपाल यादव, मुकेश पाल, प्रेमपाल सिंह, बबलू, भावेश सिंह, सौदान सिंह, मुकेश, शीशपाल सिंह, महावीर, देवेंद्र सिंह, वीर सिंह ,बिट्टू ,दीपक, आकाश, जगपाल चरण सिंह, इत्यादि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षकों ने बीईओ को सौंपा त्यागपत्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई के आह्वान पर विकास खंड ठाकुरद्वारा के 28 संकुल शिक्षकों ने ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध के चलते सामूहिक त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा है।

शिक्षकों का कहना है कि ऑनलाइन अटेंडेंस की कठिनाइयों को सरकार द्वारा दूर नहीं किया जाएगा, तब तक शिक्षक संकुल का कार्य नहीं करेंगे। पिछले कई दिनों से बेसिक शिक्षक हाफ डे लीव, ईएल और कैशलेस चिकित्सा की मांग सरकार से कर रहे हैं, जिस पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हालांकि सरकार ने ऑनलाइन अटेंडेंस को दो माह के लिए स्थगित कर दिया है, परंतु शिक्षकों का विरोध जारी है। गुरुवार को इस्तीफा देने वालों में अवधेश कुमार, अरुण कुमार, प्रदीप कुमार, जितेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, राजपाल सिंह, ठाकुर सिंह, हर्ष कुमार, वीर सिंह, निकेश कुमार, मोहम्मद इमरान, महमूद नासिर, धर्मेंद्र कुमार, हरि सिंह, सुमित कुमार सिंह, हेमवीर सिंह, सोनिया चौहान, नितिन मोघा आदि रहे।

### नाबालिग के अपहरण के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** नाबालिग को फुसलाकर ले जाने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 जुलाई को वह नाबालिग पुत्री सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर पर सोया था। सुबह उठकर देखा तो पुत्री वहां नहीं थी। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि युवक उसकी पुत्री को ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव नियादरी निवासी नितिन पुत्र चुन्ना सिंह पर नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भूमि विवाद के चलते चचेरे भाइयों पर कार से कुचलकर हत्या का आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भूमि विवाद के चलते चचेरे भाइयों ने तहरे भाई की कार से कुचलकर हत्या कर दी। मौत की सूचना पर परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सर्कल परमपुर माफी निवासी 58 वर्षीय रामवीर सिंह यादव पुत्र नाथू सिंह यादव खेती करते थे। गुरुवार देर शाम वह खेत से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय नीले रंग की कार में बैठे दो लोगों ने उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक ने फिर से कार को बैक कर उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर जब तक परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। जिस पर परिजनों ने सड़क पर हंगामा कर दिया। जिससे ठाकुरद्वारा रतुपुरा मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस किसी तरह ग्रामीणों व परिजनों को समझाकर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा लेकर पहुंची। अस्पताल में मृतक के भाई डालचंद यादव, ओमकार, नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनका भूमि को लेकर चचेरे भाइयों से विवाद है। रंजिश में उसके चचेरे भाइयों ने दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से कार से कुचलकर हत्या की है। कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने बताया कि मृतक के भाइयों ने अपने चचेरे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, चार घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला में गुलाम अहमद पुत्र नन्हे सिंह का गांव के प्रधान से रंजिश है। वह अपने कपड़े के साझेदार के साथ गुरुवार शाम नमाज पढ़कर अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान प्रधान पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जिस पर गुलाम अहमद ने भाग कर अपनी जान बचाई। जब उसके साथी अनीस अहमद ने विरोध किया तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। जब उसका बेटा नफीस अहमद, पुत्रवधू सायरा खातून, दानिश अली व अनीश बचाने पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। चारों घायलों का उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात है।

**आयोजन** पुलिस ने थाने में छात्राओं को किया जागरूक, महिला हेल्पलाइन नंबर भी बताए

## देश का संविधान देता है महिलाओं को समान अधिकार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** गुरुवार को सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं को पुलिस ने थाने की कार्यविधि की जानकारी दी। छात्राओं को महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूक किया। एसएचओ योगेंद्र कुमार सिंह ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी।

छात्र-छात्राओं ने थाने में पुलिस की कार्यशैली देखी और महिला सशक्तीकरण के विषय में प्रश्न पूछे। एसएचओ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला सशक्तीकरण को कई तरीके से परिभाषित किया जा सकता है। जिसमें महिलाओं के दृष्टिकोण को स्वीकार करना, उन्हें तराशने का प्रयास करना और शिक्षा जागरूकता, साक्षरता के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाना है। भारत का संविधान महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करता है। बच्चों अथवा महिलाओं से छेड़छाड़ की घटना होती है तो भारतीय दंड सहिता धारा 354 के तहत मामले में दोषी पाए जाने पर दोषी को अधिकतम पांच साल की सजा का प्रावधान है। महिला संबंधी अपराध रोकने के लिए सरकार द्वारा महिला हेल्पलाइन 1090 पर कॉल की जा सकती है। संविधान में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक धाराएं हैं जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करती हैं। धाराओं के अंतर्गत अपराधी को दंड का भी प्रावधान है। आज महिलाएं पुरुषों के समान शिक्षा, चिकत्सा, खेल प्रत्येक क्षेत्र में आगे है। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, मैनेजर रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई, कोऑर्डिनेटर सतेंद्र चौधरी एवं प्रधानाचार्या रणजीत कौर उपस्थित रहे।



थाने में मौजूद छात्राएं और शिक्षिका व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दीं

**बिलारी, अमृत विचार :** गुरुवार को श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गईं। सीएचसी बिलारी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र के नेतृत्व में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के उपरांत औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया। इस दौरान बच्चों को ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण के प्रभारी विशाल सक्सेना दीपक शर्मा एवं प्रदीप फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## शेरपुर पट्टी में सत्संग के नाम पर धर्म परिवर्तन को लेकर रोष

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** धर्म परिवर्तन का एक मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि एक और गांव में सत्संग व प्रार्थना के दौरान तंत्र क्रिया से बीमारी ठीक करने के नाम पर लालच देकर धर्म परिवर्तन का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने नाराजगी जताई है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी गांव का है। चर्चा है कि काफी समय से गांव के कई परिवार मूर्तियों की पूजा न कर अपना धर्म परिवर्तन कर चुके हैं। एक व्यक्ति सप्ताह में एक या दो बार आकर घरों में सत्संग व प्रार्थना के नाम पर तंत्र क्रिया से बीमारी ठीक करने का दावा करता है। बताया जाता है कि वह लालच देकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास कर रहा है। इस संबंध में गांव के प्रधान तेजवीर सिंह ने पुष्टि की है। वहीं, विधि प्रकोष्ठ के जिला प्रमुख व विश्व हिंदू परिषद के अधिवक्ता साजन शर्मा ने बताया कि गांव शेरपुर पट्टी में धर्म परिवर्तन करने का मामला प्रकाश में आया है, जिस पर संगठन के लोगों ने ग्रामीणों से इस मामले की पुष्टि की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि गांव में जाकर जानकारी करेंगे। अगर मामला सही पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। बतातें चले की अभी एक सप्ताह पहले क्षेत्र के गांव रमनावाला में भी धर्म परिवर्तन किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने बताया कि शेरपुर पट्टी गांव का मामला संज्ञान में नहीं आया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप

### बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बताया जाता है कि गांव निवासी सात वर्षीय बच्ची स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रही थी। तभी आरोपी पड़ोसी युवक बच्ची को झाड़ू लगाने के बहाने मकान के ऊपर ले गया। जहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने पुलिस को गांव निवासी युवक के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### घर जा रहे व्यक्ति पर हमला, तहरीर दी

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुरी रवाना निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र महेंद्र ने थाना छजलैट में दी तहरीर में बताया है वह गुरुवार सुबह नौ बजे अपने घर जा रहा था। तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें गालियां दी और उनके विरोध करने पर मारपीट की। उन्होंने वहां से किसी तरह भाग कर जान बचाई। मारपीट में उनको चोट आई है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### तराई किसान संगठन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** तराई किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को उनके कार्यालय पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि जो भी किसानों की मांगे हैं उनको संसद में उठाया जाए। जिनमें एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्जमाफी, बिजली के स्मार्ट मीटर न लगाने, किसानों को दिल्ली आंदोलन में शहादत पर शहीद का दर्जा दिया जाए। इस मौके पर खालिद चौधरी, मोहम्मद अब्बास, दानिश पाशा, महफूज हुसैन, आमिर हुसैन, मुस्तफा, मोहम्मद रफी, सुनील आदि लोग मौजूद रहे।



सांसद जियाउर्रहमान को ज्ञापन देते किसान।



बिलारी में ताजिए के साथ खड़े विधायक मोहम्मद फहीम इरफान एवं हाजी उस्मान।

### परंपरागत तरीके से निकाले गए ताजिए

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से ताजियों का जुलूस निकाला गया। नगर व देहात क्षेत्र से आए ताजिये बिलारी के झंडा चौक पर एकत्र हुए। यहां पर अखाड़ों में तलवार और लाठी-डंडों से करतब दिखाए गए। इसके बाद ताजिये लेकर अजादार कर्बला पहुंचे। बिलारी के मदरसा अहले सुन्नत से ताजियों का जुलूस बिलारी के झंडा चौक पर पहुंचा। जुलूस शकील हलवाई चौक से होता हुआ कर्बला की ओर रवाना हुआ। जहां पर ताजियों को बुधवार देर रात कर्बला में दफन किया गया। कर्बला के पास लगे मेले में बच्चों और महिलाओं ने खरीदारी की।

### सीबीआई की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बिलारी, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में आत्महत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला। इसके बाद वह तहसील पहुंचे, जहां एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित राघव के नेतृत्व में सदस्य पैदल मार्च करते हुए तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि टीएमयू में एक माह में तीन मौतें हुई हैं। इससे कॉलेज में भय का माहौल बना हुआ है। एक माह में तीन आत्महत्या के मामले होने पर भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। जिससे छात्र संगठन में आक्रोश का माहौल है। अभाविप ने पूरे मामले को लेकर सीबीआई जांच करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर भारी तादात में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू भानू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार :** भाकियू भानू के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर 24 जुलाई को तहसील में बैठक बुलाने की मांग की। भाकियू भानू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजपाल सिंह चौहान, डॉ. जितेंद्र विश्नोई, संजय चौहान, सोमपाल सिंह, पंकज कुमार, रवि कुमार एसडीएम विनय कुमार सिंह से मिले। उन्होंने ज्ञापन में अवगत कराया कि जिला पूर्ति अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और जल निगम अधिकारी 24 जुलाई को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक में पहुंचे। इन अधिकारियों से संबंधित विभागों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

### घर में बैठे युवक पर चार लोगों ने किया हमला

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम पैगंबरपुर निवासी गंगाराम पुत्र किशन लाल बुधवार को करीब तीन बजे अपने घर में बैठा था। तभी पड़ोस के सुखीराम, मुंशी, अजीत, पप्पू आदि ने उसके घर पर पहुंचकर गाली गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट कर गंगाराम को घायल कर दिया। परिजन घायल को लेकर थाना कांठ पहुंचे। पीड़ित ने पुलिस को चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया और चारों आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रास्ते पर भैंस नहलाने से मना करने पर की मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** रास्ते में भैंस नहलाने से मना करने को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने ढाई महीने बाद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आठ अप्रैल को ग्राम शाहपुर अब्दुल बारी निवासी महिला रेशमा पत्नी मुख्तियार सुबह 10 बजे अपने घर के सामने भैंस को नहला रही थी। तभी शहाबुद्दीन पुत्र करीम बख्श ने महिला से रास्ते में भैंस नहलाने के लिए मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में गाली-गलौज हो गई। आवाज सुनकर शहाबुद्दीन, अजहरुद्दीन, मिराजुद्दीन एवं भूरिया आदि लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए। उन्होंने रेशमा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने ढाई महीने बाद चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### माता रायसत्ती की जात लगाने उमड़े श्रद्धालु

**बिलारी, अमृत विचार :** प्राचीन रायसत्ती मंदिर में हर वर्ष माता रायसत्ती की जात लगाकर पूजा-पाठ की जाती है। गुरुवार को रायसत्ती मंदिर में श्रद्धालुओं ने जात लगाई और परिवार की कुशलता की कामना की। मंदिर पर वैश्य सभा के लोगों ने चने एवं हलवे का प्रसाद बांटा। राजू गुप्ता ने बताया कि वर्षों से आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष को रायसत्ती माता की पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर प्रिंस गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, विकास गुप्ता, राजू गुप्ता, शोभित गुप्ता, सुमित गुप्ता, राकेश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, शरद गुप्ता, भोला गुप्ता, नितिन गुप्ता, मोहित गुप्ता, रूपेश गुप्ता, राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता, आलोक गुप्ता का सहयोग रहा।

### इमाम हुसैन की शहादत के गम में मजलिस

**कुंदरकी, अमृत विचार :** 11वें मोहर्रम को नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में मजलिस हुई। जिसमें औलादे रसूल को कैदी बनाए जाने का बयान किया। मुहल्ला सादात स्थित शबी असगर रिजवी के अजाखाने पर मजलिस हुई। जिसमें परचम अब्बास रिजवी ने मरसिया पढ़ा तथा खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा की हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों को शहीद करने के बाद यजीदी फौज ने आले रसूल की बेहुरमती करनी शुरू कर दी थी।

### करंट से तीन वर्षीय बच्ची की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हाईवे मार्ग स्थित गांव डोमघर में बुधवार रात तीन वर्षीय बच्ची की टेबल फैन के करंट की चपेट में आने के चलते मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजनों को घटना के बारे में पता चला। बताया गया है कि ग्राम निवसी शफी अहमद की तीन वर्षीय पुत्री फाबिया नूर की पंखे के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

## एक नजर

### सवारी बैठाने को लेकर टेंपो चालक भिड़े, एक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में दो टेंपो चालकों में मारपीट हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मोहल्ला कायस्थान निवासी टेंपो चालक गुलाब राय ने बताया कि केमरी तिराहे पर उसका दूसरे टेंपो चालक से सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी ने उसके सिर में कड़ा मारकर लहूलुहान कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने किया महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल का सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने करीब 20 मिनट तक तक निरीक्षण किया। उनके अचानक आने से अस्पताल के स्टॉफ में खलबली मच गई। उन्होंने ड्यूटी रूम में रखे रजिस्टर और लेबर रूम भी देखा। इस दौरान ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

## बिलासपुर में हुआ हादसा, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर में देर शाम टहलने निकले 80 वर्षीय वृद्ध को



अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। परिजन उन्हें रुद्रपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी राजेंद्र ने बताया है कि उनके पिता बरखूराम शाम को साढ़े आठ बजे नवाबगंज रोड पर टहल रहे थे। तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को रुद्रपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के बरेली रेफर कर दिया। मगर बरेली जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




जिला अस्पताल में बैठे बरखूराम के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

### हादसे के बाद मौके पर रही अफरा-तफरी

हादसे के बाद बाद काफी देर तक घटना स्थल पर अफरा-तफरी मची रही। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बीच रोते-बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। वह घायल वृद्ध को तत्काल रुद्रपुर ले गए।

> अज्ञात वाहन ने वृद्ध को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। बरेली ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।
> **-बलवान सिंह**
> थाना प्रभारी, बिलासपुर

### छत से गिरकर युवक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर निवासी समीर ने बताया कि 27 वर्षीय करामत घर की छत पर रखे पानी के टैंक की सफाई कर रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया। इसके बाद वह जमीन पर पड़े ईंट के ढेर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### गलत तरीके से हुआ जिला शाखा का चुनाव : भीम

**रामपुर, अमृत विचार :** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) के संरक्षक भीम अनार्य ने कहा कि जिला शाखा का चुनाव गलत तरीके से कराया गया है। कर्मचारियों ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार पांडेय को भी जानकारी दी है। इसकी प्रतिलिपि मंडल अध्यक्ष चन्द्र शेखर शर्मा और संरक्षक भीम अनार्य को भी दी गई है।

प्रेम प्रकाश ने कुछ लोगों से अवैध रूप से चुनाव करा लिया है। इस चुनाव में न तो कोई चुनाव अधिकारी थे और न ही कोई प्रदेश का प्रतिनिधि था। इसकी जानकारी किसी भी कर्मचारी को नहीं दी गई। विभाग के लगभग 42 कर्मचारियों ने चुनाव का विरोध करते हुए दोबारा चुनाव कराने इच्छा जताई है।

संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं संरक्षक भीम अनार्य ने कहा है कि यह चुनाव अवैध है। प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को बताया दिया है कि कार्रवाई नहीं होने पर दोबारा चुनाव कराया जाएगा। शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में अनिल कुमार, राकेश कुमार श्रीलाल, जितेंद्र कुमार, जुल्फिकार हसन, शाहिद अली, शाकेब आदि के हस्ताक्षर हैं।

# 48 घंटे बाद मिला भाखड़ा नदी में डूबे किशोर का शव

संवाददाता, बिलासपुर/केमरी

- मंगलवार की सुबह दोस्तों के साथ नहाते समय डूब गया था बकरी चराने गया राज सागर

**अमृत विचार :** पजईया गांव में बकरियां चराने के दौरान भाखड़ा नदी में डूबे किशोर का शव 48 घंटे बाद पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गांव से दो किमी दूर मालनखेड़ा में मिलला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



केमरी थाना क्षेत्र के गांव पजईया निवासी हरि सिंह सागर का 12 वर्षीय पुत्र राज सागर मंगलवार की सुबह 10 बजे भाखड़ा नदी किनारे दोस्तों के साथ बकरी चराने गया था। उसके दोस्त बकरियों के रखवाली कर रहे थे जबकि, राज सागर नदी में नहाने लगा। इस दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। यह देख दोस्तों ने शोर मचाया तो मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। दोस्तों ने घर जाकर राज सागर के परिजनों को बताया। इस पर परिजन तुरंत नदी पर पहुंचे। कुछ देर बाद ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार भी पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से नदी में खोजबीन कराई लेकिन सफलता नहीं मिली।

प्रधान की सूचना पर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, नायब तहसीलदार राजेश कुमार व कोतवाल हिमांशु चौहान आदि घटना स्थल पर पहुंच गए थे। उन्होंने गोताखोरों की मदद से देर रात तक बालक की तलाश कराई। सूचना पर शाम को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी घटना स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया था और अधिकारियों से बालक को जल्द से जल्द तलाशने के निर्देश दिए। गुरुवार की दोपहर 11 बजे गोताखोरों की सहायता से बालक के शव को गांव से दो किमी दूर मालनखेड़ा से बांसियों के बीच फंसे शव को तलाश लिया। कोतवाल हिमांशु चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।




बिलासपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### वनकर्मियों पर फायरिंग का एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने वनकर्मियों पर फायरिंग कर घायल करने वाले एक तस्कर को दबोच लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जंगल में गश्त करते समय करीब एक सप्ताह पूर्व वन रक्षक एवं बीट प्रभारी श्यामलाल, वन कर्मी रूपचंद और आलेहसन तथा एक अन्य पर तस्करों ने फायरिंग कर दी थी। इसमें रूपचंद और आलेहसन घायल हो गए थे। गुरुवार को पुलिस ने फायरिंग करने वाले नरेंद्र सिंह उर्फ दीपा निवासी बेरखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# धान लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में कैंटर ने मारी टक्कर

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** हाईवे पर धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। उसके घायल चालक को निजी अस्पताल में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर ट्रक के परिचालक का उपचार सीएचसी में उपचार हो रहा है।

हादसा गुरुवार की सुबह दस बजे हाईवे स्थित खूंटाखेड़ा गांव के पास हुआ। टांडा तहसील निवासी अमीर अहमद अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान लादकर नवीन मंडी जा रहा था। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार केंटर ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। उसके चालक की चीख निकल गई। टक्कर मारने वाला कैंटर भी अनियंत्रित होकर पलट गया।



हादसे के बाद मौके पर पड़ा धान और ट्रैक्टर का पहिया। ● अमृत विचार

- दो टुकड़ों में बंट गया ट्रैक्टर, हादसे में दो लोग घायल

हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ट्रैक्टर चालक को गंभीर अवस्था में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। सीएचसी में भर्ती कैंटर के परिचालक सतवीर ने बताया कि चालक को नींद की झपकी आने से वह वाहन से नियंत्रण खो बैठा। कैंटर चालक फरीदाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है।

# ताजिया देखने गए मंदबुद्धि किशोर को युवकों ने पीटा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** ताजिया देखने गए मंदबुद्धि किशोर को कुछ लोगों ने डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे झोलाछाप की दुकान में डालकर भाग गए। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। स्वार कोतवाली में तहरीर दे दी गई है।

मोहल्ला चांद मस्जिद निवासी अशफाक अहमद का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कादिश रजा पार्क में बन रहे ताजिये को देखने गया था। वहां उसे मोहल्ले के कुछ युवकों ने घेर लिया और लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी उसे झोलाछाप की दुकान में डालकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर किशोर के परिजन रजा पार्क पहुंचे। उन्हें वह झोलाछाप की दुकान में घायल अवस्था में पड़ा मिला।



मोहल्ला चांद मस्जिद में युवकों की पिटाई से घायल मोहम्मद कादिश।

परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अशफाक अहमद ने स्वार पुलिस को नबी अहमद और उसके साथी साजिद कुरैशी निवासी नगर पंचायत नरपत नगर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्तर मानक पूर्ण होने पर जनपद में मिलक के लोहा पट्टी, सैजनी नानकार और सैदनगर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र मिला है।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि केंद्रीय टीम ने 27 मार्च को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नानकार और 28 को लोहा पट्टी का निरीक्षण किया था। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नानकार ने 89.84 प्रतिशत एवं लोहा पट्टी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए वर्चुअल मोड आरंभ कर दिया है। इससे अब जनपद के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को कम समय में राष्ट्रीय स्तर के मानक पर ले जाकर एनक्यूएएस प्रमाणित करा पाएंगें।



लोहा पट्टी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मौजूद कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत सिंह व स्टॉफ।

- 27 मार्च को नानकार, 28 को लोहा पट्टी का केंद्रीय टीम ने किया था निरीक्षण

जिला क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित एनक्यूएएस चेक लिस्ट में क्वालिफाई करने के लिये ओवरआल आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंक 70 प्रतिशत या अधिक होने चाहिए।

ऐसा होने पर राज्य सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को उच्चीकृत करने हेतु धनराशि दी जाती है। ताकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आने वाले लाभार्थियों को सुविधापूर्ण तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें।



भमरौआ रोड स्थित दुकान पर नमूने लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

# खाद्य विभाग की टीम ने लिए तीन नमूने

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले लोगों के विरुद्ध सचल दल ने छापेमारी करते हुए तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इसे मिलावटखोरों में खलबली मची रही। सभी पदार्थों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में सचल दल ने छापेमारी की। टीम ने फैजुल्लानगर में तौकीर अहमद के किराना स्टोर से सरसों का तेल, हल्दी पाउडर, भमरौआ रोड स्थित नूर हसन की दुकान से रिफाइंड, पामोलीन तेल का नमूना लिया।

सहायक आयुक्त ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर रेलवे स्टेशन के सामने जायका मुरादाबादी चिकन बिरयानी, पाशा चिकन बिरयानी के दुकान स्वामी को नियमानुसार कारोबार करने के निर्देश दिए हैं। छापेमारी में मनोज कुमार, राहुल शुक्ला और अजरा बी आदि शामिल रहे।

# महिला की हत्या में पति सहित तीन दोषियों को सात-सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला की हत्या करने के मामले में एफटीसी द्वितीय कोर्ट ने तीन आरोपियों को सात-सात साल की कैद और 20 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

मामला केमरी थाना क्षेत्र के गांव चकिया हयातनगर से जुड़ा है। यहां रहने वाले पूरनलाल का कहना है कि कुछ साल पहले उसने अपनी बेटी रेखावती की शादी पटवाई के बहपुरा बकैनिया निवासी सतीश से की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालियों ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने दो फरवरी 2022 को रेखावती की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी।

### महिला को जहर देकर मारने में तीन दोषियों को सजा

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला को जहर देकर मारने में तीन दोषियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। एक दोषी को 10 साल जबकि दो दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। मिलक थानाक्षेत्र के गांव भौनकपुर निवासी प्रेम सिंह ने कुछ समय पहले अपनी बहन की शादी पटवाई के गांव बैकेनिया निवासी धर्मवीर से की थी। शादी के कुछ समय के बाद ससुरालियों ने उसकी बहन की जहर देकर हत्या कर दी थी। पटवाई पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी अंजू सिंह ने बताया कि अदालत ने धर्मवीर को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रामकुंवर और सुशीला को सात-सात वर्ष की सजा सुनाई गई है।

- एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी सुनवाई
- एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी सुनवाई

इस मामले की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी ओमप्रकाश लोधी ने बताया कि सतीश, ऊदल और नन्हीं को अदालत ने सात-सात साल की सजा सुनाई। इसके अलावा 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

### अनुपस्थित शिक्षकों और शिक्षामित्रों को दिए नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बिलासपुर के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले शिक्षक और शिक्षामित्रों को नोटिस दिए गए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बिलासपुर ब्लॉक के संविलियन विद्यालय नरखेड़ा में शिक्षामित्र इशरत अली, प्राथमिक विद्यालय हसनपुर में प्रधानाध्यापक अरशद अली, सहायक अध्यापक सुमन पांचाल अनुपस्थित मिले। इसके अलावा शिक्षामित्र वेद प्रकाश एवं नजमा खानम, उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक जाकिर हुसैन, प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में सहायक अध्यापक ज्योति पंडित, शिक्षामित्र अमरीक सिंह चौहान विद्यालय में हस्ताक्षर होने के बावजूद अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित मिले अध्यापकों एवं शिक्षामित्र का वेतन/मानदेय रोकते हुए नोटिस दिए हैं।



नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में बोलते चेयरमैन दिनेश गोयल। ● अमृत विचार

# बोर्ड बैठक में उठा अतिक्रमण का मुद्दा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा जोरशोर से उठा। कहा कि नगर में कई जगहों पर अतिक्रमण के होने से जाम की समस्या बनी रहती है। चेयरमैन दिनेश गोयल ने शीघ्र ही अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें सभासदों ने जलकर और गृहकर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब तक पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी और शराब की दुकानों से पूर्ण रूप से टैक्स की वसूली नहीं की जाएगी तब तक कोई नागरिक टैक्स नहीं देगा। सभासदों ने नगर में रेत उगल रहे सरकारी हैंडपंपों को सही कराने की मांग की है। रजा पार्क से भूबरा जाने वाले मार्ग एवं क्षतिग्रस्त पुलियों का निर्माण कराने की मांग की गई। ईओ मनोज कुमार मिश्रा ने लोगों से सफाई में सहयोग की अपेक्षा की।

बैठक में चेयरमैन दिनेश गोयल, ईओ मनोज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा, बृजनंदन सागर, डॉ. अनिल सागर, भगवती देवल, राजकुमारी, विमला मौर्य, कुसुम आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई** धमोरा से रठौंडा रोड तक लोक निर्माण विभाग ने हटवाया अतिक्रमण, मकानों के बाहर निकले छज्जों को भी तुड़वाया गया

# अतिक्रमण पर गरजी प्रशासन की जेसीबी, मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/धमोरा

**अमृत विचार :** धमोरा से रठौंडा रोड तक अतिक्रमण पर प्रशासन की जेसीबी गरजी। लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग की टीम ने आबादी वाले क्षेत्र में अतिक्रमण को हटवाया। कार्रवाई के दौरान लोगों को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया जाए। इस कार्रवाई से लोगों में खलबली मची रही।

दो दिन पहले ही जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने धमोरा रोड का निरीक्षण किया था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केवी सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी पुलिस बल के साथ धमोरा रोड पहुंचे। उन्होंने जेसीबी से मकानों के आगे बने छज्जे ध्वस्त कराए। इस कार्रवाई को देख लोगों ने खुद ही सामान समेटना शुरू कर दिया।



मकान के आगे बने छज्जे को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

- कार्रवाई को देख लोग खुद ही समेटने लगे सामान

एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि धमोरा से रठौंडा के आबादी वाले क्षेत्र में अतिक्रमण को हटवाया दिया है। पंजाबनगर से जौलपुर पर चल रहे कार्य का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। धमोरा संवाददाता के मुताबिक रठौंडा मार्ग का चौड़ीकरण कराने का कार्य हो रहा है। इसके कारण अतिक्रमण को साफ कराया गया। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता हर्षित जैन, जेई उमामा रहमानी, हलका लेखपाल दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।



कार्रवाई के दौरान खड़े ग्रामीण। ● अमृत विचार

> धमोरा-रठौंडा मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस संबध में आज अवैध कब्जे हटवाए गए हैं।
> **-अंकित अवस्थी**
> नायब तहसीलदार

# पर्यावरण संरक्षण के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण सम्बन्धित जानकारी दी। उन्होंने जल तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया।

राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में भूजल सप्ताह का आयोजन हुआ। जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष की थीम जल संरक्षण का करो प्रयास, जल ही है जीवन की आस है। नमामि गंगे के तहत गंगा डालफिन नील हरित शैवाल के बारे में जागरूक किया। जल को संरक्षित करने और जल बचाव के उपाय भी छात्राओं को बताए। शृंखला में वर्क एनजियो की वूमेन विंग अक्सा सलीम ने छात्राओं को गंगा समिति की नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जागरुक करते हुए बताया कि भविष्य में पृथ्वी को बचाना है तो जल और पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए शुरूआत हमें पहले स्वयं से ही करनी होगी।



कालेज में हुए कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

- 22 जुलाई तक मनाया जाएगा भूजल सप्ताह

प्रधानाचार्य शिव शंकर ने आभार व्यक्त किया। छात्राओं से सभी बातों पर अमल करते हुए इसे अपने जीवन में उतारने की अपील की।

कहा कि इसकी शुरूआत अपने घर-परिवार और विद्यालय से करें। छात्राओं ने जल संरक्षण को दर्शाने वाले पोस्टर बनाए। जिला गंगा समिति से जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार और वर्क संस्था टीम से अक्सा सलीम, शमोना राघिव, निदा अमीर और शुमैला खान मौजूद रहे।

## एक नजर

### भक्तों ने शक्ति दरबार मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रामपुर, अमृत विचार :** शक्ति दरबार में गुरुवार को पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भक्तों के साथ जगत कल्याण के लिए पूजा-अर्चना की। देवशयनी एकादशी पर विशेष रूप से स्वस्थ रहने को लेकर यज्ञ हुआ। यज्ञ के बाद आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर ललित शर्मा, सौरभ पाण्डेय, विवेक शर्मा, जेएन पांडेय, रामभरोसे लाल यादव, किशन लाल चंद्रवंशी, राधा, मुस्कान, शिवांगी, कृष्ण कुमार, अनिल चौरसिया, मिथलेश, नीता बंसल, मुकेश रावत, जितेन्द्र, मंजू शर्मा, रश्मि, प्रभा, कृष्णा, नूतन, पुनीत, बांदू आदि शामिल रहे।

### बिजली को लेकर अधिशासी अभियंता को भेजा पत्र

**शाहबाद, अमृत विचार :** ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या और गांव में बिजली न आने से परेशान मित्तरपुर अहरौला के प्रधान इंजमाम उल हक ने अधिशासी अभियंता को पत्र भेजा है। प्रधान ने बताया कि उनके गांव की जनसंख्या बढ़ गई है, लेकिन ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई। गांव में 450 कनेक्शन धारक हैं। समय पर बिजली का बिल भी उपभोक्ता जमा कर रहे हैं। क्षमता कम होने की वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक जाता हैं। पत्र पर रईस खां, तारिक खां, अकीत खां, इकरार खां आदि के हस्ताक्षर हैं।

# लुटी हुई सी बीबियां हैं कुछ के जिनका सरदार...

## हजरत अब्बास अलमदार की याद में निकला अलम का जुलूस, मुकामी अंजुमनों ने की नौहाख्वानी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- बजरिया मुल्ला जरीफ और नौदरा चौकी होते हुए इमामबाड़ा किला पहुंचा जुलूस



11वीं मोहर्रम को निकले अलम के जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** 11वीं मोहर्रम को हजरत अब्बास अलमदार की याद में शहर में अलम का जुलूस निकला। इसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। अलम का जुलूस बजरिया मुल्ला जरीफ, कोयले वाली मस्जिद, नौदरा चौकी, हामिद गेट होता हुआ इमामबाड़ा किला पहुंचा।

शहीदे कर्बला हजरत अब्बास अलमदार की याद में गुरुवार को मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग से अलम का जुलूस निकला। इसमें स्थानीय अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। इससे पहले मौलाना अर्शी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि चार साल की सकीना बाबा-बाबा पुकारती हुई मकतल की तरफ चली गईं। तभी एक लाश से आवाज आई इधर आ सकीना तेरा बाबा यहां है। चार साल की सकीना अपने बाबा इमाम हुसैन के सीने पर लेट गईं और बाबा से कहा कि उन्हें लईनों ने तमाचे मारे, उनके कानों से बालियां नोच लीं, कानों से खून बहता रहा। कहा कि हमारे खेमों को आग लगा दी गई। फुफी जैनब भाई बीमारे कर्बला जैनुल आबेदीन को इस खेमे से उस खेमे में पहुंचाती रहीं। इस बीच इमाम हुसैन की बहन जैनब सकीना को आवाजें देती हुई मकतल तक आ पहुंची। वहां देखा कि बेटी अपने बाप की लाश से चिपकी हुई बयान कर रही है। जैनब ने सकीना को उठाया और पूछा कि वह अपने बाबा की लाश को कैसे पहचानी। तब सकीना ने बताया कि वह बाबा-बाबा करती हुई मकतल की तरफ आ पहुंची तभी एक लाश से आवाज आई कि बेटी इधर आ, तेरा बाबा इधर है और दोनों हाथ उठा दिए। यह सुनकर अजादार जारो कतार रोए। अलम के जुलूस में असलम महमूद और इफ्तिखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा- लुटी हुई सी बीबियां हैं कुछ के जिनका सरदार नातवां है, यह काफिला तो हुसैन का है हुसैन इनमें मगर कहां हैं।

जुलूस के चौकी बजरिया पहुंचने पर शान जैदी ने यह नोहा पढ़ा- अब्बास आ रहे हैं मश्को अलम संभाले, दरिया से अपनी फौजें कातिल जरा हटा ले। अलम का जुलूस बजरिया मुल्ला जरीफ, कोयले वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, नौदरा चौकी, हामिद गेट होता हुआ शाम को इमामबाड़ा किला पहुंचा। जुलूस में मौलाना मूसा रजा, मसूद जैदी, हनी जैदी, लकी जैदी, शॉजी जैदी, मिर्जा तकी अब्बास, शान जैदी, बिट्टन जैदी, इकबाल मियां, शबाब हुसैन, सैयद मोहम्मद अली जैदी, फराज हुसैन समेत काफी तादाद में अजादार शामिल रहे।

### इमामबाड़ा खासबाग से आज निकलेगा मेहंदी का जुलूस

इमामबाड़ा खासबाग से 12 मोहर्रम को अपराह्न 2 :30 बजे मेहंदी का जुलूस निकलेगा। मेहंदी के जुलूस में स्थानीय अंजुमने नोहाख्वानी और मातम करेंगी। जुलूस राहे जुल्फिकार, हाईवे, सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचेगा। 12 मोहर्रम को शहीदाने कर्बला का सोयम होगा और तमाम इमामबाड़ों में मजलिस मातम होगा। इमामबाड़ों में मजलिस मातम कर बीबी फातिमा को उनके लाल इमाम हुसैन का पुरसा दिया जाएगा। इमाम हुसैन को उनके 71 साथियों समेत यजीद की फौज ने कर्बला के मैदान में दस मोहर्रम को शहीद कर दिया था।

## सार संक्षेप



राणा शुगर मिल में प्रबंधन को पौधे भेंट करते भाकिसं के कार्यकर्ता।

### भारतीय किसान संघ ने राणा मिल में किया पौधरोपण

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ ने पौधरोपण किया। कार्यकर्ताओं ने तहसील में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार तथा राणा मिल में मिल प्रबंधन के लोगों के साथ पौधों को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। गुरुवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता राणा शुगर मिल में एकत्र हुए। उन्होंने मिल परसिर में पौधरोपण किया। इसके बाद तहसील में कई सौ पौधे रौंपे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारा जीवन पर्यावरण से जुड़ा है। पृथ्वी हरी-भरी रहे। इसलिए हमें पौधे लगाने चाहिए। लेकिन पौधे लगाकर भूल जाना गलत है। पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना जरूरी है। इस अवसर पर मेरठ के प्रांतीय सदस्य गजराम सिंह, युवा जिला प्रमुख राजीव चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह एवं महामंत्री मनोज प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### पौधरोपण कार्यक्रम की जानकारी के लिए बना कंट्रोल रूम

**रामपुर, अमृत विचार :** 20 जुलाई को जनपद में 26 .40 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस संबंध में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण से पहले स्थानों का चिन्हांकन, गड्ढों की खोदाई, लक्ष्य के अनुरूप नर्सरी से पौध उठाकर सभी विभागों के लिए निर्धारित स्थानों पर समय से पहुंच जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम की नियमित मॉनीटरिंग भी की जाएगी। इस उद्देश्य से डीएफओ कार्यालय के नियंत्रण में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसे 24 घंटे क्रियाशील रखा जायेगा। संचालन व सूचना के आदान-प्रदान के लिए जिले को सेक्टर व जोन में विभाजित कर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी विकासखंडों को सेक्टर एवं तहसीलों को जोन के रूप में विभाजित करते हुए विकासखंड, नगर निकाय स्तर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। वन विभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारियों एवं तहसीलदारों को तहसील स्तर पर और जोनल मजिस्ट्रेट एवं तहसील स्तर पर किसी भी आकस्मिक कठिनाई के त्वरित व सामयिक निस्तारण के लिए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं वन विभाग के सहायक उप वन संरक्षक को संयुक्त टीम के रूप में जोनल को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, अध्यक्ष नगरीय निकाय एवं पार्षद, सभासद मौजूद रहेंगे।

### गरीब की बेटी की शादी के लिए समिति ने दिया सामान



गरीब कन्या की शादी में देने वाले सामान के साथ समिति के पदाधिकारी।

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से द्वारा श्री गुरु सिंह सभा में एक निर्धन परिवार की बेटी को सामान दिया। उसकी शादी 27 तारीख को है। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारत गार्डन के मालिक शत्रुघ्न थरेजा ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का काम है। समिति के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति अब तक 492 लड़कियों की शादी में सहयोग कर चुकी है। यह आगे भी जारी रहेगा। जिस लड़की की 27 तारीख को शादी है, उसकी मां को समान व नकदी देकर सहयोग किया गया। इस मौके पर सुनील अग्रवाल, सनी कपूर, विक्रम सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, जबल, अर्जुन सिंह, सुरजीत सिंह ग्रंथी आदि मौजूद रहे।

### बढाई जाए आधार कार्ड बनाने के केंद्रों की संख्या

**टांडा, अमृत विचार :** गुरुवार को भाजपा नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष के पति मकसूद लाला ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को तीन सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा है कि राशन कार्डों की ई-केवाईसी का कार्य चल रहा है। इसके लिए आधार कार्ड की जरूरत है। नगर में सिर्फ डाकघर में ही आधार कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके चलते आधार कार्ड बनने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने नगर में आधार कार्ड बनाने के लिए केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

### अशोकपुर गांव में सर्पदंश से बालिका की मौत

**भोट, अमृत विचार :** क्षेत्र के पट्टी अशोकपुर गांव निवासी इंद्रजीत की पांच वर्षीया पुत्री कनक बुधवार की रात घर में सो रही थी। रात में उसे जहरीले सांप ने डस लिया। उसके मुंह से झाग निकलते देख परिजन मनकरा गांव में झाड़फूंक करने वाले के पास ले गए। काफी देर तक होश न आने पर परिजन उसे बिलासपुर स्थित निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मारपीट के चार आरोपियों का शांतिभंग में किया चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में चार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की है। कोतवाल बलवान सिंह ने बताया कि मिलक के सैंडोली गांव निवासी संजीव सैनी को पकड़ लिया गया है। वह हाईवे पर सवारी बैठाने को लेकर टेंपो चालकों से झगड़ा कर रहा था। पिपलिया गोपाल का मझरा गांव निवासी मुकेश कुमार, सत्यवीर तथा टिंकू गांव के ही रामवीर से मारपीट कर रहे थे। चारों आरोपियों को शांति भंग की धाराओं में चालान करके एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया है।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने समाज सेवा की ली शपथ

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल में प्रेरक इंटरैक्ट क्लब के स्थापना समारोह का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने समाज सेवा करने की शपथ ली। गुरुवार को गांव दिबदिबा स्थित विद्यालय में इंटरैक्ट क्लब का स्थापना समारोह मनाया गया। इसमें पार्थ बत्रा को अध्यक्ष, कुशाग्र अरोरा को उपाध्यक्ष, रितेश राज चौधरी को सचिव, नीलक्षी को संयुक्त सचिव, नकुल गंगवार को कोषाध्यक्ष, पार्थ बत्रा सार्जेंट-एट-आर्म्स, अंशुल मनोचा शांति स्थापना और संघर्ष निवारण, यशिस्वनी राय पर्यावरण, हरनीत कौर रोग की रोकथाम एवं उपचार, कृतिका, गुरलीन कौर, वृंदा बांगा, वैष्णवी खुराना, राघव चौहान, अरशान अहमद, पावनी त्रिपाठी, पार्थ अग्रवाल, जिया चौहान को जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। चेयरमैन पूर्व विंग कमांडर एचके राय, डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका निधि राय तथा प्रधानाचार्य ममता बिष्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जगदीश सिंह बिष्ट, जय प्रकाश, चंचल जीत सिंह, गौरी गगनेजा, नीतिका पांडेय, एनसी पाठक आदि मौजूद रहे।

### अपंजीकृत अस्पताल को किया सील

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में औचक छापेमारी कर अपंजीकृत अस्पताल को सील कर दिया। इससे झोलाछापों में हड़कंप मच गया। गुरुवार की शाम स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ. केके चाहल ने शिकायतों के मद्देनजर मझरा मार्ग स्थित आरजू अस्पताल पर छापेमारी की। बताया कि अस्पताल संचालक कोई प्रपत्र नहीं दिखा सका। नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ ने बताया कि इस पर आरजू अस्पताल को सील कर दिया है। अस्पताल संचालक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

### दो अवर अभियंता का सहारनपुर हुआ स्थानांतरण

**रामपुर, अमृत विचार :** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर दो अवर अभियंताओं का तबादला सहारनपुर कर दिया गया है। सिविल लाइंस बिजलीघर में तैनात वीपी सिंह और बिलासपुर डिवीजन में तैनात जाहिद इकबाल का तबादला सहारनपुर हुआ है। विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है जनपद में अभी कुछ और अधिकारियों के भी तबादले होने है। तबादला होने से अन्य अवर अभियंताओं में खलबली मची है।

# जल संरक्षण सभी की जिम्मेदारी : डीएम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- भूजल सप्ताह में जिलाधिकारी ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**अमृत विचार :** भूजल सप्ताह के तहत 22 जुलाई तक जनता को भूमिगत जल के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण करना सभी की जिम्मेदारी है। भविष्य की जरूरत को देखते हुए सभी को वर्षा के जल के संचय को बढ़ावा देने और भूमिगत जल के दोहन को रोकने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसके बाद भूगर्भ जल विभाग की टीम ने विकास खंड चमरौआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोयला, विकास खंड सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय मिलक याकूब, बिलासपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मुड़िया खुर्द और विकास खंड स्वार के प्राथमिक विद्यालय कुम्हरिया कला में पहुंचकर बच्चों एवं स्थानीय लोगों को पंफलेट वितरित करते हुए जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग गणेश कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई जितेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।

## शरारती तत्वों ने उखाड़ दिए पेड़, कार्रवाई की मांग

**भोट, अमृत विचार :** पौधरोपण अभियान के तहत श्मशान की भूमि में लगाए गए पौधों को शरारती तत्वों ने उखाड़ कर गायब कर दिया। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव शाहदरा उर्फ थूनापुर के प्रधान रामऔतार लोधी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि 15 जुलाई को श्मशान घाट की खाली पड़ी भूमि पर 265 फलदार व छायादार पौधे लगाये थे। 16 जुलाई को सभी पौधे गायब थे। ग्राम प्रधान ने केशोनगली गांव के कुछ लोगों पर पौधे उखाड़ने का आरोप लगाते हुए श्मशान घाट के निर्माण के दौरान जानलेवा हमला करने व ट्रैक्टर ट्राली को क्षतिग्रस्त करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने मामले की जांच मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी से कराने की मांग की है।

# डीएम ने किया अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- चयनित भूमि की सही से पैमाइश कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बिलासपुर की मनकरा ग्राम पंचायत में शॉपिंग मॉल निर्माण के लिए चयनित भूमि व अमृत सरोवर के सुंदरीकरण का निरीक्षण किया।

डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल के साथ बमनपुरी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खेलों को प्रोत्साहित करने एवं खिलाड़ियों की सुविधा के के लिए स्केटिंग ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट एवं रनिंग ग्राउंड का जीर्णोद्धार कराने के निर्देश जिला क्रीड़ा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने बिलासपुर की ग्राम पंचायत मनकरा में अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। अमृत सरोवर के चारों ओर पाथवे का निर्माण कराया गया है। चार हट भी बनवाए गए हैं। तालाब के किनारे बैठने के लिए हॉल का भी निर्माण कराया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी ने शॉपिंग मॉल के लिए चिन्हित की गई जमीन का निरीक्षण किया।

उप जिलाधिकारी बिलासपुर को निर्देश दिए कि मॉल के लिए चयनित भूमि की सही प्रकार से पैमाइश करा ली जाए। खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव चयनित भूमि पर शॉपिंग मॉल निर्माण करने की नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण करें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वह सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहें। ताकि गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्य हो सके।



जलसा-ए- जिक्रे शहादत में बोलते मौलवी मआसिर उल्लाह खां वजीही।

# इमाम हुसैन की कुर्बानी को ताजा करता है माहे मोहर्रम

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहीदाने कर्बला की याद में अंगूरी बाग स्थित मस्जिद खतीबे आजम में 105वां सलाना जलसा जिक्र- ए-शहादत हुआ। इसमें रियासत अली खां नूर वजीही, मुकर्रम नियाजी, मौलवी मुशाहिद फुरकानी ने कलाम पेश किए।

जलसे को खिताब करते हुए खतीबे आजम मौलवी मोहम्मद मआसिर उल्लाह खां वजीही ने कहा कि शहीद की वफात असल में वफात नहीं होती, बल्कि महबूब की महबूब से मुलाकात होती है।

खानवादा खतीबे आजम मुफ्ती मौलवी मआरिफ उल्लाह खां वजीही ने तकरीर में कहा कि मोहर्रम का महीना हमारे दिलों में हजरत इमाम हुसैन की याद, उनकी कुर्बानी को ताजा कर देता है। मौलवी फैजान ने सलातो- सलाम पढ़ा। मुफ्ती-ए-आजम हजरत मौलाना महबूब अली कादरी वजीही ने दुआ कराई।

## ओसी में पुलिस ने उठवाया ताजिया

**शाहबाद, अमृत विचार :** ओसी गांव में ताजियों का मेला लगता है। इसमें आसपास के ताजिए शामिल होते हैं। सबसे सुंदर व ऊंचे ताजिए को इनाम मिलता है।

बुधवार को ताजियों के जुलूस के बाद मेला लगा। पड़ोसी जनपद बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव मिलक दस्तमपुर का भी ताजिया शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि एक तो ताजिया निकालने में देर कर दी, ऊपर से इसमें डीजे लगा था। वहां मौजूद दरोगा ने इस पर एतराज किया। पुलिस से विवाद की स्थिति पैदा हो गई। आरोप है कि पुलिस ने लाठी फटकार दी। इससे लोग ताजिया छोड़कर भाग गए। कोतवाल प्रिंस शर्मा मौके पर पहुंचे और लोगों को बुलाकर ताजिया उठवाया। कोतवाल का कहना है कि ओसी में आपस में विवाद के चलते ताजिया छोड़ गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता करके ताजिया उठवा दिया।



ग्रीनवुड स्कूल में व्याख्यान देते निजामुद्दीन ताहिर। ● अमृत विचार



सेमिनार में मौजूद स्टॉफ व बच्चे। ● अमृत विचार

# जार्जिया की महारानी की हड्डियों पर किए शोध के बारे में बताया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में गुरुवार को पुरातत्व पर हुए सेमिनार में एएसआई के रिटायर्ड डायरेक्टर निजामुद्दीन ताहिर ने जार्जिया की महारानी की हड्डियों पर शोध कार्य के बारे में बताया। उसके संबंध में ईरान से होकर गोवा तक के बारे में विस्तार से समझाया।

ग्रीनवुड स्कूल में पुरातत्व को लेकर हुए सेमिनार में एएसआई के रिटायर्ड डायरेक्टर निजामुद्दीन ताहिर ने स्वर्णिम गोवा शीषर्क पर कक्षा 11 और 12 के बच्चों के बीच व्याख्यान दिया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न चलचित्रों के माध्यम से अपने शोध कार्य स्वर्णिम गोवा के संबंध में जानकारी दी। बताया कि गोवा में एक कांप्लेक्स में चर्च, स्कूल और उसमें टॉवर शामिल है। उन्होंने जर्जिया, ईरान और गोवा के संबंध में उत्खनन द्वारा प्रमाणित मानचित्रों के माध्यम से समझाया।

अंत में स्कूल के डायेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मुख्य अतिथि से पुरातत्व से संबंधित प्रश्न किए।

**जानकारी** — नेहरू कन्या इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साफ-सफाई के लिए किया प्रेरित

# मलेरिया विभाग की टीम ने किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



छात्राओं को जानकारी देते सहायक मलेरिया अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मलेरिया विभाग की टीम ने छात्राओं को जागरूक किया। सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार रॉय ने प्रधानाचार्य को कॉलेज में साफ-सफाई करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं से कहा कि दो सप्ताह से लगातार खांसी-बुखार होने पर तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से परामर्श लें, अथवा टीम को सूचना दें।

गुरुवार को जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान के निर्देश पर सहायक मलेरिया अधिकारी समेत टीम नेहरू कन्या इंटर कॉलेज पहुंची। उन्होंने छात्राओं से कहा कि कूलर, टंकी और फ्रिज के पीछे जहां पानी गिरता है उस जगह को समय-समय पर साफ करें। बारिश में छतों पर पड़े टॉयरों में बारिश का पानी भर जाता है। इसमें सबसे ज्यादा मच्छर पनपते हैं। इसलिए सप्ताह में इसे साफ करें। सोते समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। दरवाजों पर जाली लगाएं। मच्छरदानी का प्रयोग करें। जितना हो सके घरों के आसपास सफाई का ध्यान रखें।

इसके बाद छात्राओं को मलेरिया विभाग की टीम ने जानकारी दी। बताया कि मलेरिया की जांच और उपचार सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है। इसके बाद प्रधानाचार्य के साथ टीम की बैठक हुई। इस अवसर पर फाइलेरिया निरीक्षक राइना कौसर, बॉयोलॉजिस्ट देवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

### घरों में लार्वा मिलने पर दिए जाएंगे नोटिस

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि अभी तो लोगों को साफ-सफाई के लिए बताया जा रहा है। इन पर अमल नहीं करने पर जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की जाएगी। 2023 में 582 से अधिक घरों में लार्वा मिलने पर नोटिस दिए थे। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि लार्वा पनपने से ही बीमारियां होती हैं। इसके लिए लोग जिम्मेदार हैं।



विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# विजेताओं को किया पुरस्कृत

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** मोहल्ला लक्ष्मीगर स्थित एसजीएम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बस्ता प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षावार प्री नर्सरी में अजान अली प्रथम, अरोही द्वितीय और सिदरा मुतंहा तृतीय स्थान पर रहीं। नर्सरी में मोहम्मद जुनैद पहले, पवन दूसरे व तनवी तीसरे स्थान पर रहीं। एलकेजी में रवि कुमार प्रथम, रिदा फातिमा द्वितीय व कनक और प्रिया तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी में मोनिका राघव प्रथम, भविष्य मीत द्वितीय व मोहम्मद हुसैन तृतीय स्थान पर रहे। पहली से पांचमी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विजेताओं को प्रबंधक अनार सिंह यादव ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर बबीता सिंघल, कंचन, हिमांशु, मीनाक्षी, कोमल आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### टेंपो से टकराई बाइक दो लोग घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुरुवार को सुबह मेरठ-बदायूं हाईवे पर गुन्नौर कोतवाली के क्षेत्र के गांव सैंजना मुस्लिम के पास टेंपो से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पुरुषोत्तम पुत्र रतिराम और अंकुर पुत्र नरेश निवासी गांव रसूलपुर थाना सहसवान जनपद बदायूं घायल हो गए। बताया गया कि दोनों गुन्नौर से अपने गांव जा रहे थे। घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चचेरे भाइयों पर लगाया मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सिरौलिया निवासी सर्वेश पत्नी सुरेश कुमार ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि भाई नहीं होने की वजह से अपने पिता की देखभाल के लिए पति सहित मायके रहती हूं। आरोप है कि चचेरे भाइयों ने 12 घर आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। सर्वेश को बचाने पहुंचे उसके पिता पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की।

### पति पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी में स्टेशन बस्ती निवासी एक महिला ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर दी। कहा कि पति शराब पीने के आदी हैं। आरोप है कि महिला का पति घर में बुलाकर अपने दोस्तों को भी शराब पिलाता है। इसके साथ ही व्यक्ति मीट बनाने के लिए पत्नी पर दबाव बनाता है। मना करने पर व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता है। महिला का कहना है कि पति के साथी शराब के नशे में अश्लील इशारे भी करते हैं। पति की इन हरकतों से परेशान महिला ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

### एमएड प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के बहजोई रोड स्थित मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गयी है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। ये जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने बताया कि जो विद्यार्थी एमएड प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते हैं वह हाईस्कूल, इंटर, स्नातक एवं बीएड की अंकतालिका के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# बच्चों संग तालाब में नहा रहे 10 साल के बालक की डूबकर मौत

## महिलाओं ने बच्चे को पानी से बाहर निकाला लेकिन जान नहीं बची

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** साथी बच्चों के साथ तालाब में नहा रहा बालक अचानक गहरे पानी में पहुंच कर डूबने लगा तो तालाब के किनारे खड़ी महिलाओं ने बच्चे को तालाब से बाहर निकाला। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


हिमांशु।

बहजोई के गांव आनंदपुर निवासी भूदेव का 10 वर्षीय बच्चा हिमांशु अपने साथी प्रीतम व भूरा के साथ भैंसों को नहलाने नवीन पुलिस लाइन के निकट तालाब पर गया था। भैंस तालाब में छोड़ कर तीनों बच्चे खुद भी नहाने लगे। नहाते समय अचानक हिमांशु गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। उसने खुद को बचाने के लिए चिल्लाना शुरु कर दिया। तालाब किनारे खड़ी दो महिलाएं बच्चे को बचाने के लिए तालाब में उतर गईं और किसी तरह उसे तालाब से बाहर निकाला। सूचना जैसे ही गांव में मिली तो ग्राम प्रधान गजेंद्र सिंह अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में बालक को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने बालक का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की तो परिजनों ने बच्चों का पोस्टमार्टम करने से इन्कार कर दिया। कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से भी मना कर दिया। बालक के शव को परिजन घर लेकर चले गए जहां पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### दूसरे ई रिक्शा पर पलटा ई रिक्शा, पांच लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले में बिलारी निवासी ओमवीर गुरुवार को हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव कमलपुर सराय में स्थित रिश्तेदारी से ई रिक्शा में सवार होकर संभल आ रहा था। ओमवीर के साथ ई रिक्शा में पांच लोग और सवार थे। चालक ई रिक्शा लेकर संभल बहजोई मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाडम सराय के पास पहुंचा तो सामने से कट्टे लेकर आ रहा दूसरे ई रिक्शा के पहिये का धुरा टूट गया। दूसरा ई रिक्शा पास से गुजर रहे ओमवीर आदि के ई रिक्शा के ऊपर पलट गया। इस हादसे में ओमवीर व गांव शाहपुर निवासी राजपाल सिंह व लाली सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जिसमें राजपाल सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है।

## शट-डाउन के बाद भी लाइन में करंट से लाइनमैन झुलसा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शट-डाउन के बाद विद्युत लाइन में करंट आने से विद्युत संविदा लाइनमैन झुलस गया। पीड़ित की ओर से एसएसओ संविदा कर्मी के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अलैहदादपुर चम्मू निवासी अनेकपाल सिंह पुत्र स्व. चंद्रपाल सिंह विद्युत उपकेंद्र चन्दौसी के ग्रामीण फीडर पर संविदा कर्मी लाइनमैन है। 17 जून को वह अपने साथी लाइनमैन अनिल व हासम के साथ रात नौ बजे शट डाउन लेकर लाइन ठीक करने गया था। सब स्टेशन चन्दौसी ग्रामीण पर ड्यूटी पर तैनात एसएसओ संविदा कर्मी श्रीराम शर्मा पुत्र शिव शंकर शर्मा निवासी कैथल गेट ने लाइनमैन अनिल के फोन से एनई फीडर व बनियाठेर फीडर के शट-डाउन लिया। इसके बाद अनेकपाल उपकेंद्र के पास एनई फीडर का जम्फर जोड़ने के लिए सुरक्षा उपकरणों के साथ डबल पोल पर चढ़ा। तार छूते ही करंट लगने से हाथ बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद साथी लाइनमैन ने उसे उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# किसानों की समस्याओं का शीघ्र हो निस्तारण

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** किसान दिवस में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया के सामने किसानों ने निराश्रित गोवंश व अघोषित विद्युत कटौती जैसे मुद्दे उठाए। वहीं खसरा खतौनी में हो रही त्रुटियों को लेकर भी किसानों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया के सामने किसानों ने अपनी समस्याओं को उठाया। भाकियू मंडल अध्यक्ष संजीव यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाके में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिसके कारण किसान अपनी फसल की शिकायत सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इस पर इस डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति दें। कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री पशुधन सहभागिता योजना, फार्मर रजिस्ट्री, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मालाबार नीम के विषय में भी किसानों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मालाबार नीम को अपनाकर किसान समृद्ध हो सकता है। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीवीओ डॉ. दिनेश चंद्र, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


किसानों की समस्याएं सुनते डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया। ● अमृत विचार

### अघोषित विद्युत कटौती को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष संजीव यादव के नेतृत्व में डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी को सौंपा। कहा कि ग्रामीण इलाकों में विद्युत विभाग द्वारा अघोषित कटौती की जा रही है। ओवरलोडिंग की वजह से किसानों को सिंचाई के लिए सप्ताह भर तक बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि बबराला के देहात उप केंद्र धनारी के अलावा राजपुरा जुनावई, कैला देवी, बहजोई देहात की बिजली घरों की क्षमता वृद्धि की की जाए। बबराला बिजली घर से मझोला फीडर पूरी तरह से जर्जर हो गया है। खतौनी के अंश निर्धारण में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, भगवान सिंह, राधेश्याम, प्रमोद कुमार, ओमपाल सिंह, कुमार पाल सिंह, आदि रहे।

# कार्यालयों में गंदगी देखकर डीएम ने लगाई फटकार

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राजस्व से जुड़े दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। जहां दफ्तर में प्लास्टिक की बोतल मिलने पर डीएम ने फटकार लगाई तो दफ्तरों में गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया धूम्रपान को पूर्णतया निषेध करने व प्लास्टिक की पानी बोतल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर व पर्यावरण के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। डीएम राजेंद्र पैंसिया सुबह 10:30 बजे अपने कार्यालय से निकट खनन विभाग में पहुंच गए। वहां उन्होंने निरीक्षण किया तो गंदगी मिलने पर फटकार लगाई। साफ सफाई करने के निर्देश दिए । इसके बाद वह औचक निरीक्षण के लिए वीआईपी पटल से लेकर नजारत कार्यालय भी पहुंचे। गंदगी को लेकर कड़ी नाराजगी प्रकट की तो वहीं डीएलआरसी से लेकर खनन विभाग और भूलेख विभाग का भी औचक निरीक्षण किया। डीएनए निर्देश देते हुए कहा कि दफ्तर में किसी प्रकार की गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।


कार्यालय में गंदगी देख नाराजगी जताते डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया।

# तौकीर के खिलाफ भड़की शिवसेना

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** हिंदू युवक-युवतियों का खुलेआम धर्मांतरण कराए जाने के मौलाना तौकीर के ऐलान से आक्रोशित शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट जमकर नारेबाजी करते हुए पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई।

जिला प्रमुख राजाराम के नेतृत्व में शिवसेना के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए खुलेआम युवक युवतियों का धर्मांतरण कराए जाने के ऐलान करने वाले मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी को देते हुए कहा कि बरेली के मौलाना तौकीर रजा ने खुलेआम युवक युवतियों का धर्मांतरण किए जाने का ऐलान किया है। मौलाना तौकीर दंगा कराने की साजिश के तहत हिंदू युवक युवतियों के धर्मांतरण का ऐलान कर रहे हैं। तौकीर रजा इससे पहले भी अनेक बार राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी बयान देकर शासन प्रशासन को चुनौती देता रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि धर्मांतरण का ऐलान करने वाले मौलाना के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाए। इस दौरान मोहम्मद अय्यूब, लाखन पासी, राधे सैनी, हर प्रसाद कश्यप, चरण सिंह सैनी, ओमप्रकाश, गंगा शरण, लोकेश कश्यप, विजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सैनी, आदि मौजूद रहे।


डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते शिवसेना कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● कार्यकर्ताओं में नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन, सीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

## सार संक्षेप

### मचान बनाते वक्त किसान के ऊपर गिरी लकड़ी, मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली के लिए खेत पर मचान बना रहे वृद्ध किसान के ऊपर लकड़ी गिर गई। गंभीर रूप से घायल किसान को परिजन निजी अस्पताल के बाद सीएचसी ले गए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा फतेहपुर निवासी रामगोपाल (65 वर्ष) गुरुवार को छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर मचान बना रहा था। मचान बनाते समय रामगोपाल के ऊपर अचानक लकड़ी गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन घायल को पहले निजी अस्पताल मणिकावली ले गए। डॉक्टर ने उसे देखकर मना कर दिया। परिजन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई लाए। जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले गए।

### लेफ्टिनेंट गवर्नर पर आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार :** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष आरिफ खान तनवीर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लेफ्टिनेंट गवर्नर जम्मू कश्मीर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपा। कहा कि आरोप है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने बेटे की शादी समारोह में अतिथियों के खाने पर खर्च हुए 10,71,605 रुपये का भुगतान सरकारी कोष से किया। जिससे जम्मू कश्मीर के लोगों में यह संदेश गया कि एक तरफ तो वह अलगाववाद के शिकार हो रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रशासनिक स्तर पर भी उनके साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, डॉ. सलाहुद्दीन सैफी, अकील अहमद सुभानी, सरफराज सैफी, फुरकान कुरैशी, इस्तेकर कुरैशी, मौअज्जम अली, फिरासत खान आदि रहे।



बबराला से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### अमरनाथ यात्रा के लिए 19 भक्तों का जत्था रवाना

**बबराला, अमृत विचार :** बम-बम भोले के जयघोष के साथ 19 अमरनाथ यात्रियों का जत्था नगर से रवाना हुआ। बाबा बर्फानी के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गुरुवार को सुबह शिव शक्ति मानव सेवा समिति के तत्वावधान में नगर से अमरनाथ यात्रा के लिए भक्तों का जत्था रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों का इन्दिरा चौक पर स्वागत करते हुए भोलेनाथ के जयकारे के साथ शिव भक्तों की टोली को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया। अमरनाथ यात्रियों के दल में विकेश बंसल, रामचंद्र गुप्ता, प्रशान्त वार्ष्णेय (संभल वाले), कुलदीप गुप्ता, डालचंद दिवाकर, मयंक गुप्ता, मुकुल गुप्ता, कुश शर्मा, प्रियांशु गुप्ता, आशीष गुप्ता, गौरव गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, विकास गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, शिव भारद्वाज, मुकुल शर्मा, रवि गुप्ता, कुश शर्मा, जितेंद्र कुमार रहे।

### शिकायत करने पर ग्रामीण ने लगाया मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी राजीव कुमार ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही चालक दिलीप को 150 रुपये में तय कर ससुराल वालों को ई रिक्शा से छोड़ने के लिए उझारी भेजा था। उझारी पहुंचने के बाद दिलीप ने 200 रुपये की मांग की। जानकारी होने पर राजीव कुमार ने घर आने पर दिलीप को और रुपये देने की बात फोन पर कही। आरोप है कि दिलीप ससुराल वालों से ही रुपये दिलाने की मांग करता रहा। इस बात की शिकायत करने राजीव दिलीप के घर पहुंचा। शिकायत को सुनकर दिलीप की मां, बहन और पिता राजीव के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो दिलीप के चाचा ने डंडा मारकर राजीव को घायल कर दिया। जिसके बाद राजीव थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने राजीव का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

### गर्मी दिखा रही तेवर, बेहाल होने लगे लोग

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते लोग बेहाल हो गए हैं। हर रोज दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को दिनभर चिलचिलाती धूप के बीच पसीना टपकता रहा। शाम को भी लोग भीषण गर्मी में बेहाल रहे। गुरुवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली। लोगों का पसीना टपकने लगा। मुख्य मार्गों पर बाइक सवारों को ज्यादा परेशानी हुई। चेहरों को कपड़े से ढका मगर भीषण गर्मी में उबल गए। दोपहर में असहनीय हुई गर्मी के चलते लोग ज्यादा परेशान दिखे। घरों में कैद हुए मगर पंखे और कूलर भी उम्मीद पूरी नहीं कर पाए। शीतल पेय पदार्थों के सेवन से भी कुछ समय के लिए ही राहत महसूस हुई। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे भी तेज धूप की वजह से लोग परेशान रहे। लोगों ने बारिश के जरिए राहत की प्रार्थना कर रहे हैं।

### उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। लोग आसमान की ओर टकटकी लगा कर बारिश के लिए दुआ कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले कई दिन तक लगातार हुई बारिश से आसार नजर आ रहे थे कि इस बार बारिश अच्छी होगी, लेकिन चार-पांच दिन बारिश होने के बाद मौसम खुला तो सप्ताह दस दिन बीत गए। उमस लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ये है कि पंखे व कूलर की हवा भी पर्याप्त महसूस नहीं की जा रही। कमरे से बाहर आते ही लोग पसीना पसीना हो रहे हैं। गुरुवार को भी यही हाल रहा। स्कूलों में भी शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे। गुरुवार को आलम ये था कि अधिकांश स्कूलों में बच्चों को इंडोर गेम खिलाए गए। हालांकि शाम पांच बजे के बाद आसमान में बादल नजर आए और हवा चली तो लोगों ने उमस से कुछ राहत महसूस की और बारिश की उम्मीद नजर आयी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर दबाव बनाएं सांसद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपते हुए संसद सत्र में किसानों के हक में आवाज उठाने की मांग की। कहा कि एमएसपी पर कानून बनाने समेत कई मुद्दों को लेकर किसानों के हक में आवाज उठाई जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रमुख महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों से किए वादों को लेकर वादा खिलाफी की। एमएसपी पर कानून बनाने, स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने, किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और घरेलू बिजली बिल माफ किए जाने के वादे पूरे नहीं हुए। तीव्र कृषि संकट, किसानों की आत्महत्या, ग्रामीण से शहरी संकट पलायन, बढ़ती आय और धन असमानता को हल करने के लिए नीतियों में बदलाव जरूरी है। इसलिए एसकेएम ने कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों में बदलाव, 9 दिसंबर 2021 के समझौते को लागू करने और एमएसपी कानून समेत कई मांगों को लेकर फिर से आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। सांसद जियाउर्रहमान बर्क से मांग की कि वह किसानों और मजदूरों के साथ खड़े होकर प्रधानमंत्री व मंत्रिमंडल पर लंबित मांगों को तत्काल एवं सार्थक कार्रवाई के लिए दबाव बनाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनपाल यादव, मुनेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, रामवीर यादव, महावीर, महीदेव सिंह, मुनेंद्र कुमार, प्रेमशंकर, डॉ.जसवीर सिंह, सचिन त्यागी, महेश यादव आदि रहे।


सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने जियाउर्रहमान बर्क को सौंपा ज्ञापन

### उर्दू शिक्षक की भर्ती को लेकर उठाएं आवाज

**संभल, अमृत विचार :** टीईटी पास मुअल्लिम रहबर ए उर्दू एसोसिएशन के बैनर तले अभ्यर्थियों ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उर्दू शिक्षक की भर्ती के बेरोजगारों की आवाज उठाने की मांग की। सांसद को सौंपे ज्ञापन में कहा कि वर्ष 2016 में शिक्षक भर्ती और 4 हजार उर्दू भर्ती को लेकर सपा सरकार ने शासनादेश निकाला था। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद काउंसलिंग भी हो गई। अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज बीएसए कार्यालय पर जमा हो गए लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद उर्दू भर्ती पर रोक लग गई। बेरोजगार 8 साल से इस भर्ती के पूरी होने के इंतजार में नौकरी मिलने से पहले ही अभ्यर्थी रिटायर हो चुके हैं। इसलिए बेरोजगार अभ्यर्थियों के हक में आवाज उठाकर सरकार तक पहुंचाने का काम किया जाए। इस दौरान मोहम्मद अय्यूब, वामिक कमर, फहीम बज्मी, शाहिद हुसैन आदि रहे।

# किसानों ने बिजली कटौती को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती को लेकर सब डिवीजन पंवासा बिजलीघर परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने आंदोलन करने की चेतावनी दी।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता गुरुवार को मंडल सचिव राजपाल सिंह के नेतृत्व में सब डिवीजन पंवासा पहुंचे और डिवीजन से जुड़े कैलादेवी, खिरनी, किरारी व पंवासा बिजलीघरों की बिजली कटौती को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि बिजलीघर से जुड़े किसानों को फसलों की सिंचाई करने के लिए शेडयूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली नहीं मिलने से किसान अपने खेतों में धान पौध की रोपाई खेतों में नहीं कर पा रहे हैं। किसान घंटों तक डिवीजन परिसर में डटे रहे, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

इस दौरान शीशपाल यादव, भान सिंह, प्रेम शंकर, मुनेंद्र यादव, छत्रपाल, हरि किशन, रामौतार, भजनलाल, संजू सिंह, विजेंद्र, वेदपाल, राजू, संतोष, फतेह सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

**चेताया**

● अधिकारियों के ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

**पड़ताल** बाइक पर सवार 3 से 4 लोग भर रहे फर्राटा, नियमों का नहीं हो रहा पालन, हादसे का बढ़ा अंदेशा

# बाइक पर चार सवार, चालक ने हेलमेट को किया दरकिनार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भले ही परिवहन विभाग और यातायात पुलिस लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करते हुए अकसर कार्रवाई भी करती है लेकिन जागरूकता का माहौल बनता नहीं दिख रहा है। आलम यह है कि बाइक पर तीन से चार लोग सफर कर रहे हैं। सुरक्षा को लेकर हेलमेट भी नहीं लगा रहे हैं। ऐसे में हादसे का अंदेशा बढ़ा जाता है।

सड़क पर सफर करने के दौरान यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। इससे हादसे का अंदेशा भी कम हो जाता है। सरकारी महकमे भी समय-समय पर लोगों को नियमों का पाठ पढ़ाते हैं फिर भी लोगों में जागरूकता का माहौल नहीं बन रहा है।


चलती बाइक पर बच्चे को पानी पिलाती महिला।


बाइक पर बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग का नजारा।


बच्चे को बैठा कर जोखिम भरा सफर करते दंपति।

अमृत विचार ने गुरुवार को शहर के चंदौसी चौराहा पर पड़ताल की तो यही सच्चाई सामने आई। एक बाइक पर दो युवक और एक युवती फर्राटा भरते नजर आए। किसी ने भी सुरक्षा को लेकर हेलमेट नहीं लगाया। दूसरी तस्वीर में बाइक पर बच्चे समेत तीन नहीं बल्कि चार लोग दिखे। बच्चा बाइक की टंकी पर बैठा है जबकि युवक और उसके पीछे दो युवतियां बैठी दिख रही हैं। तीसरी तस्वीर में ट्रिपल राइडिंग नजर आई। इस बाइक पर बच्चा बैठा नजर आया तो बाइक चला रहे युवक के पीछे एक महिला है। महिला के हाथ में मोबाइल फोन है और वह कान पर लगा है। यह हालात तब हैं जब चौराहा पर यातायात पुलिस कर्मी भी ड्यूटी कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी है कि पुलिस कर्मियों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले इन बाइक सवारों को रोकने टोकने की जहमत क्यों नहीं उठाई। बहरहाल, शहर में अन्य चौराहों पर भी लोग नियमों की अनदेखी करके गुजर रहे हैं। ऐसे में हादसों का अंदेशा बढ़ जाता है।

> नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों पर कार्रवाई हो रही है। गुरुवार को भी चालान किए गए हैं। लोगों को भी जागरूक होकर नियमों का पालन करना चाहिए।
>
> **-अनुज कुमार मलिक**
> यातायात प्रभारी संभल

## अवैध शस्त्र मामले के दोषी को एक माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय जुडिशियल मजिस्ट्रेट गुन्नौर जनपद संभल की अदालत ने अवैध शस्त्र मामले के दोषी को जेल में बितायी अवधि एक माह के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला थाना गुन्नौर क्षेत्र में 2016 कहा है।

इस मामले में पुलिस ने प्रेमपाल पुत्र होतीलाल निवासी गांव तोतापुर मजरा बंझागी थाना गुन्नौर जनपद संभल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। साक्ष्यों को अदालत में पेश कर आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से एपीओ रामविलास ने दलीलें पेश कीं। गुरुवार को न्यायाधीश ने मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए प्रेमपाल को दोषी करार देते हुए जेल में बितायी अवधि एक माह के कारावास व न्यायालय उठने तक की सजा एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## एक नजर

### गुन्नौर के एसडीएम बने दीपक कुमार चौधरी

**बहजोई, अमृत विचार :** डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया ने जनपद के एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर के क्षेत्र में फेरबदल किया है। डीएम ने गुन्नौर के एसडीएम को हटा दिया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार चौधरी को गुन्नौर एसडीएम की कमान सौंपी है। वहीं गुन्नौर के एसडीएम रमेश बाबू को डिप्टी कलेक्टर जनपद मुख्यालय संभल व एसडीएम न्यायिक गुन्नौर बनाया है। डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया को एसडीएम न्यायिक संभल तथा परियोजना अधिकारी डूडा का अतिरिक्त चार्ज दिया है।

### दहेज की मांग को लेकर मारपीट का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव वहीपुर निवासी योगेश की शादी तीन वर्ष पहले गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी रीना के साथ हुई थी। रीना का आरोप है कि शादी के बाद से ही योगेश व अन्य ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे थे। मायके से दहेज लाने से मना करने पर ससुराल वाले रीना को प्रताड़ित करते थे। बुधवार को रीना अपने बच्चे को दवा पिला रही थी। आरोप है कि योगेश हाथ में डंडा लेकर आ गया और दहेज की मांग करते हुए मारपीट करने लगा। सूचना मिलने पर गुरुवार को मौके पर पहुंचे मायके वाले रीना के लेकर थाने आ गए। रीना ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### पत्नी की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के नौ साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश सुयश प्रकाश श्रीवास्तव ने आरोपी पति को दोषी माना है। दोषी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष के एडीजीसी संजीव गुप्ता के अनुसार थाना उसावां क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी अमर पाल ने 24 सितंबर 2015 को पुलिस को तहरीर दी थी कि उनकी बेटी सपना (20) दोपहर दो बजे शौच के लिए जंगल में गई थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। दोपहर लगभग चार बजे एक महिला ने बताया कि सपना का शव नदी के कीचड़ में पड़ा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। सपना के पति निर्भान को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया था। बताया कि सपना उसके साथ रहना नहीं चाहती थी। उससे खुश भी नहीं थी। कहीं और जाना चाहती थी।

# पुल से गिरे दो बाइक सवार, एक की मौत

## एक घायल, हाइवे पर थाना बनियाठेर के नया बाईपास पर अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सीएचसी में युवक की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार



आले नबी।

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक बाइक सहित पुल से नीचे आ गिरे। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों युवक मोहर्रम पर आए हुए थे। वहीं बाइक सवार की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन सीएचसी पहुंचे और विलाप करने लगे।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव राजा का मझोला निवासी अली जान अपने परिवार के साथ 15 वर्षों से दिल्ली में रह रहे हैं। मोहर्रम पर उनका 16 वर्षीय पुत्र आले नवी अपने दोस्त शोएब पुत्र इंतजार निवासी लोनी जनपद गाजियाबाद के साथ अपने फूफा फहीम के घर गांव मोहम्मद गंज थाना बनियाठेर आया था। गुरुवार की सुबह 11 बजे आले नवी अपने दोस्त व फूफा के पुत्र आकिब पुत्र फहीम के साथ बाइक से घूमने निकला। तीनों बाइक सवार न्यू बाईपास पर पहुंच गए। जहां उन्होंने अपने फुफेरे भाई आकिब को एक ढाबे के पास उतार दिया और कुछ देर में आने की बात कही। जैसे ही दोनों दोस्त बाइक से कुछ दूर निकले तभी सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों दोस्त बाइक सहित पुल से नीचे आ गिरे। जिसमें आले नवी की मौके पर मौत हो गई और शोएब गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने शोएब को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए और विलाप करने लगे। मृतक के बड़े भाई हस नवी ने बताया कि वह दो भाई हैं, जिसमें मृतक आले नवी छोटा था।

### नाबालिग चला रहा था बाइक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर हादसे में जान गवाने वाला नाबालिग था। जबकि जनपद में जगह–जगह यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर किशोरों द्वारा बाइक चलाने पर चालान काटे जा रहे हैं। इसके बाद भी अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहे। अगर आले नवी के परिजनों ने छोड़ा ध्यान दिया होता तो आज उसका पुत्र जीवित होता।

## युवक ने गंगा में लगाई छलांग, बचा लिया गया

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में युवक ने घरेलू कलह के चलते पहले जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया फिर गंगा में छलांग लगा दी हालांकि परिजनों ने उसे बचा लिया। युवक की भाभी ने पुलिस को तहरीर देते हुए उसके आत्मघाती कदम उठाने पर पत्नी द्वारा परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की आशंका जताई।

थाना क्षेत्र के गांव असदपुर निवासी देवेंद्र कुमार ने घरेलू कलह के चलते बुधवार को दो बार फंदे से लटककर जान देने का प्रयास किया लेकिन परिवार के लोगों ने बचा लिया। गुरुवार को देवेंद्र जहरीले पदार्थ का सेवन करने लगा तो भी परिजनों ने छीन लिया। जिसके बाद उसने असदपुर गंगा नदी में छलांग लगा दी। हालांकि मौके पर पहुंची भाभी गुड्डो देवी आदि ने देवेंद्र को बचाते हुए बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस देवेंद्र और परिजनों को थाने ले गई। जहां भाभी गुड्डो देवी ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि देवेंद्र द्वारा आत्मघाती कदम उठाने पर उसकी पत्नी कामनी देवी परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसवा सकती है।



सीओ चौराहा पर ई–रिक्शा की चेकिंग करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

# अनाधिकृत रूप से चल रहे ई–रिक्शा और टेंपो सीज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● यातायात पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से बहजोई रोड पर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अनाधिकृत रूप से बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे ई-रिक्शाओं को चेक किया गया। साथ ही ई-रिक्शा में अवैध रूप से पीछे की सीट लगी पाए जाने पर 12 ई-रिक्शा व दो टेंपो को सीज कर दिया गया। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का पालन न करने पर 165 दोपहिया व चौपहिया वाहनों का चालान किया गया। यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने ई-रिक्शा चालकों को बताया कि कोई भी बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा न चलाए। अपने नाबालिग बच्चों को ई-रिक्शा चलाने को न दे। एआरटीओ जेपी गुप्ता ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन चल रही रिक्शाओं के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। उन्होंने अभिभावकों को संदेश देते हुए कहा कि वह अपने नालाबिक बच्चों को दोपहिया व चौपहिया वाहन न दें।

# बिजली नहीं मिली तो किसान ने जोत दी धान की फसल

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

● कहा, जब फसल ही पैदा नहीं होगी तो कैसे बैंक का कर्ज उतारेगा और कैसे बेटी की शादी करेगा

**अमृत विचार:** पंवासा विकास खंड क्षेत्र में शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिलने से गुस्साए किसान ने ट्रैक्टर रोटावेटर से खेत में खड़ी धान की फसल को जोत दिया। ग्रामीण ने कहा कि जब फसल ही पैदा नहीं होगी तो कैसे बैंक का कर्ज उतारेगा और कैसे बेटी की शादी करेगा। सूचना मिलने पर भाकियू कार्यकर्ताओं भी मौके पर पहुंचे।

कैलादेवी बिजलीघर से जुड़े गांव ततारपुर घोसी निवासी सामले ने 15 सौ रुपये बीघा के हिसाब से 20 बीघा खेत में धान पौध की रोपाई कराई थी। इसके साथ मजदूर की मजदूरी, खाद और दवा सहित हजारों रुपये खर्च किए थे। सामले ने बताया कि पिछले कई दिनों से बिजलीघर से 24 घंटे में मात्र एक से दो घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसी के साथ लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिसकी वजह से सामले के खेत में खड़ी धान की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही थी। गुरुवार को सामले ट्रैक्टर रोटावेटर लेकर खेत पर पहुंचा और खेत में खड़ी धान फसल को जोतने लगा। फसल जोतने की सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन शंकर के जिलाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए और सामले से फसल जोतने को मना किया, लेकिन नहीं माना।

कहा कि जब बिजली नहीं मिलेगी तो धान की फसल की पैदावार कैसे होगी। कैसे बैंक का कर्ज उतरेगा और कैसे वह बेटी के हाथ पीले करेगा।

# राज्यमंत्री से मिले कई गांवों के किसान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी में बिजली को लेकर राज्यमंत्री से शिकायत करते कई गांव के ग्रामीण।

● किसानों ने विद्युत वितरण खंड में किया विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार :** विद्युत अव्यवस्था को लेकर गुरुवार की सुबह कई गांव के किसान राज्यमंत्री से मिले। किसानों ने उन्हें अपनी समस्या बताई और समाधान कराने की मांग की और समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद किसान विद्युत वितरण खंड पहुंचे और विद्युत विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि अगर 25 जुलाई तक समस्या का समाधान नहीं होता है तो किसान विद्युत वितरण खंड में भूख हड़ताल करेंगे।

गुरुवार को तहसील क्षेत्र के गांव कैथल, एतोल, नवाबपुरा, रामनगर, करेला, आदमपुर, बर्रई, उगिया आदि गांवों के किसान सुभाष रोड स्थित राज्यमंत्री गुलाब देवी से उनके आवास पर मिले। किसानों ने कहा कि काफी समय से विद्युत अव्यवस्था बनी हुई है। जिससे उनकी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। 24 घंटे में देहात क्षेत्र को 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल रही है। राज्यमंत्री ने किसानों की समस्या के समाधान को लेकर एसडीओ द्वितीय कुलदीप सिंह को बुलाया। जहां किसानों के साथ बिजली संबंधी वार्ता की। एसडीओ ने कहा कि एक्सईएन से वार्ता कर विद्युत सप्लाई का समय बढ़वाया जाएगा। इसके बाद भी किसान संतुष्ट नहीं हुए और विद्युत वितरण खंड व देहात फीडर पर प्रदर्शन किया। कहा कि अगर हमारी मांग शीघ्र पूरी नहीं की गई तो 25 जुलाई से किसान विद्युत वितरण खंड कार्यालय में भूख हड़ताल करने को विवश होंगे।

## सार संक्षेप

### नोटों से चिलम जलाने के मामले में जांच शुरू

**संभल, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर नोटों से चिलम जलाने के मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। यह बात सामने आई है कि वायरल वीडियो सरायतरीन के व्यक्ति का है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति अपने साथियों के साथ हाथ में चिलम लेकर बैठा हुआ है। अपने साथी से चिलम जलाने के लिए अखबार मांग रहा है। साथी व्यक्ति से अखबार नहीं होने की बात कहता है। जिसके बाद व्यक्ति जेब से 200–200 के दो नोट निकालकर चिलम में रखकर माचिस की तिल्ली से आग जला देता है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो को लेकर चर्चा का माहौल बना तो पुलिस भी हरकत में आ गई। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि नोटों से चिलम जलाने का वायरल वीडियो का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो सरायतरीन का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



रायसत्ती देवी मंदिर पर माता रानी को जात लगाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### माता रानी को जात लगा कर की खुशहाली की कामना

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सुभाष रोड स्थित रायसत्ती मंदिर पर गुरुवार को मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने माता रानी की जात लगाकर परिवार व बच्चों की खुशहाली की कामना की। आषाढ़ माह में रायसत्ती मंदिर पर चार गुरुवार को मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें गुरुवार को महिलाएं मंदिर पहुंची और विधि विधान से माता रानी की पूजा–अर्चना की। इसके बाद परिवार व बच्चों की खुशहाली के लिए जात लगाई। जिसमें गेहूं को माता रानी के समक्ष अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में लगे मेले में बच्चों ने मनपसंद खिलौने खरीदे और चाट पकौड़ी की स्टाल पर पहुंच उनका स्वाद चखा। महिलाओं ने मेले में श्रंगार व घरेलू सामान की खरीदारी की।




जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में लूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

### लूडो में अश्मीरा और आयुष्मान ने बाजी मारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा एक से पांच तक के छात्र–छात्राओं के बीच एक इंटर–हाउस लूडो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों के दिमाग को ऑनलाइन गेम्स से हटाकर वास्तविक दुनिया के खेलों की ओर मोड़ना है। जो दोस्तों, परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ खेले जाते हैं। टूर्नामेंट में सौ से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा एक से दो के ग्रुप में बालिका वर्ग में अश्मीरा प्रथम, मरिया द्वितीय व अहाना तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में आयुष्मान, प्रिंस व आदित्य क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के प्रबंधक मनोज गुप्ता और उप महा प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शलभ, शैलेन्द्र, गजेंद्र का सहयोग रहा।



गांव गुमथल में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कान्हा की बाल लीलाओं को सुन कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव गुमथल स्थित देव स्थल सिद्धि वानखंडी चौधराना बाबा संत आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा वाचक शशिकांत महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं ओर गोवर्धन पूजा का मनोहारी वर्णन किया। कान्हा की बाल लीलाओं को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और इस दौरान आयोजित भजनों पर झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरु शरणानंद महाराज उर्फ पागल बाबा, हीरा मुनि, नंदकिशोर दिवाकर, अविनेश शर्मा, डॉ. हरि सिंह, विकास शर्मा, विवेक शर्मा, अजय पाठक, सतेंद्र पाठक, कमल शर्मा, डालचंद, राकेश दिवाकर, मदन लाल, प्रेम सिंह, सक्षम, दीक्षा, शिवानी, सुशीला, उर्मिला, मटरू समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

# टीएमयू आत्महत्या मामलों की सीबीआई जांच हो

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई




कलेक्ट्रेट में एकत्र विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संभल के कार्यकर्ताओं ने टीएमयू में हो रही छात्र छात्राओं और शिक्षकों की कथित आत्महत्याओं के विरोध में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर हत्या की घटनाओं की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संभल के कार्यकर्ता प्रांत सह मंत्री लक्षित सिंघल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एक माह में लगातार तीन आत्महत्या की घटना सामने आई हैं। जिस कारण विद्यार्थियों में भय का माहौल है। आत्महत्या करने वालों में शिक्षक डॉ.अदिति त्यागी, छात्र अक्षत जैन (बीबीए), ओशो राज (एमडी) हैं। इनकी आत्महत्या से पूर्व कोई भी सुसाइड नोट प्राप्त नहीं है। एक माह में तीन सुसाइड होना गंभीर जांच का विषय है। किसी भी मामले में विश्वविद्यालय व स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी संतोष जनक कार्रवाई नहीं की गई है। उचित न्याय न मिलने से छात्र आक्रोशित हैं। विद्यार्थी परिषद तीनों प्रकरणों की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस दौरान जिला संयोजक पीयूष बिड़ोलिया, आकाश कुमार, गौरव वाल्मीकि, ध्रुव गोयल, नगर मंत्री एकांश वार्ष्णेय, मीडिया संयोजक हितेश प्रजापति, मुस्तफा सैफी, शगुन ठाकुर, भुवनेश बघेल, ऋतिक प्रजापति, हरमन, अंकुश चौधरी, कृष्णा, मोनू गुर्जर, तरुण शर्मा, मोहित, अखिलेश श्रीवास्तव, परम, दीपक, यश आदि रहे।

## पत्नी मायके से नहीं आई तो फंदे से लटककर दी जान

**संभल/धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति का चार माह पहले किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था।

विवाद के चलते महिला पति, दो बेटे और एक बेटी को ससुराल में छोड़कर मायके में जाकर रहने लगी थी। गुरुवार को सुबह व्यक्ति पत्नी को बुलाने ससुराल गया लेकिन नाराजगी के चलते महिला साथ नहीं आई। जिसके बाद दोपहर में व्यक्ति ससुराल से घर वापस आ गया और कमरे में चला गया। काफी देर तक व्यक्ति बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे में देखा। व्यक्ति का शव फंदे पर लटक रहा था। व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आनन फानन में शव को फंदे से उतारा और बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव में अंधेरा, गर्मी से लोग बेहाल

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

● 50 से अधिक घरों समेत सरकारी कार्यालयों की बिजली आपूर्ति ठप

> कुढ़फतेहगढ़ का ट्रांसफार्मर स्टोर से निकल चुका है और जल्दी ही रखवा कर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। –आलोक मिश्रा
> एसडीओ, सहसपुर बिलारी

**अमृत विचार :** विद्युत सब स्टेशन दारनी के गांव कुढ़फतेहगढ़ में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण तीन दिन से कुढ़फतेहगढ़ के लगभग 50 घरों में अंधेरा छाया है। वहीं उमस भरी गर्मी से लोग हाल बेहाल हैं। जनजीवन अस्त-व्यस्त है। उपभोक्ताओं ने खराब ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलवा कर आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है।

गांव कुढ़फतेहगढ़ के में रखा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार की सुबह फुंक गया। जिससे करीब 50 से अधिक घरों समेत सरकारी कार्यालय थाना, बैंक, डाकघर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि कार्यालयों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कार्य ठप पड़ा है। स्थानीय लोगों ने विभाग को तत्काल सूचना भी दे दी। लेकिन तीन दिन बीत गए। अभी तक खराब ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। जिससे सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों को गर्मी में काम करना पड़ रहा है। बिजली संबन्धित कार्य ठप पड़े हैं। गर्मी से घरों में लोग बेहाल हैं। दिन ढलते ही अंधेरा छा जाता है। अवर अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण 30 से 35 घरों की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है। कल तक दूसरा ट्रांसफार्मर आते ही विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

## गंगा स्नान के दौरान तीन बच्चे डूबे, एक की मौत

**उसहैत (बदायूं), अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा के पास गंगा में नहाते समय तीन बच्चे डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोग चिल्लाए। ग्रामीणों ने गंगा में छलांग लगा दी। दो बच्चों को निकाल लिया गया, लेकिन एक बच्ची पानी में बह गई। करीब एक किलोमीटर दूर बच्ची का शव बरामद हुआ।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा निवासी सुभाष कश्यप की बेटी कीर्ति (10), राजकुमार का बेटा पवन (12) और नन्हें लाल की बेटी दीक्षा (8) गर्मी से राहत पाने को पास में बह रही गंगा किनारे गए थे। वह तीनों स्नान करने के लिए गंगा में उतर गए। गंगा में पानी का स्तर ज्यादा था। इसी दौरान तीनों का पैर फिसल गया। वह गंगा में गहराई में चले गए। घाट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए गंगा में कूद गए। कुछ समय के बाद पवन और दीक्षा को गंगा से बाहर निकाल लिया।

**आस्था** कुढ़फतेहगढ़ के गांव छाबड़ा से एक किलोमीटर दूर स्थित है मंदिर, 22 जुलाई से आरम्भ हो रहे सावन के सोमवार, लगेगा मेला

# 150 वर्ष प्राचीन झारखण्ड शिव मंदिर की दूर तक है मान्यता

जुगल किशोर शर्मा, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार :** देवों के देव महादेव की भक्ति का माह श्रावण मास का 22 जुलाई से आगाज हो रहा है। चन्दौसी से 18 किलोमीटर थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छाबड़ा के निकट स्थित झारखण्ड शिव मंदिर की दूर तक मान्यता है। झारखंड शिव मंदिर का इतिहास 150 वर्ष पुराना बताया जाता है। यहां सावन व फाल्गुन मास की शिवरात्रि को वर्ष में दो बार मेला भी लगता है। जिसमें रामपुर, मुरादाबाद, बदायूं, बरेली, संभल आदि जिलों से आकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक एवं कावड़ चढ़ाते हैं। सावन के सोमवार को यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं।

गांव के 90 वर्षीय बुजुर्ग पूरन सिंह भगतजी बताते हैं कि डेढ़ सौ वर्ष पूर्व यहां झाड़ियों के बीच बरगद के वृक्ष की जड़ में शिवलिंग का प्रकाट्य हुआ था। यहां से निकटवर्ती गांव खंदेली जिला रामपुर निवासी अलबेले सिंह के पिता उसका उपचार करने यहां से पैदल गुजर रहे थे। गर्मी अधिक होने के कारण झाड़ियों के बीच खड़े बरगद के वृक्ष की छांव में आराम करने बैठ गए। तभी उन्हें बरगद के पेड़ की जड़ में शिवलिंग दिखाई दिया। उन्होंने शिवलिंग के बारे में बुजुर्गों से चर्चा की और अगले दिन वहां साफ सफाई कर पूजा अर्चना शुरू कर दी। तभी से उनका नवजात बेटा अलबेले सिंह स्वस्थ हो गया। धीरे-धीरे यहां की मान्यता बढ़ गई और आसपास के लोग जलाभिषेक करने के लिए आने लगे। तभी से यहां का नाम झारखंड महादेव पड़ा।



झारखण्ड शिव मंदिर में स्थापित पंचमुखी शिव।



गांव छाबड़ा स्थित प्राचीन झारखण्ड शिव मंदिर।

### यहां होती है मनोकामना पूर्ण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मंदिर के व्यवस्थापक चंद्रवीर सिंह रघुवंशी (फलाहारी) बताते हैं कि झारखंड महादेव के बारे में मान्यता है कि यहां जो भी श्रद्धालु श्रद्धा भाव से आकर महादेव जलाभिषेक करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। यहां झाड़ू चढ़ाने से चर्म रोग ठीक हो जाता है। प्रत्येक सोमवार को यहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करते हैं।

### मंदिर को दिया गया है भव्य स्वरूप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** झारखंड धाम शिव मंदिर (छाबड़ा) को श्रद्धालुओं के सहयोग से महंत द्वारका दास एवं व्यवस्थापक चंद्रवीर सिंह रघुवंशी द्वारा मंदिर को भव्य स्वरूप दिया गया है। यहां कुल पांच मंदिर हैं। शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर भी है। मुख्य मंदिर को तीन मंजिल तक बनाकर भव्य स्वरूप दिया गया है। जिसमें भूतल पर शिवलिंग विराजमान हैं तथा दूसरी मंजिल पर पंचमुखी शिव एवं तीसरी मंजिल पर भगवान नटराज की प्रतिमा विराजमान है।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डिडौली निवासी दयाराम व अमरोहा निवासी अरबाज गुरुवार दोपहर दिल्ली से लौट रहे थे। इस दौरान गजरौला के पास नेशनल हाईवे पर उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर घायलों के परिजन व पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने कार सवार दोनों लोगों के मामूली घायल होने की बात कही।

# सफाई नायक को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**कार्रवाई**
- **कई ठेका सफाई कर्मचारियों को सेवा से मुक्त करने के निर्देश**
- **सफाई कार्य के दौरान ड्यूटी पर नहीं मिले कर्मचारी**

**अमृत विचार :** पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने नगर में सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। अनुपस्थित ठेका सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने, सफाई नायक को निलंबित करने और वेतन रोकने के आदेश दिए।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को नगर के वार्ड संख्या-10 गुलड़िया में किए गए निरीक्षण के दौरान ठेका कर्मचारी निशा, मीरा, आशु, दीपेंद्र, सौरभ, अरुण, रेशा, सचिन, कुलदीप, रोहित, हिमांशु राणा, सुनीता, योगेश ड्यूटी पर नहीं मिले। इन कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने, क्षेत्रीय सफाई नायक द्वारा कार्य में लापरवाही करने के कारण सफाई नायक अमित कुमार द्वितीय को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वार्ड संख्या चार दुर्गपुर में निरीक्षण के दौरान कर्मचारी कंचन के स्थान पर अन्य कर्मचारी सफाई करता मिला।

ठेका कर्मचारी कंचन को सेवा मुक्त करने के आदेश दिए हैं। मोहल्ला कल्याणपुर में ठेका कर्मचारी विष्णु के स्थान पर अन्य कर्मचारी कार्य करता मिला। विष्णु की सेवा समाप्त की जाएगी। ठेका कर्मचारी लक्ष्मी अनुपस्थित मिलीं। उनकी सेवा समाप्त करने के आदेश दिए हैं। सफाई नायक अनिल का वेतन रोकने के आदेश दिए गए।

अधिशासी अधिकारी ने समस्त सफाई कर्मचारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी व शासकीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतता पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के समय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद इलतेजा, जगत सिंह, सहायक सफाई निरीक्षक साजिद जिया आदि उपस्थित रहे।

### दुकानों में घुसा पानी, जलभराव से वाहन सवारों को हुई दिक्कत, गर्मी से मिली राहत

# झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में उमस भरी गर्मी के बीच गुरुवार दोहपर एक घंटा झमाझम बारिश हुई। बारिश के पानी से शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। इससे दुकानदार और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर बब रहा पानी दुकानों में पानी घुस गया। हालांकि बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही थी। चिलचिलाती धूप से लोग परेशान थे। गुरुवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह हल्की धूप खिली। लेकिन इसके बाद फिर मौसम का मिजाज बदल गया।



बिजनौर मार्ग पर जलभराव के बीच गुजरते वाहन सवार। ● अमृत विचार

दोपहर करीब डेढ़ बजे आसमान में काले बादल उमड़ आए। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। एक घंटे की तेज बारिश में शहर का मुख्य बाजार, कोतवाली, आजाद रोड, बिजनौर रोड, कोतवाली गेट सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। सड़कों पर झील जैसा नजारा नजर आया। कई दुकानों में पानी घुस गया। दुकानदार नाले-नालियों को साफ कर खुद ही पानी निकालने का प्रयास करते दिखे। हालांक बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत मिली है।

### खेतों में भरा पानी, धान की रोपाई हुई तेज

**अमरोहा।** झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे किसानों के चेहरे खिल गए। बारिश होते ही किसानों ने धान की तेज रोपाई कर दी। इस सप्ताह में गर्मी और बिजली की अघोषित कटौती के चलते फसलों की सिंचाई का संकट गहरा रहा था। धान की रोपाई में दिक्कत हो रही थी। किसानों को बारिश का इंतजार था। गुरुवार को हुई बारिश से खेत लबालब भर गए। किसानों ने खेतों में धान लगाए। फसलें लहलहाती नजर आईं। बारिश से गन्ना, चरई-बाजरा समेत अन्य फसलों को लाभ हुआ है। लेकिन सब्जियों की फसलों को नुकसान की आंशका है।

# किसान बोले- भूमि की पैमाइश और नक्शा सुधार की शिकायतें अधिक

## किसान दिवस में जिलाधिकारी को बताईं समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने जिलाधिकारी को बिजली, पानी, सड़क, नलकूप, पैमाईश, भू-राजस्व, गन्ना भुगतान समेत अन्य शिकायतें बताईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि पैमाइश और नक्शा सुधार की शिकायतें बहुत हैं। इससे किसान परेशान हैं। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जो मामले हैं, उनके साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों को सर्कुलर जारी करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को दिया है। किसानों ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दें। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कृषि विभाग के अलावा अन्य विभाग की भी जो योजनाएं हैं, उनसे भी किसानों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुसार, किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ दिलाए। कहा कि किसान दिवस में आईं शिकायतों का पारदर्शिता पूर्वक निस्तारण करें। किसानों की शिकायत के संबंध में किसी भी योजना का क्या नियम है, कहां तक प्रक्रिया हो चुकी है, इसे किसानों की बैठक में बताया जाए ताकि उनको पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते कार्य को पूर्ण करें और उन्होने अधिशासी अभियन्ता विद्युत से कहा कि कोई भी गलत बिल न निकाला जाए। विद्युत की शिकायतें का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाए। किसानों को अनावश्यक परेशान न होने पड़े। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक राजेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी बब्लू कुमार, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जलनिगम आदि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### बाइक सवार अधिवक्ता को कार से कुचलने का प्रयास, विरोध पर पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** कचहरी के बाहर जोया रोड पर मस्जिद में नमाज पढ़ कर आ रहे बाइक सवार अधिवक्ता को कार से कुचलने का प्रयास किया गया। विरोध पर आरोपी ने मारपीट कर गला दबा दिया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बुधवार दोपहर अधिवक्ता लारेब कचहरी से जोया रोड स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गए थे। वहां से वह कचहरी लौट रहे थे। उनका आरोप है कि इस दौरान गलत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान लारेब ने विरोध जताया तो कार सवार शान और कासिम ने मारपीट की। जान से मारने की नीयत से गला भी दबाया। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ अभिषेक कुमार ने जोया निवासी आरोपी शान व कासिम के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



तिगरी गंगा में झोपड़ियों के पास पहुंचा पानी। ● अमृत विचार

# 40 सेमी बढ़ा तिगरी में गंगा का जलस्तर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गंगा के जलस्तर में एक दिन की कमी के बाद फिर 40 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार को यहां जलस्तर 199.60 मीटर गेज मापा गया, जबकि बिजनौर से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा 35757 क्यूसेक रही।

बाढ़ खंड विभाग की टीम गंगा के घटते व बढ़ते जलस्तर की निगरानी कर रही है। मंगलवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 199.45 मीटर गेज था, जबकि बुधवार को जलस्तर घटकर 199.20 मीटर गेज रहा गया।

गुरुवार को जलस्तर में 40 सेमी की वृद्धि हो गई है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से पुरोहितों ने अपनी झोपड़ियां व दुकानदारों ने अपनी अस्थायीं दुकानें सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचानी शुरू कर दी हैं।

दूसरी ओर बृजघाट पुल पर भी जलस्तर मंगलवार के मुकाबले 45 सेमी बढ़ा है। यहां का जलस्तर 197.80 मीटर गेज है। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार के मुताबिक, बाढ़ खंड विभाग की टीमें सक्रिय हैं। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, गंगा के तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया जा रहा है।

### खेतों में पानी भरा होने से फसलों को खतरा

**गजरौला।** कई दिन से गंगा के तटवर्ती व समीपवर्ती खेतों में भरे बाढ़ के पानी से फसलें गलने की कगार पर हैं। किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट हो रहा है।



सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# किसान की मौत मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर हत्या के मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर में जगपाल उर्फ मंगला की तारों पर करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने गांव के लोगों पर रंजिशन करंट से किसान जगपाल की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। गुरुवार को ग्रामीणों ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बीएनएस की धारा 105 में मामला दर्ज हुआ है।

उन्होंने सीओ से नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार अधिकारियों से आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग कर चुके हैं। प्रदर्शन करने वालों में भूप सिंह, चेतन सिंह, रामपाल, मोहर सिंह, मनोज सिंह, मानसिंह, सोहन सिंह आदि रहे।

### ओयो होटल पर छापेमारी के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**हसनपुर, अमृत विचार :** आठ प्रेमी जोड़ों को पड़ककर ओयो होटल सील करने के मामले में 24 घंटे बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पकड़े गए जोड़ों को पुलिस द्वारा छोड़ने की चर्चा है।

गुरुवार को एसडीम सुनीता कुमारी, सीओ दीप कुमार पंत, तहसीलदार सुदीप कुमार तिवारी ने गांव शाहपुर कला में ओयो होटलों पर छापेमारी की थी। एक होटल में आठ प्रेमी जोड़ों को मौके से पकड़ लिया गया था। ओयो को सील कर दिया गया था। अधिकारियों ने आठों जोड़ों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बताया गया कि बिना कार्रवाई किए ही जोड़ों को निजी मुचलकों पर कोतवाली से छोड़ दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत ने बताया कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को सौंप दी गई है। अब अग्रिम कार्रवाई जिला स्तर से होगी।



जाल में बंद पकड़े गए कुत्ते। ● अमृत विचार

# नगर में अभियान चलाकर पकड़े कुत्ते, बिजनौर भेजे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कुत्तों के हमले से वृद्ध महिला की मौत के बाद नगर क्षेत्र में पालिका प्रशासन की टीम ने गुरुवार को अभियान चलाया। इस दौरान पालिका की टीम ने 20 कुत्तों को पड़ककर नसबंदी के लिए भेजा हैं।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को नगर में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। किशनगढ़ से पालिका की टीम ने 20 कुत्तों को पकड़ा गया है। इन कुत्तों को नसबंदी के लिए आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट नजीबाबाद बिजनौर भेज दिया गया है। उनका टीकाकरण भी किया जाएगा। ईओ ने बताया कि बाद में कुत्तों के कान पर निशान लगाकर उन्हें उस स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। चयनित संस्था के पास एक बार में अधिकतम 20 कुत्तों को ले जाने की क्षमता है।

### नर्सिंग होम के संचालक व स्टाफ पर रिपोर्ट दर्ज

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** डॉक्टर की लापरवाही के चलते हुई नवजात की मौत के मामले में पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर में महादेव चुंगी स्थित मैक्स नर्सिंग होम में बुधवार को एक नवजात की मौत हो गई थी। इससे गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नर्सिंग होम पर हंगामा किया था। घटना की सूचना के बाद उपजिलाधिकारी चंद्रकांता, पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर व धनौरा सीएचसी चिकित्साधीक्षक सतीश भास्कर ने मौके पर पहुंचे थे। रजिस्ट्रेशन न दिखाने पर मैक्स नर्सिंग होम को सील कर दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक बच्ची के पिता सोनू की तहरीर पर मैक्स नर्सिंग होम के संचालक बीएस सैनी व स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# संकीर्तन में बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे भक्त

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर की टीचर कॉलोनी स्थिति श्री नवदुर्गा मंदिर के परिसर में बुधवार रात श्री खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन किया गया। इसमें भजन गायक दीपक शर्मा ने पार करो मेरा बेड़ा, ओ बाबा पार करो बेड़ा गाया।

भजन गायक अर्पित कौशिक ने किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार गाया। देव शर्मा ने बाबा का लेके नाम करोंगे कोई काम तो काम होगा ही होगा। शौर्य मित्तल ने मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा, भजन गायक लक्की अग्रवाल ने मैंने अर्जी लिख दी बाबा तेरे दरबार में, कृष वर्मा ने तू कृपा कर बाबा तेरा कीर्तन कराऊंगा, जैसे भजन सुनकर भक्त घूमने को मजबूर कर दिया। इस



बाबा की पूजा अर्चना करते भक्त।

दौरान बाबा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। हारे का सहारा श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। लखदातार श्याम को खीर, चूर में, सोनपापड़ी, घेवर का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान सर्वेश शर्मा, सुमन, सचिन, नीरज रस्तौगी, सौरभ शर्मा, नरेंद्र, विशाल, हर्ष, राजेश, जगराम, मयंक, हिमांशु अग्रवाल, देवराज, राखी, धर्मेंद्र, नमन, अमित, विपिन, त्रिलोक आदि मौजूद रहे।

**शिविर** गांव शेरपुर के पीएचसी में शिविर और बैठक में सीएमओ ने दिए निर्देश

# बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाएंगी टीमें

संवाददाता, मंडी धनौरा

- **बोले- बाढ़ का पानी चढ़ते और उतरते समय संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा अधिक**

**अमृत विचार :** गांव शेरपुर स्थित पीएचसी में गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने फीता काटकर शिविर का आरंभ किया।

इस दौरान बैठक में सीएमओ ने बाढ़ प्रभावित गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों का गठन करते हुए कहा कि बाढ़ का पानी चढ़ते व उतरते समय संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा होता है। इसलिए पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है, ताकि समय रहते बीमारियों की रोकथाम की जा सके। सीएमओ ने कहा कि डायरिया अभियान के तहत शून्य से पांच साल तक बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस का घोल दिया जाए। स्वास्थ्य कर्मी जिंक की गोलियां भी वितरित करें। विभाग की ओर से बच्चों को ओआरएस के दो-दो पैकेट और जिंक की गोलियां दी जाएं। ओआरएस का घोल बनाने का तरीका बताया जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता बच्चों की जांच के साथ उनके माता-पिता को भी जागरूक करें।



फीता काटकर शिविर का आरंभ करते सीएमओ डॉ. एसपी सिंह, साथ में अन्य।

डायरिया होने पर बच्चों को कितना घोल दिया जाएगा, उसकी जानकारी भी दें। कहा कि बच्चों और अभिभावकों को पानी उबालकर पीने, अच्छी तरह से हाथ धोने, स्वच्छता और पोषक आहार लेने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सभी बाढ़ प्रभावित गावों में आरबीएसके, सीएचओ, एएनएम का गठन कर दो दिनों में ग्राम प्रधान के घर हेल्थ शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संचारी नोडल अधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक को शिविर की रिपोर्ट कार्यालय में उपलब्ध करने के लिए कहा।

इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल त्रिवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी सुधीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश चन्द भास्कर, मुकर्रम हुसैन, देवेश राय, डॉ. जावेद, अभिषेक वर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, डॉ. परवेज, डॉ. मोहित विश्नोई, डॉ. सीमा,रीता, राहुल यादव, हेमलता व नवाजिश अली आदि मौजूद रहे।

### कार पर तलवार लहराने का वीडियो वायरल

**आदमपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में स्टंट के मामले बढ़ रहे हैं। बाइक, ई-रिक्शा और ऑटो पर स्टंट के बाद अब कार के वोनट पर बैठकर तलवार लहराते हुए स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ है।

युवा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ रहे हैं। स्टंटबाज पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। अब गांव बहादुरपुर मिश्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक कार के वोनट पर तलवार लहरा रहा है और चार युवक कार की छत पर बैठे हैं। तीन युवक कार की दोनों खिड़कियों पर खड़े नजर आ रहे हैं। उधर, गांव ओगपुरा में दो दिन पहले भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें गांव बीजलपुर से बरात गांव ओगपुरा में गई थी। बरात चढ़त के दौरान युवक तलवार लहराते हुए डांस करते हुए नजर आ रहा था। वीडियो वायरल के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया था।

# 71 लीटर जल लेकर 225 किमी की यात्रा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुलंदशहर निवासी शिव भक्त गजेंद्र सिंह हरिद्वार से गुरुवार को कांवड़ में 71 लीटर जल लेकर नगर में पहुंचा तो व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग के प्रतिष्ठान पर विश्राम किया। इसके बाद वह गंतव्य की ओर रवाना हो गया।

शिव भक्त गजेंद्र सिंह ने बताया कि मन में विश्वास, आस्था और दृढ़ संकल्प के साथ कलश में 71 लीटर पानी भर हरिद्वार से अपनी यात्रा शुरू की। उन्होंने बताया कि शिव भक्त आस्था, विश्वास और सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए एक लीटर जल की कांवड़ लेकर आ रहे हैं। भारी कांवड़ लेकर हरिद्वार से 225 किमी पैदल यात्रा कर बुलंदशहर पहुंचेंगे। उन्होंने ने बताया कि वह गांव के प्राचीन मंदिर में 71 लीटर जल की कावड़ से भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।



मंडी धनौरा में कांवड़ लेकर जाता शिव भक्त। ● अमृत विचार

### कांवड़ लाने के लिए शिवभक्त हरिद्वार रवाना

**अमरोहा, अमृत विचार :** सावन के आते ही शिव भक्तों में कांवड़ लाने के लिए उत्साह बढ़ने लगा है। पहले सोमवार के लिए शिव भक्त कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार को रवाना हो गए। 22 जुलाई को सावन का पहला सोमवार होने पर शिव भक्त कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना होने शुरू हो गए हैं। सावन के पहले सोमवार पर जल अभिषेक करने के लिए मंदिरों को सजाने का काम भी काम शुरू कर दिया है। मंदिरों में साफ सफाई के साथ साथ हरिद्वार से जल भरकर कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों को ठहरने की व्यवस्था भी की जा रही है। शिव भक्तों में सावन के आते ही कांवड़ लाने का उत्साह बढ़ने लगा है। नगर के वासुदेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिरों में पहले सोमवार पर शिव भक्ति सुबह से ही जलाभिषेक करना शुरू कर देते हैं।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद्द किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगापानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन–कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन, न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।


संजय वर्मा
इंदौर

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन- सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता- महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय- व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

## एक नजर

### शिक्षक ने इंटर के छात्र को पीटा, परिजनों से अभद्रता

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर स्थित एक इंटर कॉलेज के शिक्षक ने 12वीं के छात्र को बेरहमी से पीट दिया। इससे छात्र को गुम चोट आ गई। गुस्साए छात्र के परिजनों ने फोन पर अधिकारियों से शिक्षक की शिकायत की। बताया जा रहा है कि छात्र स्कूल में अपने दोस्त को दवा देने के लिए गया था। इससे गुस्साए शिक्षक ने छात्र की पिटाई कर दी। छात्र के परिजनों का आरोप है कि जब वह इसकी शिकायत करने कॉलेज में गए तो शिक्षक ने उनके साथ भी अभद्रता की। कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान ने बताया कि ऐसे किसी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट के मामले में 17 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत से घर लौट रहे किसान को कुछ लोगों ने रास्ते में घेर लिया। लाठी-डंडों और सरिये से मारकर उसे घायल कर दिया। सूचना मिलने पर गांव पहुंची पुलिस को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मामले में सात नामजद समेत 17 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव अहलेदादपुर कलां की है। यहां किसान दयाराम सिंह का परिवार रहता है। उनका पुत्र नितेश कुमार बुधवार शाम खेत से काम निपटाकर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव नालू खुर्द निवासी अली वारिस, हाशिम, अनस, अरशद, वसीम, अमन व अरबाज ने अपने 10 साथियों के साथ मिलकर घेर लिया। आरोपियों ने एक साथ लाठी-डंडे और सरियों से हमला कर नितेश को घायल कर दिया। बीच बचाव में अनिस व शोभित भी गंभीर घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बिगड़ते हालात पर काबू पाया। इससे पहले ही आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अभिषेक कुमार ने मामले में नितेश की तहरीर पर सात नामजद के अलावा 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

### महिला को पीटने का आरोप, तहरीर दी

**हसनपुर/आदमपुर, अमृत विचार :** गांव सिमथला निवासी प्रेमवती पत्नी राजवीर ने तहरीर में बताया कि गांव में उसका मकान है। इस पर चढ़ने उतरने के लिए रास्ते के किनारे सीढ़िया बनाई हैं। इसे लेकर गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। थाना अध्यक्ष शोकेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आपूर्ति न मिलने पर भड़के लोग, बिजली घर में हंगामा

## कर्मचारियों से हुई नोकझोंक, आईएम इंटर कॉलेज के सामने मार्ग पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


बिजली घर में हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार


विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली न आने से परेशान सैंकड़ों लोग आधी रात विद्युत घर पहुंच गए। यहां उन्होंने हंगामा किया और बाईपास पर जाम लगा दिया। विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी की। समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। हंगामे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझाया।

बुधवार को ताजियों के जुलूस को लेकर सुरक्षा के लिए विद्युत निगम ने सुबह 10 बजे से लेकर रात तक बिजली आपूर्ति को बाधित कर दिया था। इस बीच घरों में इन्वर्टर भी जबाव दे गए। गर्मी से लोग बेहाल हो गए। नगर में पेयजल संकट गहरा गया। लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा। विद्युत निगम के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन फोन पर किसी भी अधिकारी ने लोगों को बिजली न आने के संबंध में जानकारी नहीं दी। 24 घंटे तक बिजली न आने के कारण लोगों का गुस्सा फूट गया। सैंकड़ों की संख्या में उपभोक्ता सड़क पर उतर आए। रात में ही शहर के लोग बाईपास स्थित बिजली घर में पहुंच गए। यहां लोगों ने जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों से उनकी नोकझोंक हो गई। इस दौरान उपभोक्ताओं ने सड़क पर जाम भी लगा दिया। आईएम इंटर कॉलेज के सामने जाम लगने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी में लोड बढ़ गया। बार बार ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या आ रही थी। विद्युत लाइनों के टूटे तारों को जोड़ने के बाद रात 1:30 बिजली आपूर्ति को सुचारू किया गया।

### बिजली लाइन हटवाने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव खरपड़ी में किसान कौशल शर्मा के खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन के तार लटके हुए हैं। इस लाइन को हटवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। गांव खरपड़ी से भदौरा को जाने वाली बिजली लाइन के जर्जर तारों व खंभों के बीच की दूरी ज्यादा होने के चलते किसान कौशल शर्मा के खेत में तार नीचे लटके हुए हैं। इसके चलते कभी भी हादसा होने का खतरा है। बार बार शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान किया गया है। जिसे लेकर खेत स्वामियों व ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है। मामले की शिकायत सहकारी समिति भदौरा के सभापति व पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ कृष्ण कुमार शर्मा से की गई है। कृष्ण कुमार शर्मा ने संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिलाया है। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने एसडीओ का किया घेराव

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बिजली न मिलने से गुस्साए ग्रामीणों ने गुरुवार को विद्युत निगम के खिलाफ हुंकार भरी। उन्होंने नारेबाजी कर एसडीओ का घेराव किया। बिजली व्यवस्था में सुधार करने के साथ 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी के लोग बिजली घर पहुंचे। वे विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीओ का ग्रामीणों ने घेर कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में आए दिन लो वोल्टेज आते हैं। ट्रांसफार्मर भी बार-बार खराब हो जाता है। इसके चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों से इस समस्या का समाधान करने की मांग की गई।


विद्युत निगम के एसडीओ से वार्ता करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **करनपुर माफी गांव में 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की**

लेकिन इस ओर को ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके गांव में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर है, जो लोड अधिक होने के कारण खराब हो जाता है। 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक वऐ विद्युत निगम के खिलाफ मोर्चा खोले रखेंगे। एसडीओ ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वालों में देवेश चौहान, धर्मेंद्र कुमार, मोहित चौहान, इंद्रा देवी, माया देवी, राधा, विमला देवी, मेहंदी देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, मनोज, पवन चौहान, जोगेंद्र सिंह राहुल आदि मौजूद रहे।

# महिला पर जानलेवा हमले के दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म करने का विरोध करने पर महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने ग्राम प्रधान के पुत्र को 10 साल की सजा सुनाई है। दोषी पर 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा होने के बाद दोषी को जेल भेज दिया गया।

यह मामला गजरौला थाना क्षेत्र का है। 29 मार्च 2019 को एक घटना हुई। वारदात वाले दिन यहां रहने वाले एक किसान की पत्नी शाम को खेत पर चारा लेने गई थी। उस दौरान वहां पहुंचे ग्राम प्रधान के पुत्र मदन ने महिला को पकड़ लिया था। खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के विरोध पर युवक ने पीड़िता पर दरांती से हमला कर दिया था। चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए थे। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों के पहुंचने के बाद आरोपी पीड़िता के गले में फंसी दरांती छोड़कर भाग गया था। पुलिस को मौके पर बुलाने के बाद परिजनों ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में पीड़िता के पुत्र ने आरोपी मदन के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास व जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम नाजनीन बानो की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश कुमार शर्मा ने मामले में मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट में मामले में आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मदन को दोषी करार दिया। उसे 10 साल की जेल व 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



थाने के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

# पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, थाने के बाहर प्रदर्शन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाकर परिजनों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नगर के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी गंगाशरण के पुत्र धर्मेंद्र को गांव कैसरा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल धर्मेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को मृतक युवक के परिजन व मोहल्ले के लोग थाने पहुंचे और बाहर प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। प्रदर्शन करने वालो में गौरव राय, शिलगंगे, सभासद गुरुचरण, पूर्व सभासद सतीश, अनित, अनिल आदि रहे।

# 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले किसानों को दे पेंशन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक बैठक हुई। इसमें किसानों से संबंधित कई मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव को सौपा। बताया कि एक 50 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों को प्रतिमाह पेंशन दी जाए। ताकि वे अपना भरण पोषण कर सके। खेतों में खड़ी फसलों को छुट्टा पशुओं से सुरक्षा के लिए बीएसएफ की तर्ज पर एएसएफ का गठन किया जाए। इससे ग्रामीण युवकों को रोजगार भी प्राप्त होगा। किसान आयोग का गठन किया जाए। गंगा नदी से होने वाले कटान को रोकने के लिए स्थायी


मंडी धनौरा में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

तटबंध का निर्माण कराया जाए। गजरौला क्षेत्र में फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी की रोकथाम की जाए। धान रोपाई के लिए किसानों को रात में खेतों पर जाना पड़ता है, इससे जंगली जानवरों से जान का खतरा बना रहता है। दिन में भी पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जाए। घरेलू बिजली मीटर में एक किलोवाट से बढ़ाकर दो किलोवाट कर दिया गया है। इसे एक किलोवाट किया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुमित नागर, राजेश कुमार नागर, मुकेश सैनी, वीर सिंह प्रजापति, करनैल सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, गौतम कुमार, गुड्डू सिंह, नीरज कुमार, जसवंत, उमेश, प्रीतम, सुधीर, गुरमीत, प्रेम सिंह, रामपाल सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू ने क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने किसानों की बैंक संबंधी समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गुरुवार दोपहर चौपला स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक कार्यालय पहुंचे। क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बैंक स्तर पर चलाई जा रही ऋण योजनाओं को बोर्ड पर अंकित किया जाए। केसीसी कार्ड बनाने की समय सीमा निर्धारित करने की मांग की। किसान के बैंक खाते से बीमा राशि काटने से पहले पूर्वानुमति लेने की भी वकालत की। इस दौरान देवेंद्र सिंह, विजयवीर सिंह, कामिल चौधरी, सिद्धार्थ नागर, रामवीर सिंह, हुकम सिंह, विजय सिंह, अभय चौधरी आदि मौजूद रहे।

**समस्या** किसानों ने की पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित करने की मांग, फसलों की रखवाली कर रहे लोग

# सड़कों और खेतों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में छुट्टा गोंवश से किसान व राहगीर परेशान हैं। छुट्टा पशु खेतों में फसलों का नुकसान कर रहे हैं। सड़कों पर राहगीरों का रास्ता रोक खड़े हो जाते हैं। राहगीरों का सड़क पर निकलना दुश्वार है।

क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की संख्या बढ़ रही है। इन्हें गोशालाओं में संरक्षित नहीं किया जा रहा है। पशु खेतों में नुकसान कर रहे हैं। खेतों में फसलों की रखवाली करने से किसान रात को नींद नहीं ले पा रहे हैं। दिनभर खेतों में काम रात में खेत की सुरक्षा के लिए जागना पड़ता है। छुट्टा पशुओं से अन्नदाता परेशान हैं। यह समस्या कोई दो-चार दिन की नहीं है। लोगों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या से निपटने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर गोशालाएं बनवाई हैं। इसके बावजूद भी बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों व खेतों में घूम रहे हैं। यह किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या बढ़ती जा रही है।


मार्ग पर खड़े छुट्टा गोवंश। ● अमृत विचार

- **छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में नहीं किया जा रहा संरक्षित**
- **क्षेत्र में बढ़ रही गोवंश से समस्या किसान और राहगीर परेशान**



> किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों के चारों ओर तारबंदी कर रहे हैं। लेकिन छुट्टा पशुओं के झुंड उन तारों को तोड़कर खेतों में पहुंच जाते हैं। वे फसलों को नष्ट कर रहे हैं। छुट्टा पशु किसानों के लिए सर दर्द बने हुए हैं। जल्द ही छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए।
> –सचिन विधूड़ी, अध्यापक



> सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। दोगुनी आय तो बहुत दूर, मेहनत की कमाई से लगाई गई लागत भी पशुओं की वजह से वापस नहीं लौट रही है। शिकायत के बावजूद भी समस्या जस की तस है। पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित किया जाए।
> – खलेन्दर सिंह, किसान


प्रदेश महामंत्री विपिन चौधरी का स्वागत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# राज्य मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसो. के प्रांतीय महामंत्री का स्वागत

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** यूपी राज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय चुनाव में अमरोहा के विपिन चौधरी को महामंत्री निर्वाचित होने और उनके प्रथम बार कार्यालय आगमन पर कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। सभी ने उनको जीत की बधाई भी दी।

संगठन के प्रदेश महामंत्री विपिन चौधरी ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि वह अपने सभी साथियों के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर लोकेश कुमार, विपिन शर्मा, मकसूद अहमद, रविकांत सिंह, जगदीश सिंह यादव, सोनू कुमार, सचिन कुमार, भूखन सिंह, अंकित शर्मा, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, तीन लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी रमेश व रोहित के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर गुरुवार सुबह दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें रमेश और उसके भाई टोनी समेत दूसरे पक्ष से रोहित घायल हो गए। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने ढाबों को कराया बंद

**गजरौला, अमृत विचार :** सावन माह में कावंड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने हाईवे किनारे स्थित चल रहे नानवेज खाने वाले सभी ढाबों को बंद करा दिया है। खोलने पर ढाबा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सावन माह में कावंड़ यात्रा के रास्ते में आने वाली मीट की सभी दुकानों को बंद रखा जाएगा। इसे लेकर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार शाम पुलिस ने हाईवे के किनारे संचालित नानवेज ढाबों को बंद कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि ढाबा संचालकों को नोटिस दिया गया है। यदि सावन माह में ढाबा खुला मिला तो संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### महिला प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार :** ओयो होटल में प्रशासन की छापेमारी के दौरान प्रेमी के साथ पकड़ी गई महिला अब अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई है। इसे लेकर गांव में पंचायत भी हुई। गांव शाहपुर कला में बुधवार को दो ओयो होटल पर एसडीएम, सीओ ने छापेमारी की थी। इस दौरान आठ जोड़े पकड़े गए थे। पकड़े गए जोड़ों में एक जोड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का था। महिला अपने प्रेमी के साथ छापेमारी के दौरान पकड़ी गई थी। प्रेमी प्रेमिका दोनों ही शादीशुदा हैं और दोनों के ही बच्चे हैं। गांव पहुंचकर महिला अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि घटना संज्ञान में नहीं है।

### परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि पांच अगस्त

**बुरावली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा-2025 के लिए व्यक्तिगत फार्म आमंत्रित किए गए हैं। इनके लिए राजकीय इंटर कॉलेज बांसका कलां ब्लाक गंगेश्वरी को केंद्र बनाया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज बांसका कलां में आकर संपर्क कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि पांच अगस्त है। यह जानकारी प्रधानाचार्य विकास कुमार ने दी है।



स्मार्टफोन वितरण करते भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**बुरावली, अमृत विचार :** एसएलजे डिग्री कॉलेज हाकमपुर में गुरुवार को स्मार्टफोन वितरण किया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी व प्रबंधक संजय भाटी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं को आधुनिक युग में मोबाइल का महत्व बताया। इसके सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के बच्चों को समान रूप से आगे बढ़ने का मौका दे रही है। स्मार्टफोन व टेबलेट जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं से इनका उपयोग कर शिक्षण कार्य को गति देने के साथ अपने ज्ञान को बढ़ाने में प्रयोग करने के लिए समझाया। कहा कि इसका दुरुपयोग जीवन के लिए घातक है। इस मौके पर संजीव, मदन, गौतम, अंकित, राहुल व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आरटीआई परिषद के जिला संगठन मंत्री बने सचिन



**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारी नेता सचिन गुप्ता को राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद का जिला संगठन मंत्री बनाया गया है। परिषद के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्यागी के सुझाव पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव ने नगर निवासी सचिन गुप्ता को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है। सचिन गुप्ता ने कहा कि वह संगठन की विचारधारा की मर्यादा में रहते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ हर समय खड़े मिलेंगे।


हाथों में पौधे लिए छात्राएं, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

### राजकीय महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर स्थित रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को पौधरोपण किया गया। प्राचार्या डॉ. एमए गौरी ने कहा कि पौधे हमें वायु देते हैं इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। हीट वेब और जलवायु परिवर्तन जैसी विपरीत परिस्थितियों में बचाव के लिए पौधरोपण जरूरी है। कार्यक्रम का संयोजन पर्यावरण समिति के संयोजक डॉ. संयम व संयोजिका डॉ. रीना रस्तौगी ने किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. श्वेता अग्रवाल, रेंजर्स प्रभारी डॉ. नेहा अग्रवाल ने सहयोग किया। इस दौरान स्टाफ, रोवर्स रेंजर्स इकाई एवं एनएसएस इकाई के छात्र छात्राएं शामिल रहे।


हरपाल सिंह को ज्ञापन सौंपते प्रजापति महासंघ के सदस्य।

### दक्ष महाराज के नाम पर चौक बनवाने की मांग

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के संयोजक व राष्ट्रपति पदक विजेता सेवानिवृत्त शिक्षक श्योनाथ सिंह प्रजापति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका चेयरपर्सन के पति हरपाल सिंह से मिला। एक ज्ञापन सौंपकर प्रजापति समाज के भगवान दक्ष महाराज के नाम पर चौक, संतराम बीए के नाम पर एक मार्ग व प्रजापति धर्मशाला के निर्माण की मांग की। इस दौरान उमेश चंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, नवनीत कुमार गोला, विजय कुमार प्रजापति, राजेन्द्र सिंह, शीशराम सिंह प्रजापति, पुष्पराज सिंह, विजयपाल सिंह, सुरेश, विजेन्द्र राजपाल आदि मौजूद रहे।

### पालिका अध्यक्ष ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को देखा

**हसनपुर, अमृत विचार :** पौधरोपण अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को नगर निगम, नगर पालिका, जिला पंचायत अध्यक्षों व ब्लॉक प्रमुख आदि जनप्रतिनिधियों के संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। गाजियाबाद व मुरादाबाद नगर निगम के मेयर समेत जनप्रतिनिधियों से पौधरोपण के संबंध में भूमि की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनने के लिए नगर पालिका में भी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, सभासद मुन्ना चौहान, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी व रवि शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग देखते राजपाल सैनी।

## एक नजर

### डंपर की चपेट में आने से होमगार्ड की मौत

काशीपुर, अमृत विचार : ड्यूटी कर घर वापस जा रहे होमगार्ड की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा भी किया। गुरुवार को कोतवाली में तैनात होमगार्ड 59 वर्षीय इंद्रपाल निवासी अलीगंज थाना भगतपुर अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर वापस जा रहे थे। इस बीच नेफा चौकी बॉर्डर के पास उसको सामने से आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। इसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### प्रेमिका से दुष्कर्म, दोस्त से संबंध बनाने का बनाया दबाव

हल्द्वानी, अमृत विचार : नाबालिग छात्रा को प्यार के जाल में फंसा कर युवक ने उससे शारीरिक संबंध बनाए और फिर अश्लील फोटो खींच ली। जिसके बाद वह लड़की पर उसके दोस्त के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। लड़की की तबीयत बिगड़ी तो उसने मां को सारी बता बताई। मुखानी पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल दोनों युवक फरार हैं। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 12वीं की छात्रा है। करीब डेढ़ साल पहले वह लालडांठ निवासी अमित कुमार के संपर्क में आई। अमित ने उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। फोटो को वायरल करने की धमकी देकर वह डेढ़ साल तक लड़की का शारीरिक शोषण करता रहा।

### पेट्रोल पंप से युवक अपहरण, वीडियो वायरल

रुद्रपुर, अमृत विचार : रंपुरा चौकी इलाके में पेट्रोल पंप पर तेल भरवा रहे एक युवक का बाइक सवार तीन युवकों ने अपहरण कर लिया। पीड़ित युवक की मां का आरोप था कि बेटे का अपहरण कर यातनाएं दी गई हैं। रंपुरा बस्ती की रहने वाली सीमा देवी ने बताया कि 16 जुलाई की दोपहर साढ़े तीन बजे किच्छा हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर बेटा बाइक में तेल भरवाने गया था। इस बीच अचानक बाइक पर सवार तीन युवक आए और हमला कर दिया। आरोप था कि हमलावर बेटे को बेरहमी से पीटते हुए खींचकर सुनसान स्थान पर ले गए। जहां युवकों ने बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया। मुश्किल से चंगुल से छूटकर बेटा घर पहुंचा और घटना को बयां किया।

### खलील स्कूल प्रबंधन भी बैकफुट पर, तर्क दिया कि नहीं पता था धर्म परिवर्तन भी होगा

# तौकीर रजा के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हिंदू युवाओं के सामूहिक निकाह का शगूफा छोड़ने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को गुरुवार को एक बार फिर बड़ा झटका लगा। खलील स्कूल प्रबंधन ने यह कहकर मौलाना के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी कि उन्हें नहीं बताया गया था कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई कार्यक्रम किया जाएगा।

खलील हायर सेकेंड्री स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन और प्रबंधक मुमताज अख्तर की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट को दिए पत्र के मुताबिक स्कूल में कार्यक्रम की अनुमति इसलिए दी गई थी, क्योंकि सामूहिक निकाह एक पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन गरीब कन्याओं के लिए हर वर्ग की सामाजिक संस्थाएं करती रहती हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जो प्रार्थना पत्र दिया गया था, उसमें धर्म परिवर्तन की बात नहीं की गई थी। सामूहिक निकाह की अनुमति केवल अच्छे सामाजिक कार्य के आधार पर दी गई थी। कार्यक्रमों की अनुमति विद्यालय कभी नहीं देता है। फिलहाल, स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम की अनुमति को निरस्त कर दिया है।

#### निलंबित आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी को मिल रही जान से मारने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) से निलंबित चल रहे प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी को अलग-अलग नंबरों से फोन कर जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने गुरुवार को इसकी शिकायत प्रेमनगर थाने में की। वह इससे पहले एसएसपी से भी शिकायत कर चुके हैं। नदीम कुरैशी ने बताया कि उन्होंने जो फोन नंबर सामूहिक निकाह कराने की अनुमति के लिए प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा था। उसी फोन नंबर पर 14 जुलाई से धमकियां मिल रही हैं। आरोप है कि फोन करने वाले लोग खुद को हिंदूवादी संगठन का बता रहे हैं। नदीम कुरैशी ने प्रेमनगर थाने में ऐसे 10 फोन नंबरों की जानकारी दी है, जिनसे उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

> कार्यक्रम विवादित होगा, इसके बारे में पता नहीं था। पूरा मामला मीडिया के जरिए पता चला तो कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी। इस तरह के आयोजनों की अनुमति स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दी जाती।
>
> - मुमताज अख्तर, प्रबंधक, खलील स्कूल

#### पलटे तौकीर, खुद ही कार्यक्रम किया स्थगित

बरेली, अमृत विचार : हर तरफ से हो विरोध के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कार्यक्रम से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। वह खुद तो सामने नहीं आए, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुफ्ती अहसानुल चतुर्वेदी के नाम से एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया कि उन्होंने प्रशासन से मुस्लिम युवाओं के पूर्व में हुए धर्म परिवर्तन के मामलों की जांच का आश्वासन मिलने के बाद 21 जुलाई को पूर्व घोषित आईएमसी के सामूहिक निकाह का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। मौलाना ने इस पत्र की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम के वीडियो मेसेज में इस बात को स्पष्ट करने के बाद कि पूर्व में पंजीकृत धर्म परिवर्तन या प्रकाश में आए प्रकरण को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ भी कानून कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में ढेर बदमाश पर संभल और मुरादाबाद के थानों में दर्ज हैं कई केस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/

अमृत विचार : संभल के एक लाख के इनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू को बरेली की एसटीएफ ने बुधवार रात बरखेड़ा जयपाल में तिलहर रोड पर नहर पुलिया के पास मुठभेड़ में मार गिराया। उसका साथी भाग गया। उसके पास से पुलिस ने दो अवैध असलहा, 11 जिंदा कारतूस और पांच खोखा कारतूस व एक बाइक बरामद की है। शाहनूर के खिलाफ संभल और मुरादाबाद के विभिन्न थानों ने लूट, डकैती, हत्या जैसे गंभीर धाराओं में 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बरेली की एसटीएफ के सीओ अब्दुल कादिर को सूचना मिल रही थी कि संभल के थाना हयातपुर के मोहल्ला भूड़ा सरायतरीन हयातनगर निवासी शाहनूर शाहजहांपुर में तिलहर, कटरा, मदनापुर, जलालाबाद तक अपने साथी के साथ सक्रिय है।


शाहनूर।

बुधवार रात सूचना मिली कि शाहनूर तिलहर से चलकर बरखेड़ा जयपाल होते हुए मदनापुर में किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है। सूचना पर एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली के सीओ और उनकी टीम ने बरखेड़ा जयपाल से तिलहर रोड पर नहर पुलिया पर घेराबंदी कर ली। इंतजार करने के बाद शाहनूर एक अन्य साथी के साथ बाइक से आता दिखाई दिया, रुकने के लिए कहा तो बाइक के पीछे बैठा व्यक्ति उतरकर भाग गया। इस पर शाहनूर नहर की पटरी पर बाइक दौड़ाने लगा। टीम ने पीछा किया लेकिन वह रुका नही इसके बाद शाहनूर ने टीम पर फायर करना शुरू कर दिया। टीम ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की। जिसमें शाहनूर को गोली लग गई।

#### झोपड़ी में मिला किसान का शव

बदायूं, अमृत विचार : गांव सपरेड़ा निवासी श्यामवीर खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। गुरुवार शाम श्यामवीर का शव झोपड़ी में पड़ा मिला।

# मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका

### बरेली कॉलेज में बीएससी जीव विज्ञान और बीए के छात्र सकेंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया गया है। छात्र अब शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। वहीं प्रथम मेरिट में शामिल छात्र जो प्रवेश लेने से छूट गए हैं, उन्हें भी कॉलेज प्रवेश का मौका दे सकता है।

बीए, बीएससी और बीकॉम की 4928 सीटों पर अब तक 1628 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। अभी 67 प्रतिशत सीटें खाली हैं। बीए में अब तक 702, बीकॉम में 378, बीएससी जीव विज्ञान में 281 और बीएससी गणित में 267 सीटों पर प्रवेश हुए हैं।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया है। छात्र शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। उन्हें एक और मौका देने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रवेश के लिए किसी भी दलाल के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।

#### सीयूईटी के परिणाम की वजह से कम हुए प्रवेश

मेरिट में आने के बाद भी कई छात्रों ने अभी प्रवेश नहीं लिया है, इसका कारण सीयूईटी का परिणाम न आना भी है। कई छात्रों ने दूसरे संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। ऐसे में वह परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

#### बीकॉम ऑनर्स की तीसरी मेरिट जारी

बरेली कॉलेज ने बीकॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष की तीसरी मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्रों को 19 और 20 जुलाई को विभाग में सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश लेना होगा। मेरिट की कटऑफ ओपन-73 .24-62 .17, सामान्य महिला-61.55-59 .36, ओबीसी-61 .69-47 .03, एससी-सभी, एसटी-सभी रही है। वहीं पहली और दूसरी मेरिट में छूटे हुए छात्रों को 19 जुलाई को सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश का एक और मौका दिया गया है।

# कंपार्टमेंट परीक्षा 20 को 6456 छात्र होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली और मुरादाबाद मंडल के 9 जिलों में 20 जुलाई को होगी परीक्षा

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडियट की कंपार्टमेंट और इंम्प्रूवमेंट की परीक्षा 20 जुलाई को होगी। परीक्षा में बरेली और मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के 6456 छात्र शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 3789 और इंटरमीडिएट के 2667 छात्र हैं। परिषद के क्षेत्रीय सचिव ने इस संबंध में सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को परीक्षा से संबंधित शिकायत और छात्रों को जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंट्रोलरूम की शुरूआत कर दी गई। क्षेत्रीय सचिव डा. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। इसके लिए कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक सहित छह कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्वक हो, इसके लिए विशेष रूप से जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों के स्तर पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाना है।

#### जीआईसी में होगी परीक्षा

जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल के 625 और इंटर के 357 छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्था और कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## संभल-अमरोहा

# श्रीकृष्ण जन्म और नंदोत्सव का वर्णन सुनकर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, बबराला/रजपुरा

अमृत विचार : संभल जिले में गवां के पास स्थित श्री हरि बाबा बांध धाम पर गुरु पूजा महोत्सव में चौथे दिन श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का मनोहारी वर्णन किया गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' भजन पर भक्त थिरकने लगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर पुण्य लाभ उठाया।

श्री हरि बाबा बांध धाम पर गुरुवार को कोलकाता के सुप्रसिद्ध कथा व्यास शिवम विष्णु पाठक ने वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा और नंदोत्सव का वर्णन किया। यजमान राम हरि शर्मा ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। कथा वाचक ने कहा कि अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। धरती पर जब-जब धर्म की हानि होती है तब-तब भगवान अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण प्राकट्य का प्रसंग शुरू हुआ तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के उद्घोष से गूंज उठा। लीलावतार भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दीं और खिलौने व मिठाईयां बांटी गई। वामन अवतार की कथा में व्यास ने कहा कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगे। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा, तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। इस तरह राजा बलि ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया।


हरिबाबा धाम पर कथा वाचक का सम्मान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

#### लंबी कतारों में खड़े रहकर दर्शन कर रहे श्रद्धालु

बबराला/रजपुरा, अमृत विचार : गुरु पूजा महोत्सव में हरि बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। गुरु पूर्णिमा पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए श्री हरि धाम बांध ट्रस्ट समिति ने व्यापक बंदोबस्त किए हैं। गुरू पूर्णिमा 21 जुलाई को है। हरि महाराज के अनुयायी बड़ी संख्या में हरि बाबा के दर्शन और गुरु पूजन के लिए पहुंचेंगे।

#### गुरु पूर्णिमा पर कई राज्यों के श्रद्धालु पहुंचेंगे

रजपुरा, अमृत विचार : श्री हरि धाम बांध ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष बुधरंजन सिंह उर्फ मीलू सिंह ने बताया कि 21 जुलाई को गुरू पूजा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। आसपास क्षेत्र सहित देश के दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि के अलावा उत्तर प्रदेश के तमाम शहरों से भक्त आते हैं। विदेशों में भी महाराज के आस्थावान अनुयायी हैं।

### पुलिस ने डग्गामार बस को किया सीज

गजरौला, अमृत विचार: गुरुवार को चौपला पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर मुरादाबाद से दिल्ली के लिए चलने वाली एक डग्गामार बस को सीज कर दिया। 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाने की कार्रवाई की। चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया आगे भी अभियान के तहत डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रहेगी।

### दो भाइयों से 23.20 लाख की धोखाधड़ी

काशीपुर, अमृत विचार : विदेश में नौकरी लगवाने का लालच देकर दो भाइयों से एक आरोपी ने ट्रैवल एजेंट बनकर 23.20 लाख की धोखाधड़ी कर ली। रुपये वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# डीएम ने गंगाघाट पर देखी व्यवस्थाएं

संवाददाता, बबराला

- कांवड़ियों की सुविधा व सुरक्षा को लेकर जल्द ही व्यवस्थाएं पूरी करने के दिए निर्देश

अमृत विचार : कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने राजघाट गंगाघाट पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस को कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के अनुरूप सभी इंतजाम जल्द ही पूरे करने के निर्देश दिए। डीएम ने गंगा आरती में भी भाग लिया।

गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने राजघाट गंगाघाट पर कांवड़ यात्रा के मद्देनजर समय रहते सभी इंतजाम पूरे करने का निर्देश दिए। डीएम और एसएसपी ने व्यवस्थाओं से जुड़े अधीनस्थों से कहा कि पिछली बार की तुलना में इस बार और बेहतर इंतजाम किए जाएं। प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश की उचित व्यवस्था, गंगा में गहराई वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ संकेतक, नावों पर गोताखोर, वॉच टॉवर तैयार करने के निर्देश दिए। डीएम ने घाट की मौजूदा व्यवस्थाओं की हकीकत पर गौर करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है। घाट पर दो दिन पहले तक सभी इंतजाम पूरे हो जाने चाहिए। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए काम शुरू करा दिया गया है। नगर पंचायत से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं को भी समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि सावन में इस बार पांच सोमवार हैं। पहला सोमवार 22 जुलाई तो एक दिन पहले रविवार को पूर्णिमा का गंगा स्नान होगा। पूर्णिमा वाले दिन भी कांवड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है, जो पहले सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। इसलिए भी इंतजाम शनिवार शाम तक पूरे हो जाने चाहिए। इस दौरान नवागत एसडीएम दीपक चौधरी, मां गंगा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, व्यापारी नेता अनिल गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, अरविंद कुमार, प्रशांत वार्ष्णेय आदि रहे।


गंगाघाट पर व्यवस्था का जायजा लेते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

### कब्रिस्तान में कब्र से बाहर मिला बुजुर्ग का शव, गांव में तनाव

कैसरा, अमृत विचार : शरारती तत्वों ने कब्रिस्तान में बुजुर्ग की कब्र को खोद दिया। बुजुर्ग का कंकाल कब्र के बाहर पड़ा मिला। इसको लेकर गांव में तनाव फैल गया। पुलिस की मौजूदगी में कंकाल को कब्र में दबा दिया गया है।

घटना थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव कैसरा की है। यहां चार माह पहले बुजुर्ग साबिर की मौत हो गई थी। परिजनों ने कब्रिस्तान में दफन कर दिया था। मृतक का बेटा इदरीश कब्र पर अगरबत्ती जलाता हैं। गुरुवार शाम जब वह अपने पिता की कब्र पर पहुंचा तो कब्र खोदी हुई थी और कंकाल कब्र के बाहर पड़ा था।

पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने बताया कि केसरा में कब्र खोदे जाने की सूचना मिली थी। संभवत किसी जानवर ने कब्र खोदी है। पुलिस ने मौके पर जाकर निस्तारण करा दिया है। लोगों को शांत कर दिया है।

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पिता का नाम मेरी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मार्कशीट में BAKHTAWAR SINGH अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड व ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम BAKHTAVAR SINGH अंकित है जो सही है। भविष्य में मेरे पिता को BAKHTAWAR SINGH के स्थान पर BAKHTAVAR SINGH के नाम से जाना व पहचाना जायें। बख्तावर सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी नैनीताल मार्ग, फौजी टायर रिट्रेडर्स, सिवल लाइन्स, रामपुर सिटी, रामपुर उ.प्र.- 244901

**नाम-परिवर्तन**

मेरा नाम मोहम्मद अरीब रिजवी पुत्र जॉन रिजवी निवासी मोहल्ला दानिशमंदन, अमरोहा है। पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद अरीब (MOHAMMAD ARIB) है। जबकि सही नाम मोहम्मद अरीब रिज़वी MOHAMMAD AREEB RIZVI ही है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरी पत्नी पूनम देवी, मेरा पुत्र शौर्य चौधरी एवं मेरी पुत्री मिस्टी चौधरी गलत संगत में पड़ गये हैं। सभी तीनों मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते रहते हैं। मैं अपनी पत्नी, बेटा और बेटी को अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। इन सभी के द्वारा किये गये कुकृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें। देवेन्द्र सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी- ग्राम अलीपुरा खालसा उर्फ तेलीपुरा तह० व थाना-कांठ, जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत कचनाल वि0ख0 भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)**

पत्रांकः- मीमो ग्राम निधि/ग्रा०पं०/निविदा/2023-24 दिनांकः- 18/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कचनाल विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारिक कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त / 15 वां वित्त योजनान्तर्गत मे निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता दिनांक 02.08.2024 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाये अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय मे अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र / व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हेसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ / एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामाग्री का विवरण | कार्य की ल.मी. में | सामाग्री की अनुमानित लागत (रू० लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी०एस०सी० सेन्टर का निर्माण कार्य | ईट, सीमेंट, रोड़ा बजरफुट आदि | 01 | 404635 | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | नाजिर के घर से जरीफ के घर तक नाली/टाइल्स निर्माण | ईट, सीमेंट, रोड़ा, टाइल्स | 39 मी | 189189 | 500 | 2% | 9 माह |

प्रतिबन्ध/शर्तेः-
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी०एस०टी० नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदायें किसी भी दशा मान्य नहीं होगा।

सचिव ग्राम पंचायत कचनाल
वि०ख० भगतपुर टाण्डा जिला मुरादाबाद

## समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश, कहा- अधिकारी पारदर्शिता के साथ कराएं विवाह

# सौ से ज्यादा जोड़े होने पर जिलाधिकारी कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।



राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के औचक सत्यापन जिलाधिकारी की ओर से राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों से कराया जाएगा। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है। इसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी की ओर से आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस-पास के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की भी पुष्टि की जाएगी, ताकि किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ न उठा सकें।

### 1,06,911 जोड़ों के होंगे विवाह, एसओपी जारी

चालू वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने एसओपी तैयार की है। एसओपी के तहत आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग पंजीकरण कराया जाएगा। पुष्टि की प्रक्रिया के दौरान मंडल के उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। दोनों अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट देंगे।

## आगरा में लगे फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे, सात गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगे। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजे के पास बस्ती में कुछ लोगों ने मोहर्रम का जुलूस निकाला था। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि वीडियो में जो भी युवक हैं, उनके खिलाफ जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग-पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाएं अक्टूबर में

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यों को प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

### प्रशासन-संतों की बैठक में पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने को लेकर साधु-संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और प्रशासन के बीच गुरुवार को मंडलायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में सभी संतों ने गंगा की निर्मलता और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर दिया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी ने बैठक के बाद बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के साथ गंगा की निर्मलता के लिए अधिकारियों के सामने बात रखी गई है। इसका पूरी गंभीरता के साथ पालन करने की जरूरत है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है।

### हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, पांच की मौत, एक घायल

**गंजमुरादाबाद (उन्नाव), अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार देर शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। गंभीर घायल छठे व्यक्ति को जिला अस्पताल से कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास गुरुवार शाम हरियाणा के रोहतक से अयोध्या जा रही स्कार्पियो चालक को अचानक झपकी लगने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। हादसे में स्कार्पियो के परखचे उड़ गए और स्कार्पियो में सवार सभी व्यक्ति उसी में फंस गए।

### रिश्वत लेने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक के साथ मिलकर रिश्वत लेने के मामले में बिना किसी ठोस सबूत के पांच महीने से कारावास की सजा झेल रहे नामजद आरोपी को सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं के तहत आरोपी ऋषिपाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि आईपीसी के तहत एक मामले में पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने 50 हजार की मांग की, लेकिन मामला 40 हजार पर तय हुआ और 29 जनवरी 2024 को 20 हजार की रिश्वत राशि उक्त उपनिरीक्षक को सौंपी गई, जिसके बाद वर्तमान याची को धनराशि सौंप दी गई।

### गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। यहां लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है।

# पिस्तौल खोलते समय चली गोली सिर में लगी, कांस्टेबल की मौत

## सूचना मिलते ही पहुंचे एसएसपी, घटनाक्रम की भी ली पूरी जानकारी

संवाददाता, अलीगढ़



कांस्टेबल याकूब।

- पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश देने पहुंची थी एसओजी की टीम

**अमृत विचार :** पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश के दौरान एसओजी के एक कांस्टेबल की उस समय मौत हो गई, जब जाम पड़ी पिस्तौल को खोलते समय उससे अचानक चली गोली उसके सिर में जा लगी। घटना में एक उप-निरीक्षक के घायल होने की भी खबर है।

पुलिस के मुताबिक, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और दो थानों की पुलिस की संयुक्त टीम पशु तस्करों को पकड़ने के लिए बुलंदशहर जिले की सीमा से लगे एक गांव में दबिश डाल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने बताया, "दबिश के दौरान निरीक्षक अजहर हुसैन की पिस्तौल जाम हो गई थी और वह उसे खोल नहीं पा रहे थे। हुसैन की मदद करने के लिए उप-निरीक्षक राजीव कुमार ने पिस्तौल पकड़ी, तभी अचानक उससे गोली चल गई। गोली कुमार को छूती हुई कांस्टेबल याकूब के सिरे में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।" सुमन के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन याकूब ने वहां पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल कुमार की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है। सुमन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर का कहना है कि घायल दरोगा राजीव और अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। गोली पिस्टल को अनलॉक करते हुए अचानक चल गई जिससे सिपाही की मौत हो गई।

### कांस्टेबल के पिता ने उठाए सवाल

याकूब के पिता ने घटनाक्रम पर सवाल खड़े किए है। पिता बली मोहम्मद ने बताया कि उसे पुलिस की कहानी में झोल लग रहा है। फिलहाल पूरे राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया है। पोस्टमार्टम भी उसकी मौजूदगी में हुआ। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। दरोगा ने इस मामले में लापरवाही की है। वह खराब पिस्टल को क्यों लेकर गया, वहीं दूसरे दरोगा को उसने अपने नाम पर अलॉट पिस्टल को ठीक करने को क्यों दी। दरोगा पिस्टल अनलॉक कर रहा तो बेटे के सिर में कैसे लगी। दरोगा के पेट को छूकर निकली गोली सिर में कैसे लग गई। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

## विधायक बेदी राम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद

**लखनऊ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए विधायक बेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने रद कर दिया है। कोर्ट ने आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है।

ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर 19 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में हाजिर न होने पर गत 11 जुलाई को विधायक बेदी राम, विपुल दुबे समेत कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुरुवार को आरोपी बेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व राम कृपाल ने कोर्ट में हाज़िर होकर वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हज़ार का निजी मुचलका दाखिल करने पर इस शर्त के साथ वारंट निरस्त करने का आदेश दिया गया है कि वह नियत तिथि पर आरोप तय किए जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

# नहीं जुड़ा आधार, रुक गई 3 लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इन्हें निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी। नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई, जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरूक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें।

### पुराने पेंशनरों को खुद करना होगा आधार लिंक

**लखनऊ, अमृत विचार :** पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करवाना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है।

## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 |
| 3 | | | 4 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | ■ | 2 मु | ■ | 3 क |
| ■ | ■ | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | ■ | फ़ि | ■ | र |
| प | ■ | ■ | ज़ | ■ | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | ■ | ■ |
| ना | ■ | रा | ■ | 8 ध | 9 म |
| ■ | 10 पि | या | र | ■ | य |

# रेल हादसे: मेंटेनेंस बड़ी चुनौती

जमीर सिद्दीकी

बीते साल 2 जून को ओडिशा के बालासोर में हुए तीन ट्रेनों के हादसे को कौन भूल सकता है। इस हादसे में करीब 300 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 1200 घायल हो गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी रेलवे ने अपनी मानवीय चूक और ट्रैक मेंटेनेंस, कोच मेंटेनेंस की ओर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लिहाजा, एक बार फिर चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के रूप में एक और ट्रेन हादसा सामने आया है, जो बहुत ही दुखद है।

गुरुवार को गोंडा जिले में एक्सीडेंट हुआ है। इस ट्रेन के पायलट का भी कहना है कि एक तेज धमाके के बाद ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। निश्चित तौर पर इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो ट्रैक में कोई कमी थी या फिर इंजन या किसी कोच का मेंटेनेंस सही नहीं था, जिससे इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। अगर आप बीते एक दशक के आंकड़े देखें तो पता चलेगा कि लगभग 449 ट्रेन हादसे हुए हैं।

**त्वरित टिप्पणी**

- ट्रेनों को समय पर चलाने के चक्कर में नहीं हो पा रहा ट्रैक मेंटेनेंस



कुछ बिंदुओं से जानते हैं कि इस तरह के हादसे की वजहें क्या हैं... **नंबर एक-** ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रैक का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले रेल के संबंधित कर्मचारी अधिकारी कभी चीफ कंट्रोलर से पांच दस मिनट के लिए ट्रेन संचालन रोकने के लिए कहते हैं तो चीफ कंट्रोलर यह कहकर मना कर देता है कि ट्रेन लेट हो जाएगी और आला अधिकारी को जबाब कौन देगा। ऐसे में ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले अधिकारी जहां ट्रैक का काम करना होता है, उसके दोनों साइड के रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से बात करते हैं और यह जानने की कोशिश करते हैं कि किधर से कौन सी ट्रेन कितनी देर में आएगी और फिर जल्दी-जल्दी जैसे तैसे जितना हो सकता है, ट्रैक का मेंटेनेंस कर दिया जाता है। यही जल्दबाजी हादसे का कारण बनती है। **नंबर दो-** वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी, राजधानी जैसी कई ऐसी ट्रेन हैं, जिन्हें समय पर चलाने की चुनौती बड़ी है। रेलवे बोर्ड तक यह चाहता है कि ये वीआई ट्रेन 1 मिनट भी लेट ना हों और इस प्रकार के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे में ट्रैक का मेंटेनेंस कैसे हो सकता है।

**नंबर तीन-** हर मंत्री और जनप्रतिनिधि यह चाहता है कि उनके क्षेत्र से कोई ना कोई ट्रेन चले। ऐसे में दिन-प्रतिदिन ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है और मेंटेनेंस की समस्या बढ़ती जा रही है। और **नंबर चार-** रेल वर्कशॉप में कोचों और इंजन के मेंटेनेंस को लेकर अधिकारियों का इतना ज्यादा दबाव रहता है कि जल्दी-जल्दी कोच और इंजन को ठीक करके रूट पर भेज दिया जाता है। ऐसे में मेंटेनेंस में कोई ना कोई चूक रही जाती है।

## रामलला के नित्य दर्शन को मिलेगा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर राम मंदिर में रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे।





### सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्तिपथ के बाद अब भ्रमण पथ भी श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसका एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। भ्रमण पथ काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02 .55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** - आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष** - आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन** - आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क** - आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**सिंह** - आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या** - आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला** - आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक** - आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु** - आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर** - आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ** - आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन** - आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता - दोपहर : 12 .30
परिवार - रात : 07 .00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार - सुबह : 10 .47
फराज - रात : 08 .00

**SONY PIX**
घोस्त राइडर - सुबह : 11 .12
अनचार्टेड - रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
मिली - सुबह : 09 .35
ऑपरेशन जावा - रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
कसक - सुबह : 09 .36
कभी अलविदा ना कहना - शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म





कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024


## एक नजर

### वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग 2029 होगा 420 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अजय चौधरी ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2024 में 110 अरब डॉलर का होने का अनुमान है। 2029 तक 420 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

### सोने में तेजी, 700 रुपये और मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी पिछले सत्र के 94,400 रुपये प्रति किलो से 400 रुपये घटकर 94,000 रुपये प्रति किलो रह गई।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1130 डीएमओ- 850
**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,300 |
| चांदी आभूषण | 92,000 |

# खाद्य सामग्री महंगी होने पर अर्थशास्त्रियों ने जताई चिंता

## अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित लेख में महंगी सब्जियों को बताया कारण

**मुंबई, (एजेंसी)**



- लेख में कहा गया कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले
- जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची जबकि मई में यह 4.8 प्रतिशत थी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को जुलाई माह का बुलेटिन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले। बावजूद इसके खाने के सामानों की महंगाई चिंता का विषय है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि कृषि का माहौल, गांवों में खर्च में सुधार ने मांग में तेजी लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीनों तक नरम रहने के बाद जून 2024 में बढ़ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बड़े पैमाने पर तेजी आना है। यहां यह जानना जरूरी है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है जबकि इसके एक महीने पहले मई में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। इस लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह तर्क दिया जाता रहा है कि खाने के सामान के दामों में तेजी अस्थायी है, लेकिन एक साल के अनुभव से यह बात सही साबित नहीं हो पा रही है। यह मूल्य के स्तर पर लगने वाले झटके में कोई छोटी अवधि नहीं बल्कि यह लंबी अवधि है।

लेख में कहा गया है कि यह साफ है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने हेडलाइन (कुल) मुद्रास्फीति को गति दी है और परिवारों की महंगाई की उम्मीदों पर इसका प्रतिकूल असर दिखा है। इससे मौद्रिक नीति और आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से मुख्य (कोर) और ईंधन मुद्रास्फीति में जो कमी आई, उसका ज्यादा लाभ नहीं हुआ।

## एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

**नई दिल्ली।** बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

# एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।

# दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

- बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

# भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36% थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### प. बंगाल में किशोरी से दुष्कर्म, चार नाबालिगों सहित सात गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल),** प. बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। सात आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है। किशोरी एक आरोपी के अनुरोध पर दुआर्स क्षेत्र स्थित चाय बागान में सुनसान जगह गई थी। वह किशोरी का मित्र बताया जा रहा है। रविवार दोपहर बाद जब वह उस जगह पहुंची तो सात लोगों ने उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई।

### ट्रांसपोर्टर कार्यालय से 3.5 करोड़ लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि लूटपाट के सिलसिले में बृहस्पतिवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही (आरोपियों की) पहचान और लूटपाट के उनके तरीके का खुलासा करेंगे।

# कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

## 1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**बैंक धोखाधड़ी मामला**



- हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों की ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

### सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

# मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए
- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

**रांची, एजेंसी**



- झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।

## सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है।

जांच में पाया गया कि तीनों ने सूरत जिले के पलसाना तालुका के करेली गांव में 20,000 रुपये मासिक पर औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

# तलोजा जेल से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- 17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए, इमारत की मरम्मत के चलते की गई व्यवस्था

तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। उच्च सुरक्षा वाले कैदियों को आमतौर पर सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अंडा सेल या अलग इमारत में रखा जाता है। तलोजा जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोक निर्माण विभाग के संरचनात्मक ऑडिट से पता चला है कि उच्च सुरक्षा वाली इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

# यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

- शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

## कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

- राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

# 7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

**पुरी, एजेंसी**



- मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।

### 7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

# न्यायमूर्ति कोटिश्वर और महादेवन सुप्रीम कोर्ट में बने न्यायाधीश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।



# इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

• वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन

नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड



को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

# परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का



• करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

## खेल डायरी

### विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

**नई दिल्ली।** शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

### विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

**चेन्नई।** एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

### शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

# स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

## अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।





# तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष







पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

# हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर



**चेन्नई।** भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

# उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

# सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी

श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या



और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

## बॉलीवुड हलचल



# रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

# आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप

पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

# पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।





महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

### चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में धुएं का गुबार दिख रहा है। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान गुरुवार को पूरा हो गया। इमारत में फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

### फ्रांस में आग दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के नीस शहर में बुधवार रात लगी आग में सात लोगों की मौत हो गयी, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मेनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, अग्निशमन विभाग की तत्काल कार्रवाई से कई और लोगों को हताहत होने से बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों की जांच जारी है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल गाड़ियां और 72 दमकलकर्मी शामिल थे।

### यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

**कीव।** यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

# बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी



● लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

### भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

### भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

# भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा



भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

### भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

# हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

## बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।



बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

### बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

**ढाका।** भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

### सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

## नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

# विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला



मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

## उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

# छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी



● वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

## इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

# नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

● गंभीर रूप से घायल चार जवानों के रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

### जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## चीन ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। किन (58) सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे।

# चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन, एजेंसी



● लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण लिया निर्णय

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

नासा ने बताया कि रोवर का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन करना था। इसके विकास पर अभी तक करीब 45 करोड़ डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। अपोलो 11 मिशन की 55वीं वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यह घोषणा की गयी है। अपोलो 11 नील आर्मस्ट्रांग और बज आल्ड्रिन को लेकर 20 जुलाई 1969 को चंद्रमा पर पहुंचा था। नासा ने बताया कि उसकी योजना अन्य परियोजनाओं के जरिए चंद्रमा पर बर्फ की मौजूदगी का अध्ययन करना है। एस्ट्रोबोटिक की अब भी अगले साल के अंत तक अपने ग्रिफिन चंद्रमा लैंडर को प्रक्षेपित करने की योजना है।

**खगोल विज्ञान** | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

# चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।



चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

### मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

**नैनीताल :** वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

# पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

● सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।